सम्यक् करेंट अफेयर्स

▶ राजस्थान ▶ अंतराष्ट्रीय ▶ राष्ट्रीय

RAS PRE 2026 विशेषांक

JAN.- NOV. 2026







BRICS Brasil 2025

राजस्थानी भाषा















RAS एवं अन्य सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी

Samyak

An Institute For Civil Services

03 दिवसीय नि:शुल्क कक्षा के साथ

ऑफलाइन व LIVE FROM CLASSROOM

बैच प्रारम्भ

IAS
FOUNDATION
@3PM to 7PM

RAS
FOUNDATION
@8AM to 12PM

COMBO COURSE
PSI
PAPER I & II
E.O/R.O
@3PM to 7PM

क्लास 12th के बाद
IAS & RAS
ग्रेजुएशन के साथ 2 & 3 वर्षीय कोर्स
@3PM to 7PM

ONLINE COURSE FEATURES
- Live From Classroom
- Printed Booklets
- Personal Mentorship
- Test Series

SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW



बैच की विशेषताएँ

- विषय विशेषज्ञों द्वारा क्लासेज
- टेस्ट सीरीज
- लाइब्रेरी सुविधा*
- प्रिंटेड बुकलेट्स
- पर्सनल मेंटरशिप

SEPARATE BATCHES FOR **HINDI & ENGLISH MEDIUM**

H.O: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111

करेंट अफेयर्स

जनवरी – नवंबर : 2026

विषय-सूची

- **राजस्थान परिदृश्य (राजस्थान के विशेष संदर्भ में)** 1
  - महत्वपूर्ण व्यक्तित्व, स्थान और प्रासंगिक समकालीन मुद्दे 2
  - कल्याण और विकास से संबंधित नई योजनाएँ, कार्यक्रम और पहल 12
  - प्रमुख आर्थिक और राजनीतिक घटनाक्रम 15
  - खेल और क्रीड़ा से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाएँ एवं उपलब्धियाँ 28
  - प्रमुख पुरस्कार, प्रकाशन और प्रतिष्ठित लेखक 29
- **अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय परिदृश्य** **33**
  - अंतराष्ट्रीय 34
  - राष्ट्रीय 41
- **आर्थिक** 56
- **सम्मेलन/बैठक /मेला/महोत्सव/प्रदर्शनी** 64
- **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी** 73
- **खेल परिदृश्य** 85
- **पुरस्कार एवं सम्मान** 101
- **निर्वाचन और नियुक्ति** **112**
- **अभियान/ओपरेशन /युद्धअभ्यास** **116**
- **विविध** 121
- **दिवस** 123

राजस्थान परिदृश्य

महत्वपूर्ण व्यक्तित्व, स्थान और प्रासंगिक समकालीन मुद्दे

पानाचंद जैन-

- राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश पानाचंद जैन का निधन 27 जनवरी 2026 को हुआ।
- उन्होंने 'भारतीय जनतंत्र: संवैधानिक परिप्रेक्ष्य' पुस्तक लिखी है।

गफरुद्दीन मेवाती जोगी, तगाराम भील और स्वामी ब्रह्मदेव-

- वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों में राजस्थान से 3 व्यक्तियों को पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

नाम	स्थान	क्षेत्र	योगदान
गफरुद्दीन मेवाती जोगी	डीग	कला	भपंग वादन और पांडुन लोकगायन के माध्यम से विलुप्तप्राय लोककला को छह दशकों तक जीवित रखा और उसे वैश्विक पहचान दिलाई।
तगाराम भील	जैसलमेर	कला	अलगोजा वादन के माध्यम से लोकसंगीत को देश-विदेश तक पहुँचाया; मटका और बांसुरी वादन में भी विशेष दक्षता।
स्वामी ब्रह्मदेव	श्रीगंगानगर	समाजसेवा	सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान; श्री जगदंबा अंध विद्यालय एवं धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के संस्थापक, 1990 के दशक से गरीब व दृष्टिहीन लोगों के कल्याण हेतु कार्यरत।

वाणी जैन-

- महिला एवं बाल विकास को समर्पित संस्था डब्लूपीएसएफ ने शतरंज खिलाड़ी वाणी जैन को राष्ट्रीय खेलकूद विभाग का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।
- वाणी जैन प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी हैं और बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए विभिन्न स्थानों पर कैंप आयोजित करती हैं।

डॉ. ज्योतिकिरण-

- भारत सरकार की ओर से ब्राजील में नियुक्त भारतीय संस्कृति संबंधी निदेशक डॉ. ज्योतिकिरण का कार्यकाल पूरा होने के के बाद वह पद से मुक्त हो गयी है।
- डॉ. ज्योतिकिरण राजस्थान में राज्य वित्त आयोग की चैयरपर्सन रह चुकी हैं।

अवधेश आकोदिया-

- यह दैनिक भास्कर समाचार पत्र के पत्रकार है।
- इन्हें राजस्थान में विधायक विधि खर्च में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने वाली खोजी रिपोर्ट के लिए प्रतिष्ठित 'दानिश सिद्दीकी जर्नलिज्म अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया है।

संतोष आनंद और डा. दीपक कुमार शर्मा

- हाल ही में राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान लोक सेवा आयोग में प्रो. (डा.) संतोष आनंद और डा. दीपक कुमार शर्मा को सदस्य पद पर नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। इनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने से छह वर्ष तक के लिए अथवा 62 वर्ष आयु तक के लिए (जो भी पहले हो) होगी।

गवरी देवी

- राजस्थान की प्रसिद्ध मांड गायिका गवरी देवी का 11 जून, 2026 को 98 वर्ष की उम्र में पाली में निधन हो गया।
- गवरी देवी भैरवी युक्त मांड गायिकी के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध थीं।

गवरी देवी के चर्चित गीत-	गवरी देवी के चर्चित भजन-
केसरिया बालम पधारो बागा चालो केसरिया ढोला मारे देश में निपजे तीन रत्न अब घरे आओ गोरी साहिबा आई आई सावणिया री तीज मोर बोले रे मलजी	मैं तो लियो सांवरिया मस्ताना रे मस्ती में पुनागर माताजी री लाल

आर.डी. बाहेती

- यह समाजसेवी, श्री माहेश्वरी समाज जयपुर के पूर्व अध्यक्ष और 'हास्य सम्राट' के नाम से प्रसिद्ध थे, इनका हाल ही में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

अनिमेष पाटनी

- यह राजस्थान के बारां जिले के निवासी है जो वायुसेना में ग्रुप कैप्टन है।
- इनको ऑपरेशन सिंदूर में असाधारण शौर्य के लिए वीर चक्र से सम्मानित किया गया है। उनकी यूनिट ने पाकिस्तान वायुसेना के विमान को मार गिराया था।

केसरी चंद मालू-

- यह राजस्थान के जाने-माने संगीतकार और वीणा कैसेट्स के संस्थापक थे, इनका हाल ही में निधन हो गया।
- **सम्मान-**
  - समग्र कला साधना अवॉर्ड (राजस्थान संगीत नाटक अकादमी)
  - डागर घराना अवॉर्ड (महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन)

नेहा सोलंकी-

- यह साइकोलॉजिस्ट है जो नागौर जिले की मूल निवासी है। इनको सामाजिक नवाचार के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ग्रासरूट इनोवेटर रिकॉग्निशन-2026 से सम्मानित किया है।
- नेहा ने सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों के लिए विशेष सहायक कुर्सी तैयार की, जिससे वे सामान्य गतिविधियों से जुड़ने में सक्षम हो सकते है।

डॉ. सीपी जोशी-

- राजीव गांधी क्रिकेट क्लब की ओर से राजस्थान क्रिकेट में योगदान के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सीपी जोशी को राजीव गांधी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया जाएगा।

नव्या शेखावत-

- मेजर नव्या शेखावत को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का एडीसी नियुक्त किया गया है। वह भारतीय थल सेना से इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। वह सीकर जिले के केरपुरा गांव की मूल निवासी है।

जस्टिस विनीत माथुर-

- हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस विनीत माथुर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

सुधांश पंत-

- यह राजस्थान कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव है।

डॉ. भंवर सिंह सामौर-

- यह राजस्थानी साहित्यकार और इतिहासकार थे जिनका हाल ही में निधन हो गया है।
- इनका जन्म वर्ष 1943 में चूरू जिले की सुजानगढ़ तहसील के गांव बोबासर मे हुआ।

कृतियाँ-	सम्मान-
○ राजस्थानी शक्ति काव्य ○ संस्कृति री सनातन दीठ ○ युगांतरकारी सन्यासी ○ प्राचीन राजस्थानी काव्य संग्रह ○ आउवा का धरना	○ साहित्य अकादमी पुरस्कार ○ कविश्री काग बापू लोक साहित्य पुरस्कार ○ कन्हैयालाल सेठिया मायड़ भाषा सेवा सम्मान

सरदारसिंह राजपुरोहित-

- यह राजस्थान के सिरोही जिले के साकदड़ा निवासी स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी थे जिनका 7 अक्टूबर, 2026 को निधन हो गया। स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान- उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई तथा राजस्थान के गांधी के नाम से प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी गोकुल भाई भट्ट के साथ विभिन्न आंदोलनों में हिस्सा लिया।

अभय कुमार

- प्रदेश में "विकसित भारत-जन सेवा अभियान" के लिए जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अभय कुमार को राज्य समन्वयक नियुक्त किया गया है।

अंजन कुमार गोस्वामी

- यह जयपुर के प्रसिद्ध श्री गोविंददेवजी मंदिर के प्रधान महंत, सेवाधिकारी और ट्रस्टी थे जिनका हाल ही में निधन हो गया। अंजन कुमार गोस्वामी चैतन्य महाप्रभु के गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय परंपरा से जुड़े हुए थे।

श्री वी. श्रीनिवास और आईएएसआईए-2026 का वार्षिक सम्मेलन

- राजस्थान के मुख्य सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (आईआईएएस) के अध्यक्ष श्री वी. श्रीनिवास ने ग्रीस की राजधानी एथेंस में आयोजित आईएएसआईए-2026 के वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया।
- नोट- राजस्थान के मुख्य सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान के अध्यक्ष श्री वी. श्रीनिवास जून, 2025 में 2025–2028 के तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए आईआईएएस के पहले भारतीय अध्यक्ष चुने गए थे।
- **आईएएसआईए-2026 वार्षिक सम्मेलन (एथेंस, ग्रीस)**
  - आयोजन तिथि- 12 से 15 अक्टूबर, 2026।
  - आयोजन स्थल- एथेंस, ग्रीस।
  - विषय- 'बदलते विश्व के लिए शासन पर पुनर्विचार'
  - भागीदारी- 100 से अधिक देशों के 600 से अधिक प्रतिनिधि, नीति निर्माता, लोक प्रशासन विशेषज्ञ और शिक्षाविद।
  - इस सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय लोक प्रशासन विद्यालय एवं संस्थान संघ की 65वीं वर्षगांठ भी मनाई जा रही है।

राजस्थान फाउंडेशन

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 16 अक्टूबर, 2026 को प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम के दौरान राजस्थान फाउंडेशन के विस्तार की घोषणा की है।
- मुख्यमंत्री द्वारा फाउंडेशन के विस्तार के तहत ग्यारह नए चैप्टर्स शुरू करने की घोषणा की गई है, जिससे देश-विदेश में संचालित कुल चैप्टर्स की संख्या चालीस से बढ़कर इक्कावन हो गई है।

- **भारत में नए चैप्टर्स (छह)-**
    1. रायपुर, छत्तीसगढ़
    2. लखनऊ, उत्तर प्रदेश
    3. पटना, बिहार
    4. सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल
    5. पणजी, गोवा
    6. विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश
- **विदेशों में नए चैप्टर्स (चार)-**
    1. सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका
    2. ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड
    3. मिलान, इटली
    4. डबलिन, आयरलैंड
- **नॉर्डिक चैप्टर (स्पेशल चैप्टर)- स्टॉकहोम में स्थापित, जिसमें स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और फिनलैंड सम्मिलित हैं।**
- अब कुल इक्कावन चैप्टर्स में से पच्चीस चैप्टर्स देश में और छब्बीस चैप्टर्स विदेश में संचालित हैं।

नागौर की अश्वगंधा

- केंद्र सरकार ने 'नागौरी अश्वगंधा' को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया है। यह प्रमाण पत्र भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की चेन्नई स्थित भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री द्वारा जारी किया गया है।
- कृषि श्रेणी में सोजत की मेहंदी के बाद यह राजस्थान का दूसरा प्रमुख जीआई टैग है।

जोधपुरी मोजरी

- जोधपुर की पारंपरिक एवं विश्व प्रसिद्ध 'मोजरी क्राफ्ट ऑफ जोधपुर' को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) प्रदान किया गया है।
- वर्तमान में जोधपुर मोजरी एवं लेदर उत्पादों का घरेलू बाजार लगभग 100 करोड़ रुपए का है, जबकि करीब 10 करोड़ रुपए का निर्यात किया जा रहा है।

जयपुर: सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनेगा

- राजस्थान के सबसे बड़े डेटा सेंटर की स्थापना जयपुर में की जाएगी।
- यह घोषणा जयपुर स्थित जेईसीसी में आयोजित राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट के एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की।

सज्जनगढ़ अभयारण्य

- उदयपुर स्थित सज्जनगढ़ अभयारण्य में 16 फरवरी 2026 को लॉयन सफारी आम पर्यटकों के लिए शुरू की गई।
- यह राजस्थान की दूसरी लॉयन सफारी है।
- **नोट:** जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में भी लॉयन सफारी है।

सिलीसेढ़ झील

- अलवर स्थित सिलीसेढ़ झील को राजस्थान की पहली मॉडल आर्द्रभूमि (Model Wetland) के रूप में विकसित किया जाएगा।
- उद्देश्य: आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन हेतु अन्य जिलों के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित करना।

उदयपुर: देश का पहला डेडिकेटेड लेक्रोज मैदान

- उदयपुर के महाराणा प्रताप खेलगांव में देश का पहला डेडिकेटेड लेक्रोज मैदान विकसित किया गया है।
- यह मैदान 72 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है।
- इन सुविधाओं के पूर्ण होने पर उदयपुर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने वाला राजस्थान का प्रमुख शहर बन जाएगा।

जयपुर: दुनिया का पहला आयुर्वेदिक एक्सीलेंस सेंटर

- जयपुर के जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में दुनिया का पहला आयुर्वेदिक एक्सीलेंस सेंटर विकसित किया गया है। इस सेंटर का उद्घाटन 7 फरवरी, 2026 को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव द्वारा किया गया।
- उद्देश्य- आयुर्वेदिक चिकित्सा की शुद्धता, गुणवत्ता और वैज्ञानिक प्रमाणिकता सुनिश्चित करना।

राजस्थान मंडपम्

- जयपुर में "राजस्थान मंडपम्" के रूप में देश का सबसे बड़ा आधुनिक कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा।
- यह द्रव्यवती नदी के पास 91 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा।
- डिजाइन- डॉ. अनूप बरतरिया द्वारा

जयपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का डर्मेटोलॉजी संस्थान

- जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के चरक भवन में देश का पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर का डर्मेटोलॉजी संस्थान स्थापित किया गया है। यह लंदन के बाद विश्व का दूसरा अत्याधुनिक संस्थान माना जा रहा है।
- यहाँ न्यूनतम दरों पर उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस संस्थान में डायोड, फ्रेक्शनल CO_2, एक्साइमर, एनडी-याग और अलेक्जेंड्राइट जैसे 6 प्रकार के आधुनिक लेजर उपकरण लगाए गए।
- इसमें पीआरपी तकनीक से बाल उगाने और हाइफू मशीन से त्वचा कसाव व झुर्रियां हटाने की सुविधा भी उपलब्ध है।

कुंदनपुरा गांव

- हाल ही में जयपुर जिले के कुंदनपुरा गांव (बस्सी-तूंगा) में देश का पहला एग्री पीवी प्लांट स्थापित हुआ है।
- यह एग्री पीवी प्लांट इंडियन काउन्सिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनोमिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) ने कोटक महिन्द्रा बैंक के वित्तीय सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट के तहत स्थापित किया है। यह प्लांट पूर्व में स्थापित कुसुम प्लांट के सोलर पैनल की ऊंचाई बढ़ाकर स्थापित किया गया है।

आरटीआई लिविंग म्यूजियम

- प्रदेश के ब्यावर जिले में ढाई करोड़ की लागत से दुनिया का पहला आरटीआई लिविंग म्यूजियम बनाये जाने की घोषणा की गयी है।

राज्य में 132 एलपीजी फ्री जोन चिन्हित-

- हाल ही में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास के निर्देशन में 1 जून, 2026 को आयोजित राज्य की सीजीडी संस्थाओं की बैठक में राज्य में 132 एलपीजी फ्री जोन चिन्हित किए गए हैं।
- राज्य में चिन्हित इन एलपीजी फ्री जोन क्षेत्रों में भविष्य में केवल पाइपलाइन (DPNG) से गैस सप्लाई होगी और सिलेंडरों की जरूरत नहीं रहेगी।

भींडर तहसील

- हाल ही में उदयपुर जिले में परमाणु खनिजों के मिलने की संभावना के मद्देनजर राज्य के खान एवं पेट्रोलियम विभाग ने उदयपुर की भींडर तहसील के 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अगले 5 साल के लिए पूर्णत: रिजर्व कर दिया है।

राजस्थान को आठ पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों की सौगात-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जुलाई, 2026 को पंजाब के जालंधर से 20 राज्यों के 75 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित किया।
- इन पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों में राजस्थान के आठ अमृत स्टेशन है जो निम्न है-गोटन, डीग, सोमेसर, दौसा, खैरथल, बाड़मेर, जैसलमेर, गंगापुर सिटी अमृत स्टेशन।

साण्डेराव

- स्थान- साण्डेराव गांव, पाली जिले
- लागत- पर ₹60 करोड़ की लागत
- इस केंद्र पर गाय, भैंस, बकरी, भेड़, ऊंट और घोड़े की 30 देशी प्रजातियों के नस्ल सुधार व संरक्षण पर काम होगा।

राज्य में 300 करोड़ की लागत से बनेगा एआइ हब-

- स्थान- जोधपुर
- लागत- ₹300 करोड़
- नोडल संस्था- सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार
- प्रबंधन मॉडल- चयनित एजेंसी द्वारा आगामी 5 वर्षों तक संचालन व रखरखाव।
- यह केवल पारंपरिक डेटा बैकअप केंद्र न होकर एआई कंप्यूट क्षमता से युक्त एकीकृत सेंटर होगा।

प्याज प्रोसेसिंग यूनिट

- राज्य सरकार की 'एक जिला, एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत राजस्थान की पहली प्याज प्रोसेसिंग यूनिट्स सीकर (यालसर गांव, लक्ष्मणगढ़ तहसील) और अलवर जिले में स्थापित की जाएंगी।
- इन दोनों जिलों में 25-25 लाख रुपये की लागत वाले इन प्रोजेक्ट्स को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अत्याधुनिक प्लांट टिश्यू कल्चर लैब

- राजस्थान के जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय में पश्चिमी राजस्थान की पहली अत्याधुनिक प्लांट टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला स्थापित की गई है। इस प्रयोगशाला के माध्यम से अनार, अंजीर, कैक्टस तथा औषधीय फसलों के रोगमुक्त और आनुवंशिक रूप से शुद्ध क्लोनल पौधे कम समय में तैयार किए जा सकेंगे।

दौलतपुरा टोल प्लाजा

- हाल ही में एनएचएआई ने एनएच-48 के दिल्ली-जयपुर खंड पर स्थित दौलतपुरा टोल प्लाजा पर राजस्थान की पहली मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग प्रणाली का शुभारंभ किया है।
- इस टोल प्लाजा पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन और फास्ट टैग जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करके, वाहनों को बिना रुके निर्बाध टोल संग्रह की सुविधा प्रदान होगी।

शेखावाटी की हवेलियाँ

- यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की संभावित सूची में 'शेखावाटी के चित्रित हवेली नगर' को आधिकारिक रूप से शामिल किया गया है। राजस्थान के तीन ज़िलों (झुंझुनू, चूरू और सीकर) की कुल 14 ऐतिहासिक नगरों में फैली इमारतों और स्थापत्य समूहों को इसमें शामिल किया गया है।
- सम्मिलित-
  - चूरू ज़िला- चूरू
  - सीकर ज़िला- लक्ष्मणगढ़, रामगढ़, फतेहपुर और सीकर
  - झुंझुनू ज़िला- डूंडलोद, झुंझुनू, अलसीसर, बिसाऊ, चिड़ावा, खेतड़ी, महनसर, मंडावा और नवलगढ़

फलोदी

- जियोन ने राजस्थान के फलोदी में 10 मेगावाट क्षमता वाली बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) परियोजना चालू की है।
- इसको राज्य विद्त प्रसारण निगम की जरूरतों के हिसाब से चालू किया गया है।

गहलोद

- बनास नदी के गहलोद में राजस्थान के सबसे लम्बे हाई-लेवल ब्रिज का निर्माण किया गया है।
- मुख्य विशेषताएं-
  - लागत- ₹134.74 करोड़
  - वित्तपोषण एजेंसी- सीआरआईएफ (सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड) के माध्यम से निर्मित
  - कुल लंबाई- 3.34 किलोमीटर
    - मुख्य पुल की लंबाई- 2.00 किलोमीटर
    - एप्रोच रोड की लंबाई- 1.34 किलोमीटर
  - संरचनात्मक ढांचा-
    - भार क्षमता- लगभग 243 टन
- महत्व- पीपलू, मालपुरा, टोडारायसिंह, फागी एवं अजमेर क्षेत्र में वर्षभर सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा।

प्रोजेक्ट करकल

- 15 अप्रैल, 2026 को राजस्थान वन विभाग द्वारा सवाई माधोपुर स्थित रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में "राजस्थान में करकल संरक्षण" विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कर प्रोजेक्ट करकल का शुभारंभ किया गया।
- एशियाई करकल, जो एक दुर्लभ एवं कम दिखाई देने वाली जंगली बिल्ली है।

'मैंने कभी चिड़िया नहीं देखी'

- जयपुर की कथाकार एवं फिल्म निर्देशक ऊषा दशोरा की फिल्म 'मैंने कभी चिड़िया नहीं देखी' का चयन नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 15वें दिल्ली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2026 के लिए हुआ है।

'इंस्पायरिंग आरव'

- जयपुर के फिल्म निर्माता राहुल सूद निर्देशित और लिखित फिल्म 'इंस्पायरिंग आरव' ने लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 में पुरस्कार जीता है।
- इस फिल्म ने बेस्ट इंस्पीरेशनल फिल्म कैटेगिरी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। यह फिल्म दिव्यांग बच्चों के ह्मन राइट्स पर आधारित है।

शहराह-द रॉयल रूट

- यह जयपुर के फिल्म निर्माता राहुल सूद द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म है। इसका 18वें इंटरनेशनल डॉक्यूमेंट्री एंड शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल ऑफ केरल में चयन हुआ है।
- यह फेस्ट 25 से 30 सितंबर, 2026 तक तिरुवनंतपुरम में होगा।

राजस्थानी भाषा अध्ययन केंद्र

- हाल ही में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने प्रदेश के 11 राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में 'राजस्थानी भाषा अध्ययन केंद्र' स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।
- इन विश्वविद्यालय में स्थापित होनें केंद्र-

क्र. सं.	विश्वविद्यालय का नाम	स्थान
1	राजस्थान विश्वविद्यालय	जयपुर
2	जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय	जोधपुर
3	मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय	उदयपुर
4	महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय	अजमेर
5	कोटा विश्वविद्यालय	कोटा
6	महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय	बीकानेर
7	वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय	कोटा
8	गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय	बांसवाड़ा
9	पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय	सीकर
10	महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय	भरतपुर
11	राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय	अलवर

जयपुर घोषणापत्र-

- हाल ही में जयपुर में आयोजित ब्रिक्स पर्यटन मंत्रियों की बैठक में सर्वसम्मति से 'जयपुर घोषणापत्र' को पारित किया गया। यह घोषणापत्र कार्य समूह के 4 मुख्य क्षेत्रों पर आधारित है- एआई और पर्यटन, सतत और जिम्मेदार पर्यटन, पर्यटन कौशल और क्षमता निर्माण, पर्यटन आदान-प्रदान और निर्बाध यात्रा सुविधा

राडार सेल-

- प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों पर त्वरित, प्रभावी कार्रवाई करने और अपराध के नए तरीकों पर गहन अनुसंधान (Research) करने के लिए जयपुर पुलिस रेंज में राडार सेल का गठन किया गया है।
- RADAR- Real Time Anti Cyber Crime Detection and Response

गोडावण री-वाइल्डिंग एवियरी

- उद्घाटन तिथि- 3 अक्टूबर, 2026
- स्थान- रामदेवरा, जैसलमेर
- परियोजना का नाम- गोडावण री-वाइल्डिंग एवियरी (पुनर्स्थापन पक्षी गृह)।
- स्वीकृत बजट- राज्य सरकार द्वारा ₹9.25 करोड़ का बजट स्वीकृत।

पुलिस पोलो टीम

- राजस्थान पुलिस ने देश की पहली आधिकारिक पुलिस पोलो टीम का गठन किया है, जिससे प्रदेश पुलिस के खेलों के दायरे में पोलो खेल भी शामिल हो गया है। इस पोलो टीम का आधिकारिक उद्घाटन समारोह राजस्थान पुलिस अकादमी के हॉकी ग्राउंड में आयोजित किया गया।

'शिशु संजीवनी' पोषण आहार

- 17 अक्टूबर, 2026 को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर, जयपुर की आंगनबाड़ी में 'शिशु संजीवनी' पोषण आहार का शुभारंभ किया।
- शिशु संजीवनी पोषण आहार विटामिन एवं खनिजों से समृद्ध पोषण है जो 3 से 6 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में दो बार दिया जाएगा। इस पोषण आहार का उद्देश्य छोटे बच्चों की सामयिक वृद्धि, समुचित विकास और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जाना है।

'गोडावण दरबार'

- यह राजस्थान के राज्य पक्षी गोडावण पर बना एंथम गीत है। इसके गीतकार हरसुख धायल है।
- इस एनिमेशन गीत में गोडावण की कहानी, राजस्थान से उसका जुड़ाव और अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे को गीत-संगीत के जरिए दिखाया गया है।

राजस्थान अंगदान संकल्प अभियान में देश में दूसरे स्थान पर-

- राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान पूरे देश में अंगदान संकल्प अभियान में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। 22 जुलाई 2026 तक प्रदेश में 1,08,904 नागरिकों ने अंगदान का संकल्प लिया है।
- शीर्ष स्थान महाराष्ट्र
- जिलों का प्रदर्शन- कुल संकल्पों के आधार पर शीर्ष जिले-
  1. झुंझुनूं - 13,619 (प्रथम स्थान)
  2. हनुमानगढ़ - 12,828
  3. चूरू - 10,780
  4. जयपुर - 8,152
  5. अजमेर - 6,722

जयपुर में 'साइक्लोथॉन फॉर ऑल' का आयोजन

- आयोजन तिथि- 1 नवंबर, 2026
- आयोजन स्थल- जयपुर
- इसका आयोजन 'ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल वीक' के शुभारंभ के अवसर पर किया गया।
- आयोजक संस्थाएँ-
  - राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, पर्यावरण विभाग
  - इंटरनेशनल सोसायटी फॉर लाइफ साइंसेज
- शुभारंभ- मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास द्वारा
- उद्देश्य-
  1. पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वायु के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना।
  2. निजी वाहनों के स्थान पर साइकिल जैसे पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधनों को प्रोत्साहित करना।
  3. नागरिकों में सतत जीवनशैली तथा प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की भावना विकसित करना।

राजस्थान का सबसे बड़ा एकीकृत जिला न्यायालय परिसर-

- शिलान्यास- 1 नवंबर, 2026
- स्थान- कोटा शहर
- शिलान्यासकर्ता-
  - ओम बिरला (लोकसभा अध्यक्ष)
  - संजय कुमार अग्रवाल (राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश)
- परियोजना की लागत- लगभग 290 करोड़ रुपये
- न्यायालय परिसर की प्रमुख विशेषताएँ-
  - यह राजस्थान का सबसे बड़ा एवं आधुनिक एकीकृत जिला न्यायालय परिसर होगा।
  - इसमें कुल 54 न्यायालय स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं।
  - अधिवक्ताओं के लिए लगभग 240 अलग-अलग चैम्बर बनाए जाएंगे।
  - परिसर में आधुनिक तकनीक एवं न्यायिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

युवा संवाद-

- संस्करण/क्रम- छठवां
- आयोजन तिथि- 3 नवंबर, 2026
- आयोजन स्थल- राजस्थान विधानसभा
- आयोजक- राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा
- विषय- समर्थ भविष्य
- **शुभारंभ-**
  - वासुदेव देवनानी (विधानसभा अध्यक्ष)
  - संदीप शर्मा (राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के सचिव)
- **प्रमुख तथ्य-**
  - इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के 17 शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 110 युवाओं ने दो सत्रों में भाग लिया।
  - उद्देश्य- युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, नीति निर्माण एवं शासन व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना।
  - युवा संवाद के दो सत्रों की विषयवस्तु-
    - प्रथम सत्र- युवाओं के नेतृत्व वाले विरोध के कारण एवं स्वरूप
    - द्वितीय सत्र- सड़कों से शासन नीति तक

राजस्थान में सांस (SAANS) अभियान-

- आयोजन तिथि- 12 नवम्बर से 28 फरवरी, 2026
- आयोजन स्थल- प्रदेशव्यापी
- आयोजक- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार
- थीम- 'निमोनिया नहीं तो बचपन सही'
- उद्देश्य-
  - 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया की रोकथाम एवं प्रभावी उपचार करना।
  - निमोनिया के लक्षणों की शीघ्र पहचान एवं प्रारंभिक प्रबंधन करना।
  - समुदाय को निमोनिया के प्रति जागरूक करना।
- SAANS (Social Awareness and Action to Neutralise Pneumonia Successfully) :- यह भारत सरकार द्वारा पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया से होने वाली मृत्यु दर को रोकने और कम करने के लिए चलाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान है।

कल्याण और विकास से संबंधित नई योजनाएँ, कार्यक्रम और पहल

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना-

- शुरुआत- 12 जनवरी, 2026
- इस योजना के माध्यम से 1 लाख युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण देकर सूक्ष्म उद्यमी के रूप में तैयार किया जाएगा। इस योजना का पात्र होने के लिए राजस्थान का स्थायी निवासी होना चाहिए और आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

प्रमुख प्रावधान

- सूक्ष्म उद्योग स्थापना हेतु 10 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण।
- ऋण पर शत-प्रतिशत ब्याज राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
- इसके अलावा 50 हजार रुपये तक मार्जिन मनी और CGTMSE शुल्क का पुनर्भरण होगा।

'गाँव ग्वाळ' योजना

- इस योजना की शुरुआत 22 फरवरी 2026 को कोटा जिले के खेड़ली गाँव से की गई।
- इसका शुभारंभ शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने किया।
- उद्देश्य: पारंपरिक गोचारण व्यवस्था को पुनर्जीवित करना और सड़कों पर आवारा गोवंश से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना। इसके तहत प्रत्येक 70 गायों पर एक 'गाँव ग्वाला' नियुक्त किया जाएगा।
- प्रत्येक ग्वाले को ₹10,000 प्रति माह मानदेय दिया जाएगा।
- योजना का खर्च सरकारी बजट के बजाय भामाशाह (दानदाताओं) के सहयोग से वहन किया जाएगा।

राजस्थान एयरोस्पेस एवं डिफेन्स नीति-2025

- राजस्थान को एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से नीति को 21 जनवरी 2026 को मंजूरी दी गई। इस नीति के तहत रक्षा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने पर विशेष जोर दिया गया है।

राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी–2025

- राज्य सरकार ने राजस्थान की पहली सेमीकंडक्टर पॉलिसी–2025 को 21 जनवरी 2026 को मंजूरी प्रदान की।
- इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर और सेंसर्स क्षेत्र में एंकर निवेश लाना, विश्वस्तरीय सेमीकंडक्टर पार्क विकसित करना और फैबलेस डिजाइन इकोसिस्टम को मजबूत करना है।

प्रोत्साहन / वित्तीय लाभ	विवरण
विशेष प्रोत्साहन	इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं को विशेष प्रोत्साहन
विद्युत शुल्क छूट	7 वर्षों तक विद्युत शुल्क से 100% छूट
स्टाम्प एवं भू-रूपांतरण शुल्क	75% छूट तथा 25% पुनर्भरण
पूंजी अनुदान (राज्य)	केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत पूंजी सब्सिडी के 60% के बराबर
ब्याज अनुदान	बैंकों/वित्तीय संस्थानों से लिए गए टर्म लोन पर 5% ब्याज अनुदान
पर्यावरण परियोजना प्रतिपूर्ति	परियोजना लागत का अधिकतम 50%
कैप्टिव पावर प्लांट	7 वर्षों तक विद्युत शुल्क से पूर्ण छूट
ग्रीन रेटिंग प्रोत्साहन	राजस्थान ग्रीन रेटिंग सिस्टम के अंतर्गत प्रमाणित इकाइयों को सहमति शुल्क में 50% छूट
अतिरिक्त प्रोत्साहन	रोजगार सृजन, स्किल एवं ट्रेनिंग, बौद्धिक संपदा सृजन और गुणवत्ता प्रमाणन

राजस्थान रोजगार नीति 2026

- राजस्थान रोजगार नीति के तहत मार्च 2029 तक 15 लाख रोजगार अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।
- इसके लिए रोजगार कार्यालयों को राजस्थान रोजगार पोर्टल (EEMS 2.0) के माध्यम से एकीकृत किया जाएगा और एआई आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित होगा।
- इस नीति में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने हेतु ई-जॉब फेयर की सुविधा भी शामिल है।

राजस्थान एआई–एमएल पॉलिसी-2026

- इसे 6 जनवरी 2026 को लॉन्च किया गया।
- उद्देश्य- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) के उत्तरदायी, नैतिक और सुरक्षित उपयोग के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं को तेज, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाना है।

ट्रिपल आर पहल-

- यह जयपुर जिला परिषद एवं शक्ति संगम द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गयी पहल है।
- इस पहल के अंतर्गत खेजड़ावास पंचायत में दिनांक 14 मार्च 2026 को ट्रिपल आर (रिड्यूस, रियूज, रिसाईकल) सेंटर की स्थापना की गई, जहां 14 अप्रैल 2026 तक महिलाओं ने कार्य महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले कार्य किये गये।

तारबंदी योजना-

- हाल ही में वर्ष 2025-26 में छोटे कृषकों की मांग को ध्यान में रखते हुए तारबंदी में 1.5 हैक्टेयर भूमि की बाध्यता को दूर करते हुए इसे 0.5 हैक्टेयर किया गया है।
- अब योजना के लिए आवेदन कर्ता किसान (राजस्थान का मूल निवासी) के पास 0.5 हेक्टेयर भूमि होनी आवश्यक है।
- यदि एक किसान के पास 0.5 हैक्टेयर नही है तो वो अपने पड़ोसी के साथ मिलकर समूह में भी आवेदन लगा सकता है, समूह में 2 या 2 से अधिक किसान मिलकर भी यदि 0.5 हैक्टेयर भूमि एक जगह पर रखते है तो उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा।

अक्षय फंड-

- सवाई माधोपुर जिला पुलिस द्वारा पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को संकट की घड़ी में त्वरित आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए एक अभिनव कल्याणकारी योजना अक्षय फंडकी शुरुआत की गई है।
- 'अक्षय फंड' की कार्यप्रणाली एवं विशेषताएं-
  - फंड का गठन (स्वैच्छिक अंशदान)- जिले के सभी पुलिस कार्मिकों के एक दिन के वेतन के स्वैच्छिक अंशदान से इस फंड का निर्माण किया जा रहा है।
  - अनुमानित प्रारंभिक कोष- लगभग ₹16 लाख एकत्रित होने का अनुमान है।
  - तत्काल आर्थिक सहायता- ड्यूटी के दौरान या सेवाकाल में किसी भी पुलिसकर्मी के आकस्मिक निधन की स्थिति में, उनके शोकाकुल परिजनों को ₹3 लाख की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी।

लाडो प्रोत्साहन योजना में दो से अधिक संतान की शर्त खत्म-

- हाल ही में राज्य सरकार ने लाडो प्रोत्साहन योजना में दो से अधिक संतान की बाध्यता को समाप्त कर दिया है।
- संशोधित योजनान्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं और परिवारों की तीसरी संतान को भी योजना का लाभ दिया जायेगा।

राजस्थान होमस्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) योजना-2026 में संशोधन-

- राजस्थान सरकार ने 7 जुलाई, 2026 को राजस्थान होमस्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) योजना-2026 में संशोधन किये है।

- **संशोधन-**
  - होमस्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) के पंजीकरण एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। ऑनलाइन आवेदन किये जाने और दस्तावेजों के पूर्ण होने की स्थिति में 7 दिनों के भीतर अस्थायी पंजीकरण प्रदान किया जाएगा।
  - **पंजीकरण मानदंडो में किये गए बदलाव-**

मानदंड	पूर्व प्रावधान	नवीन प्रावधान
अधिकतम कमरों की संख्या	अधिकतम 5 कमरे	अधिकतम 8 कमरे
आवास मालिक की अनिवार्यता	मकान मालिक का रहना अनिवार्य था	मकान मालिक के रहने की अनिवार्यता समाप्त
संचालन का माध्यम	स्वयं द्वारा संचालन अनिवार्य	केयरटेकर के माध्यम से संचालन संभव

'आदिपराग' वाइल्ड फॉरेस्ट हनी लाँच-

- 26 सितंबर, 2026 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'वनगिरि' के प्रथम शहद उत्पाद 'आदिपराग' को किया लाँच किया। **नोडल संस्था-** राजस्थान जनजाति क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ लिमिटेड (राजससंघ)
- ब्रांड का नाम- 'वनगिरि'

राजस्थान में भिवाड़ी क्लस्टर हेतु रणनीतिक निवेश योजना को मंजूरी-

- पीएम-सेतु योजना के तहत राष्ट्रीय संचालन समिति ने राजस्थान में भिवाड़ी क्लस्टर के लिए 241 करोड़ रुपये की रणनीतिक निवेश योजना को मंजूरी प्रदान की है।
- इसके साथ ही केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं एंकर इंडस्ट्री पार्टनर के मध्य 'शेयर होल्डर एग्रीमेंट' साइन किया गया, जिसके तहत राजस्थान शेयर होल्डर एग्रीमेंट साइन करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।
- भिवाड़ी क्लस्टर के लिए एंकर इंडस्ट्री पार्टनर 'एच.जी. इन्फ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड' होगी, जिसका मुख्य फोकस इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं कंस्ट्रक्शन क्षेत्र पर रहेगा।
- राजकीय आईटीआई भिवाड़ी को 'हब' बनाया गया है, जबकि राजकीय आईटीआई अलवर, नीमराणा, तिजारा और किशनगढ़बास को 'स्पोक' आईटीआई के रूप में इससे जोड़ा गया है।
- हब-एंड-स्पोक मॉडल एवं क्लस्टर संरचना-
  - उद्देश्य- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत प्रशिक्षण सुविधाओं और उद्योगों से सीधे जोड़ना।
  - प्रदेश में प्रस्तावित क्लस्टर्स- 12 हब-स्पोक क्लस्टर्स (भिवाड़ी, जयपुर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, बांसवाड़ा, बालोतरा, बीकानेर, भीलवाड़ा, कोटपूतली, सीकर और पाली)
  - **वित्तीय भागीदारी (लागत अनुपात)-**
    - केंद्र सरकार- लगभग 50 क्लस्टर प्रबंधन के लिए
    - राज्य सरकार- 33 प्रतिशत
    - उद्योग जगत (इंडस्ट्री)- 17 प्रतिशत
  - **विशेष प्रयोजन वाहन में हिस्सेदारी (क्लस्टर प्रबंधन के लिए)-**
    - एंकर इंडस्ट्री पार्टनर- 51 प्रतिशत
    - केंद्र एवं राज्य सरकार- 24.5 प्रतिशत - 24.5 प्रतिशत

सूत्रा परियोजना-

- राजस्थान के प्रमुख शहरों में नगरीय सुविधाओं के विस्तार, बुनियादी ढांचे के विकास, पर्यटन प्रोत्साहन और नगर निकायों की वित्तीय व प्रशासनिक दक्षता को मजबूत करने के उद्देश्य से विश्व बैंक ने सस्टेनेबल अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन इन राजस्थान एक्सीलरेटेड (सूत्रा) परियोजना का प्रस्ताव तैयार किया है।

- अनुमानित लागत- 38 करोड़ 57 लाख अमेरिकी डॉलर
- वित्तीय ढांचा (वित्तपोषण)-
  - विश्व बैंक (आईबीआरडी) ऋण- 27 करोड़ अमेरिकी डॉलर।
  - राज्य सरकार का अंशदान- 11 करोड़ 57 लाख अमेरिकी डॉलर।
- कार्यान्वयन एजेंसी- राजस्थान अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (RUIDP)।
- भौगोलिक विस्तार एवं कवरेज- कुल 32 शहरी स्थानीय निकाय
  - प्रमुख चार शहरी क्लस्टर- जयपुर, जोधपुर, कोटा और भरतपुर।
  - सैटेलाइट टाउन- इन 4 प्रमुख क्लस्टरों से जुड़े 28 सैटेलाइट टाउन।

राजस्थान में सूखाग्रस्त क्षेत्रों के लिए ₹9,321 करोड़ का विशेष पैकेज

- 13 नवंबर, 2026 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में राज्य के सूखाग्रस्त क्षेत्रों के लिए राज्य सरकार ने ₹9,321 करोड़ के विशेष पैकेज की व्यवस्था की है।
- सूखाग्रस्त क्षेत्र- सामान्य से लगभग 20% कम वर्षा के कारण प्रदेश के 15 जिलों की 87 तहसीलों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है।
- सूखाग्रस्त श्रेणी-
  - गंभीर सूखाग्रस्त- 73 तहसीलें
  - मध्यम सूखाग्रस्त- 14 तहसीलें

प्रमुख आर्थिक और राजनीतिक घटनाक्रम

16वें वित्त आयोग की सिफारिशों में राजस्थान

- केंद्रीय बजट में 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों को मंजूरी दी गई है।
- इसके तहत राजस्थान को आपदा राहत निधि के लिए 12,281 करोड़ रुपये, स्थानीय निकायों के लिए लगभग 19,381 करोड़ रुपये मिलेंगे।
- यह राशि 5 वर्षों में प्राप्त होगी।

रीको लेदर कॉम्प्लेक्स बनेगा इंडस्ट्रियल हब-

- हाल ही में रीको ने मानपुरा माचैड़ी (चंदवाजी) में स्थित रीको लेदर कॉम्प्लेक्स को सामान्य औद्योगिक क्षेत्र का दर्जा प्रदान किया है।
- रीको लेदर कॉम्प्लेक्स-
  - यह कॉम्प्लेक्स वर्ष 1996 में स्थापित हुआ था।
  - यह कॉम्प्लेक्स राज्य का पहला लेदर उद्योग केंद्र था, जिसे कानपुर मॉडल के आधार पर विकसित किया गया था।

विश्व बैंक ने राजस्थान में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी के लिए 225 मिलियन डॉलर की परियोजना को दी मंजूरी-

- 15 अप्रैल, 2026 को विश्व बैंक ने राजस्थान में राज्य राजमार्गों की दक्षता, मजबूती और सुरक्षा सुधार के लिए 225 मिलियन डॉलर (लगभग 2 हजार करोड़ रुपये) से अधिक की राजस्थान राजमार्ग आधुनिकीकरण परियोजना को मंजूरी प्रदान की है।
- अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (आईबीआरडी) से प्राप्त 225 मिलियन डॉलर के ऋण की अंतिम परिपक्वता अवधि 35 वर्ष है।

राजस्थान वित्त निगम को रीको देगा 50 करोड़ रुपये का अंश पूंजी सहयोग-

- राज्य के औद्योगिक विकास को सुदृढ़ करने एवं राजकीय विभागों की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से रीको ने राजस्थान वित्त निगम को 50 करोड़ रुपये का अंश पूंजी सहयोग देने की स्वीकृति प्रदान की गई है।
- राज्य सरकार की वित्तीय वर्ष 2024-25 की संशोधित बजट घोषणा में राजस्थान वित्त निगम के वित्तीय सुदृढ़ीकरण हेतु राज्य सरकार एवं रीको द्वारा 50-50 करोड़ रुपये की अंश पूंजी के सहयोग की घोषणा की गई थी।

यमुना जल परियोजना समझौता-

- समझौता हस्ताक्षरित तिथि- 29 जून, 2026
- समझौता स्थल- नई दिल्ली
- समझौता के सन्दर्भ में प्रमुख तथ्य-
  - यह समझौता मूलतः वर्ष 1994 के 'अपर यमुना रिवर बोर्ड' के तहत सह-बेसिन राज्यों के बीच हुए जल आवंटन समझौते को लागू करता है। इस समझौता के तहत राजस्थान का हिस्सा 10.4% तय किया गया था।
  - परियोजना की लागत- ₹34,102 करोड़ (अनुमानित लागत)
  - जल की मात्रा- 577 मिलियन क्यूबिक मीटर
  - जल का स्रोत- हथिनीकुंड बैराज, हरियाणा
  - भूमिगत पाइपलाइन नेटवर्क- हथिनीकुंड बैराज से हांसियावास जलाशय (चूरू) तक पानी पहुँचाने के लिए लगभग 295.5 किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइपलाइन का निर्माण।
  - क्रियान्वयन एजेंसी- राजस्थान-हरियाणा यमुना वाटर प्रोजेक्ट स्पेशल पर्पज व्हीकल
  - **राजस्थान को होने वाले मुख्य लाभ-**
    - शेखावाटी अंचल को दीर्घकालिक पेयजल सुरक्षा मिलेगी।
    - भूजल पुनर्भरण के माध्यम से लगातार गिरते भूजल स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी।

दिल्ली-गुरुग्राम-रेवाड़ी-एसएनबी-बहरोड़ आरआरटीएस कॉरिडोर-

- कुल लंबाई- लगभग 130 किलोमीटर
- कुल स्टेशन- 19 स्टेशन
- राजस्थान में स्टेशन- 3 स्टेशन
  - शाहजहाँपुर
  - नीमराना
  - बहरोड़
- बावल से राजस्थान सीमा तक का खण्ड- इस खण्ड की परियोजना लागत का 50 प्रतिशत भाग हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
- राजस्थान सीमा से बहरोड़ तक का खण्ड- इस खण्ड की 100 प्रतिशत (सम्पूर्ण) लागत राजस्थान सरकार एवं उसकी संबद्ध संस्थाओं द्वारा वहन की जाएगी।

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत संचालित होंगी 1150 इलेक्ट्रिक बसें-

- प्रदेश में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित राज्य स्तरीय संचालन समिति की द्वितीय बैठक 4 जून. 2026 को मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आयोजित की गई।
- प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना योजना के अंतर्गत राजस्थान के 8 शहरों को कुल 1150 इलेक्ट्रिक बसें आवंटित की गई हैं, जिनका ट्रायल पूरा हो चुका है।
- प्रदेश में शहर-वार ई-बसों का आवंटन-

क्र.सं.	शहर का नाम	आवंटित ई-बसों की संख्या
1.	जयपुर	450
2.	जोधपुर	125
3.	बीकानेर	125
4.	अजमेर	100
5.	अलवर	100
6.	कोटा	100
7.	उदयपुर	50
8.	सीकर	50
9.	भीलवाड़ा	50

एचपीसीएल-राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड का उद्घाटन-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जुलाई, 2026 को बालोतरा जिले के पचपदरा में एचपीसीएल-राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड का उद्घाटन किया।
- महत्वपूर्ण तथ्य-
  - अवस्थित- पचपदरा, बालोतरा
  - वित्तीय निवेश- ₹79,459 करोड़
  - क्षमता- 9 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष
  - पेट्रोकेमिकल क्षमता- 2.4 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष एकीकृत उत्पादन क्षमता
  - उद्यम- संयुक्त उद्यम (हिन्दस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और राजस्थान सरकार)
  - हिस्सेदारी- एचपीसीएल (74 प्रतिशत) और राजस्थान सरकार (26 प्रतिशत)
  - यह भारत की प्रथम ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स है।
  - अन्य प्रमुख तथ्य-
    - रिफाइनरी का इंडेक्स 17.0 है, जो वैश्विक स्तर पर बेहद उच्च श्रेणी की रिफाइनिंग दक्षता है।
    - यह रिफाइनरी राजस्थान के स्थानीय क्रूड (मंगला, भाग्यम, ऐश्वर्या फील्ड्स) और आयातित क्रूड के मिश्रण को एक साथ प्रोसेस करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक से डिजाइन की गई है।
    - कुल रोजगार सृजन- इस परियोजना से लगभग 1 लाख 35 हजार रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ है।
    - प्रत्यक्ष रोजगार- 35,000 श्रमिकों को प्रत्यक्ष रोजगार।
    - अप्रत्यक्ष रोजगार- अनुषंगी और सहायक क्षेत्रों में 1,00,000 रोजगार।

जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज-2 का वर्चुअल शिलान्यास-

- प्रधानमंत्री ने 4 जुलाई, 2026 को जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज-2 का वर्चुअल शिलान्यास किया।
- प्रस्तावित फेज-2 उत्तर-दक्षिण दिशा में इस नेटवर्क को और विस्तार देगा।
- जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज-2
  - विस्तार- 41 किलोमीटर/ प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक
  - कुल स्टेशन- 36 स्टेशन
    - एलिवेटेड स्टेशन- 34 स्टेशन
    - अंडरग्राउंड स्टेशन- 2 स्टेशन
  - लागत- ₹13,037.66 करोड़ रुपये

- परियोजना पूर्ण किए जाने की अवधि- सितंबर, 2031 तक
- निर्माण एवं संचालन- राजस्थान मेट्रो रेल कॉपरिशन लिमिटेड द्वारा (भारत सरकार और राजस्थान सरकार की संयुक्त साझेदारी वाली कंपनी)
- जयपुर मेट्रो परियोजना फेज-2 पूरा होने के बाद जयपुर का कुल मेट्रो नेटवर्क 50 से किलोमीटर से अधिक हो जाएगा।
- जयपुर में फेज-1 के तहत उत्तर-पश्चिम कॉरिडोर पर मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक 11.64 किलोमीटर लंबी मेट्रो सेवा संचालित है, जिसमें 11 स्टेशन हैं।

राज्य की प्रमुख ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 जुलाई, 2026 को राज्य में ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

■ बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना-	■ करणीसर सौर ऊर्जा संयंत्र (बीकानेर)
○ स्थापित- एसजेवीएन द्वारा ○ क्षमता- 1,000 मेगावाट क्षमता ○ लागत- 5 हजार 492 करोड़ रुपये	○ स्थापित- एनएचपीसी द्वारा ○ क्षमता- 300 मेगावाट ○ लागत- 1 हजार 677 करोड़ रुपये

- इन दोनों ऊर्जा परियोजनाओं में स्वदेश निर्मित सोलर मॉड्यूल्स तथा स्वदेशी सोलर सेल्स का उपयोग किया गया है।

नर्मदा अवार्ड के लंबित भुगतान के निपटारे पर समझौता-

- हाल ही में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में नर्मदा अवार्ड के लंबित भुगतान के निपटारे पर समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
- हस्ताक्षरकर्ता राज्य- राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश
- उद्देश्य- यह समझौता सरदार सरोवर परियोजना की निर्माण लागत में राज्यों की हिस्सेदारी से जुड़े लंबे समय से लंबित विवादों के अंतिम निपटारे (वन-टाइम सेटलमेंट) का मार्ग प्रशस्त करता है।

राज्य में टेक्सटाइल सेल का गठन-

- राजस्थान के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा 'राजस्थान टेक्सटाइल एवं अपैरल नीति-2025' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक समर्पित राज्य स्तरीय टेक्सटाइल सेल का गठन किया गया है।
- इसके अलावा जिला स्तरीय टेक्सटाइल एक्सपोर्ट एक्शन प्लान तैयार किया गया है जिसके तहत 11 जिलों के लिए विशेष एक्शन प्लान तैयार किया गया है तथा जिलों को दो श्रेणियों में बांटा गया है-
  - चैंपियन जिले- सात जिले (अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जोधपुर एवं कोटा)
  - आकांक्षी जिले- चार जिले (श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, नागौर एवं चूरू)

निवेश अनुकूलता सूचकांक में राजस्थान का प्रदर्शन-

- नीति आयोग द्वारा जारी निवेश अनुकूलता सूचकांक में राजस्थान को विभिन्न श्रेणियों में अलग-अलग स्थान प्राप्त हुए है।
  - समग्र रैंकिंग - 10वां स्थान
  - बड़े राज्यों की श्रेणी में - 8वां स्थान (अग्रणी राज्य)
  - नियामकीय सुगमता - 2वां स्थान।
  - निवेश प्रोत्साहन नीतियां - 3वां स्थान।
  - संसाधन - बड़े राज्यों में 5वां स्थान

किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना के लिए समझौता-

- 15 सितंबर, 2026 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना के लिए एमओयू हस्ताक्षरित हुआ।

- 15,000 करोड़ रुपये की इस परियोजना के लिए निम्न लोगों ने हस्ताक्षर किए-
- किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना-
  - अवस्थित- हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की सीमा पर
  - संबंधित नदी- टोंस नदी (यमुना नदी की सहायक नदी)
  - बांध का प्रकार- रोलर-कम्पैक्टेड कंक्रीट (RCC) ग्रेविटी डैम
  - बांध की ऊंचाई- 232.6 मीटर
  - कुल जलाशय क्षमता- 1,824 मिलियन घन मीटर
  - उपयोगी जल भंडारण- 1,561.91 मिलियन घन मीटर
  - कुल जल लाभ- 1,324 मिलियन घन मीटर
  - बिजली उत्पादन क्षमता- 422 मेगावाट (105.5 मेगावाट की 4 टर्बाइन)
  - सिंचाई/कृषि कमांड एरिया- करीब 1.02 लाख हेक्टेयर
  - पानी का मुख्य उपयोग- सिंचाई, पेयजल और बिजली उत्पादन में
  - कुल परियोजना लागत- करीब ₹14,037 करोड़
  - परियोजना क्षेत्र- करीब 3,000 हेक्टेयर, जबकि करीब 2,950 हेक्टेयर डूब क्षेत्र दर्ज है।
    - पानी का वितरण (1,324 MCM में से)-

राज्य	पेयजल एवं औद्योगिक जल आवंटन
हरियाणा	633 MCM
उत्तर प्रदेश	411 MCM
राजस्थान	124 MCM
दिल्ली	80 MCM
उत्तराखंड	34 MCM
हिमाचल प्रदेश	42 MCM

- **किशाऊ कॉर्पोरेशन लिमिटेड-**
  - परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 'किशाऊ कॉर्पोरेशन लिमिटेड' का गठन किया गया था।
  - हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्य सचिव दो-दो साल के अंतराल पर इसके अध्यक्ष बनते हैं।
- इस परियोजना में जल घटक की कुल लागत का 90 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार केंद्रीय सहायता के रूप में वहन करेगी, बाकी 10 प्रतिशत लागत छह राज्यों के बीच साझा की जाएगी।

राजस्थान पीएम सेतु के क्रियान्वयन में उत्तर भारत का पहला एवं देश का पाँचवां राज्य बना-

- प्रधानमंत्री के 'स्किल इंडिया मिशन' और 'विकसित भारत-2047' के तहत राजस्थान पीएम सेतु योजना को लागू करने वाला उत्तर भारत का पहला और देश का पाँचवाँ राज्य बन गया है।
- Note- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई 'स्टेट स्टीयरिंग कमेटी' की बैठक में भिवाड़ी क्लस्टर के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

राज्य के हाटों का पीपीपी मॉडल पर होगा संचालन-

- राज्य के पारंपरिक दस्तकारों, बुनकरों, महिला स्वयं सहायता समूहों (SHGs) और लघु उद्यमियों को आधुनिक विपणन मंच एवं उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने के लिए राजस्थान सरकार ने राज्य के हाटों को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की घोषणा की है।
- यह मुख्यमंत्री द्वारा 27 जून, 2026 को की गई घोषणा के क्रम में राज्य के 4 प्रमुख हाटों को सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल पर संचालित किया जाएगा जो निम्न है- अलवर हाट, पुष्कर हाट, जैसलमेर हाट, नाथद्वारा हाट

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा 'PAVITRA' तकनीक का आयोजन एवं प्रदर्शन-

- आयोजन तिथि- 18 सितम्बर, 2026
- आयोजन स्थल- जयपुर (राजस्थान)
- आयोजक- राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे।
- PAVITRA क्या है?-
  - PAVITRA भारत के लिए विकसित एक वैज्ञानिक एवं डेटा-आधारित निर्णय-सहायक मंच है।
  - यह विभिन्न नीतिगत और नियंत्रण उपायों के आधार पर उत्सर्जन में संभावित कमी तथा वायु में सूक्ष्म कण PM-2.5 की सांद्रता में होने वाले परिवर्तनों का वैज्ञानिक आकलन करता है।
  - इसका उपयोग आधारभूत मूल्यांकन, कार्ययोजनाओं के लिए प्राथमिकता निर्धारण, संभावित परिस्थितियों के आधार पर योजना निर्माण और कार्यान्वयन में तकनीकी सहयोग के लिए किया जाता है।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में राज्य के विभिन्न जिलों का प्रदर्शन-

- नागौर जिले की उपलब्धि-
  - फसल विविधीकरण और टिकाऊ खेती के तरीकों को बढ़ावा देने में- 18.44 पॉइंट्स के साथ देश में प्रथम स्थान
  - फसल कटाई के बाद स्टोरेज क्षमता बढ़ाने तथा लंबी अवधि के कृषि ऋण की पहुंच में- देश में चौथा स्थान
  - खेत की पैदावार बढ़ाने और बेहतर गवर्नेंस एवं सर्विस डिलीवरी में- देश में पाँचवां स्थान
  - सभी योजनाओं और उद्देश्यों को लेकर ओवरऑल परफॉर्मेंस में- 84.13 पॉइंट्स के साथ देश में दूसरा स्थान
- पाली जिले की उपलब्धि-
  - सिंचाई के बुनियादी ढांचे में सुधार करने के मामले में- देश में आठवां स्थान
  - ओवरऑल परफॉर्मेंस रैंकिंग में- देश में 11वां स्थान
- जैसलमेर में 2 हजार एकड़ में इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट आधारित जीरे की खेती और 500 एकड़ में सौर ऊर्जा आधारित स्प्रिंकलर सिंचाई के इस्तेमाल को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

एसडीआरएफ राजस्थान की राष्ट्रीय उपलब्धि-

- राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ), राजस्थान की टीम ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा आयोजित "नेशनल सीबीआरएन कम्पटीशन-2026" के द्वितीय स्तर (रीजनल लेवल) में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- प्रतियोगिता में गुजरात की टीम दूसरे स्थान पर रही।

राजस्थान के चार प्रमुख धार्मिक स्थलों का ₹50.93 करोड़ से होगा विकास-

- केंद्र सरकार ने राजस्थान के चार प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत कुल 50.93 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।
- चार धार्मिक स्थलों के लिए स्वीकृत राशि-

क्र. सं.	धार्मिक स्थल	स्थान	स्वीकृत राशि
1.	बाबा रामदेवजी धाम	रामदेवरा, राजस्थान	₹21.16 करोड़
2.	माँ देगराय मंदिर	जैसलमेर	₹11.84 करोड़
3.	मेहोजी मांगलिया मंदिर	बापिणी, फलोदी	₹16 करोड़
4.	कोलू पाबूजी धाम	कोलू, फलोदी	₹1.93 करोड़
	कुल		₹50.93 करोड़

देश की पहली सिरेमिक थर्मल स्टोरेज-आधारित केंद्रित सौर ऊर्जा परियोजना-

- राजस्थान में भड़ला सोलर पार्क में सिरेमिक थर्मल एनर्जी स्टोरेज आधारित केंद्रित सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने की पहल की गई है।

- परियोजना की विशेषताएँ-
  - स्थान- भड़ला सोलर पार्क, राजस्थान।
  - परियोजना की क्षमता- 320 किलोवाट।
  - संबंधित संस्थाएँ- राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड और राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड।
  - तकनीक- सिरेमिक आधारित तापीय ऊर्जा भंडारण।
  - तकनीक विकसित करने वाली कंपनी- अमेरिका स्थित 247Solar।
  - ऊर्जा का उपयोग- परियोजना से उत्पादित बिजली का उपयोग एनटीपीसी संयंत्र की आंतरिक एवं सहायक विद्युत आवश्यकताओं के लिए किया जाना प्रस्तावित है।

राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने जारी किया उद्योगों का संशोधित वर्गीकरण-

- 4 अगस्त, 2026 को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप औद्योगिक क्षेत्रों का संशोधित एवं समेकित वर्गीकरण लागू कर दिया है।
- उद्योगों की श्रेणी-
  - लाल - उच्च प्रदूषण क्षमता
  - नारंगी - मध्यम प्रदूषण क्षमता
  - हरा - कम प्रदूषण क्षमता
  - नीला - आवश्यक पर्यावरणीय सेवाएं (अपशिष्ट प्रबंधन)

भरतपुर-ब्यावर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे-

- कुल लंबाई- 277 किलोमीटर (4-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेस-वे)।
- अनुमानित कुल लागत- ₹8,656 करोड़
- वाहनों की अधिकतम गति सीमा- 120 किमी प्रति घंटा
- संबंधित जिले (6 जिले)- जयपुर, टोंक, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली और भरतपुर
- प्रारंभिक व अंतिम बिंदु- जयपुर जिले के दूदू स्थित ग्राम झाग से शुरू होकर यह एनएच-21 पर भरतपुर के ऊंचा नगला तक जाएगा।

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026-

- राजस्थान के शहरों की श्रेणीवार रैंकिंग-
  - श्रेणी-I (10 लाख से अधिक आबादी वाले शहर)-
    - 20th - जयपुर (174 अंक)
    - 24th - जोधपुर (163.2)
    - 37th - कोटा (146.3)
  - श्रेणी-II (3 से 10 लाख की आबादी वाले शहर)-
    - 6th - अलवर (192)
    - 8th - उदयपुर (187.5)

मिशन कर्मयोगी रैंकिंग में राजस्थान शीर्ष स्थान पर-

- मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की क्षमता निर्माण एवं लर्निंग आउटकम पर आधारित नवीनतम रैंकिंग में राजस्थान ने 62.49 के कम्पोजिट स्कोर के साथ राज्य श्रेणी 'C' (जनसंख्या के लिहाज से सबसे बड़े राज्य) में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

पोषण माह-2026 में राजस्थान द्वितीय स्थान पर-

- राजस्थान को राष्ट्रीय पोषण माह- सितंबर, 2026 के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए पूरे भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

- राजस्थान के टॉप 5 प्रदर्शन करने वाले जिले-
  - जोधपुर - 148.22 प्रतिशत - प्रथम स्थान
  - बीकानेर - 133.70 प्रतिशत - द्वितीय स्थान
  - पाली - 132.01 प्रतिशत - तृतीय स्थान
  - चूरू - 128.85 प्रतिशत - चतुर्थ स्थान
  - श्रीगंगानगर - 127.21 प्रतिशत - पंचम स्थान

स्पीकर श्री देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधान सभा में वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न समितियों का किया गठन-

- राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वर्ष 2026-27 के लिए विधान सभा की विभिन्न समितियों में सदस्यों एवं सभापतियों का मनोनयन किया है।

समिति	अध्यक्ष
जनलेखा समिति	श्री टीकाराम जूली
प्राक्कलन समिति 'क'	श्री संदीप शर्मा
प्राक्कलन समिति 'ख'	श्री बाबूसिंह राठौड़
राजकीय उपक्रम समिति	श्री कालीचरण सराफ
नियम समिति	श्री वासुदेव देवनानी
प्रश्न एवं संदर्भ समिति	श्री राजेन्द्र पारीक
महिलाओं एवं बालकों के कल्याण संबंधी समिति	श्रीमती कल्पना देवी
पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति	श्री नरेन्द्र बुडानियां
अनुसूचित जाति कल्याण समिति	श्री रमेश खींची
अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति	श्री फूल सिंह मीणा
पुस्तकालय एवं सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति	श्री हरिसिंह रावत
याचिका एवं सदाचार समिति	श्री कैलाश चन्द वर्मा
विशेषाधिकार एवं अधीनस्थ विधान संबंधी समिति	श्री जितेन्द्र कुमार गोठवाल
अल्पसंख्यकों के कल्याण एवं पर्यावरण संबंधी समिति	श्री केसाराम चौधरी
सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति	श्री वासुदेव देवनानी
गृह तथा स्थानीय निकायों एवं पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति	डॉ. जसवंत सिंह यादव

राजस्थान समान नागरिक संहिता, 2026 विधेयक-

- हाल ही में राजस्थान सरकार ने राजस्थान समान नागरिक संहिता, 2026 के विधेयक का प्रारूप तैयार करने हेतु समिति का गठन किया है।
- समिति की संरचना-

पद	नाम	परिचय
अध्यक्ष	श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई	सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति, उच्चतम न्यायालय
सदस्य	श्री शत्रुघ्न सिंह	सेवानिवृत्त आई.ए.एस.
सदस्य	श्री बसंत सिंह छाबा	अतिरिक्त महाधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय
सदस्य	श्री रामस्वरूप अग्रवाल	सेवानिवृत्त प्राचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय, श्रीगंगानगर
सदस्य	डॉ. शुचि चौहान	विषय विशेषज्ञ
सदस्य सचिव	अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह)	गृह विभाग, राजस्थान सरकार

- समिति द्वारा समान नागरिक संहिता के विधेयक के प्रारूप को समावेशी और पारदर्शी बनाने के लिए संभाग स्तर पर जन-संवाद को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।
- समान नागरिक संहिता के लिए संवैधानिक प्रावधान

राज्यसभा निर्वाचन-2026-

- राजस्थान से राज्यसभा चुनाव-2026 के लिए तीन प्रत्याशियों को निर्वाचित घोषित किया गया है।
- राजस्थान से राज्यसभा के लिए तीनों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए है।
- **निर्वाचित सदस्य-**
  1. डॉ. अलका सिंह - भारतीय जनता पार्टी
  2. डॉ. सतीश पूनिया - भारतीय जनता पार्टी
  3. श्री नीरज डांगी - इण्डियन नेशनल कांग्रेस

राज्य में एनआईए मामलों के लिए विशेष न्यायालय की स्थापना को मंजूरी-

- हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 16 जून, 2026 को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) मामलों की सुनवाई हेतु विशेष न्यायालय की स्थापना करने की स्वीकृति प्रदान की है।

संजय कुमार अग्रवाल बने राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति-

- 7 सितंबर, 2026 को राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने न्यायमूर्ति संजय कुमार अग्रवाल को राजस्थान उच्च न्यायालय के 44वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई।
- न्यायमूर्ति संजय कुमार अग्रवाल छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से स्थानांतरित हुए है।

राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालयों में नए कुलगुरु (कुलपति) नियुक्त-

- कार्यकाल की अवधि- पदभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो)।
- नवनिर्वाचित कुलगुरु एवं विश्वविद्यालय-

विश्वविद्यालय का नाम	स्थान	नवनि कुलगुरु (कुलपति)
राजस्थान विश्वविद्यालय	जयपुर	डॉ. भगवती प्रसाद सारस्वत
पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय	सीकर	डॉ. युद्धवीर सिंह
महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय	बीकानेर	प्रो. नरसी राम विश्नोई

राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के कार्यकाल का विस्तार-

- राज्य सरकार ने 'राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग' का कार्यकाल बढ़ाकर 31 मार्च, 2027 तक कर दिया है।
- आयोग की संरचना (5-सदस्यीय)-
  - अध्यक्ष- मदन लाल भाटी (सेवानिवृत्त न्यायाधीश, विख्यात विधिवेत्ता)
  - सदस्य- मोहन मोरवाल, प्रो. राजीव सक्सैना, एडवोकेट श्री गोपाल कृष्णा, पवन मंडाविया

वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति का राजस्थान दौरा

- 22-23 सितम्बर, 2026 को सांसद (लोकसभा) भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता में वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने दो दिवसीय राजस्थान दौरा किया।

राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2026-

- आयोजन तिथि- 17 से 26 अप्रैल, 2026
- आयोजन स्थल- जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में
- आयोजक- सहकारिता विभाग एवं राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड)
- उद्देश्य- राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों की सहकारी संस्थाओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण मसालों एवं अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री को एक मंच पर लाना।

आत्मनिर्भर धागे-

- आयोजन तिथि- 1 से 6 अप्रैल, 2026
- आयोजन स्थल- जयपुर
- आयोजक- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद द्वारा कमला पोद्दार संस्थान / एनआईएफ ग्लोबल, जयपुर के सहयोग से
- उद्देश्य- महिलाओं को पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइन की तकनीकों की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग देना।

ऑपरेशन जमुहार-

- यह राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा 5 राज्यों में चलाया गया मादक पदार्थ विरोधी ऑपरेशन था। इस ऑपरेशन के तहत मणिपुर से राजस्थान लाइ जा रही लगभग 4.5 करोड़ की अवैध अफीम की खेप को पकड़ा गया।
- इस ऑपरेशन का नामकरण (ज-मु-हा-र) पाँच राज्यों के शुरुआती अक्षरों को मिलाकर किया गया-
  - ज- जम्मू (जहां मुख्य सूत्रधार बैठा था)
  - म- मणिपुर (जहां से नशे की खेप चली)
  - उ- उत्तर प्रदेश (ट्रांजिट पॉइंट - लखनऊ)
  - हा- हरियाणा (जहां माल को दबोचा गया)
  - र- राजस्थान (जहां नशे की सप्लाई होनी थी)

ग्रामीण सेवा शिविर-2026-

- अवधि- 12 जून से 15 जुलाई, 2026 तक
- नोडल विभाग- राजस्व विभाग
- इस शिविर के दौरान जारी होने वाले सभी दस्तावेजों और प्रमाण-पत्रों पर "ग्रामीण सेवा शिविर-2026" की विशेष मोहर लगाई गयी।
- प्रमुख शासन सचिव (राजस्व) के निर्देशन में शिविर की प्रभावी समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर एक समन्वय प्रकोष्ठ का गठन किया गया था। शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक का कार्य उसी दिन पूर्ण करने का प्रयास किया गया।
- इस शिविर के तहत राजस्व विभाग के अलावा 21 अन्य महत्वपूर्ण विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

शहरी सेवा शिविर-2026-

- अवधि- 12 जून से 15 जुलाई, 2026 तक
- नोडल विभाग- नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग
- आयोजन स्थल- नगर निगम / नगर परिषद / नगर पालिका में आयोजित
- **शिविर में प्रदान की गयी सेवाएं-**
  - पट्टा एवं भूमि संबंधी सेवाएं, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना
  - पेंशन एवं जनकल्याणकारी योजनाएं
  - जलापूर्ति एवं सीवरेज संबंधी समाधान, स्वच्छता, सफाई एवं कचरा प्रबंधन
  - स्ट्रीट लाइट समस्या का निवारण, सड़क, नाली एवं सार्वजनिक स्थलों का सुधार
  - आवारा पशु नियंत्रण एवं समाधान, भवन अनुमति, मानचित्र स्वीकृति एवं अन्य सेवाएं

ई-गवर्नेंस पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीईजी)

- संस्करण- 29वां
- विषय- विकसित भारत 2047: एआई एनेबल्ड, डेटा ड्रिवेन एंड सिक्योर डिजिटल गवर्नेन्स
- आयोजन तिथि- 1-2 जुलाई, 2026

- आयोजन स्थल- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी), जयपुर
- आयोजक- प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और राजस्थान सरकार
- नॉलेज पार्टनर- नैस्कॉम एवं एमएनआईटी, जयपुर
- उद्घाटन- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा
- उद्देश्य- ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना, सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करना और सार्वजनिक सेवा वितरण के लिए भारत में डिजिटल शासन के नवीनतम पहलुओं पर विचार-विमर्श करना।

कॉमनवेल्थ पीस मीडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ कॉन्फ्रेंस-2026-

- आयोजन तिथि 31 जुलाई से 2 अगस्त, 2026
- आयोजन स्थल- द ललित होटल, जयपुर
- **आयोजक-**
  - राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
  - कॉमनवेल्थ लॉयर्स एसोसिएशन
  - सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन
  - निवारण- मेडिएटर्स ऑफ सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया
- उद्घाटन- 31 जुलाई, 2026, मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत द्वारा
- समापन समारोह- 2 अगस्त, 2026, अध्यक्षता- जस्टिस विक्रम नाथ (जज, सुप्रीम कोर्ट एवं कार्यकारी अध्यक्ष, एनएएलएसए)
- विषय- कॉमनवेल्थ पीस मीडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ
- मुख्य संरक्षक- न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा (कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय) और श्री हरि ओम अत्री (सदस्य सचिव, आरएसएलएसए)
- उद्देश्य- विवादों के शांतिपूर्ण व त्वरित समाधान के रूप में मध्यस्थता को बढ़ावा देना, वैश्विक न्यायिक सहयोग स्थापित करना और न्याय प्रणाली को अधिक जन-केंद्रित बनाना।
- इस कॉन्फ्रेंस के समापन पर 'जयपुर डिक्लेरेशन ऑन पीस मेडिएशन-2026' को अंगीकृत किया गया।

राजस्थान वाटर कॉन्क्लेव-2026

- **आयोजन तिथि**-24 जुलाई, 2026, **आयोजन स्थल**- जयपुर में
- **आयोजक-** द इकोनॉमिक टाइम्स, **उद्घाटन-** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- उद्देश्य- राज्य में जल सुरक्षा, जल संरक्षण और आधुनिक जल प्रबंधन की नीतियों पर चर्चा करना।

'आओ गांव चलें' अभियान-

- पाली जिला प्रशासन का अभियान है।
- उद्देश्य- अपने गाँव की मिट्टी से बिछड़े लोगों को फिर गाँव की मिटटी से जोड़ना।
- हाल ही में राज्य सरकार ने अभियान की सफलता से प्रभावित होकर सभी जिलों में प्रवासी प्रकोष्ठ गठित करने के निर्देश दिए हैं।

नेशनल मस्टर्ड डे 2026-

- संस्करण- द्वितीय, आयोजन तिथि- 31 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
- आयोजक- फिक्की और राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान
- इसमें सरसों उत्पादन में तकनीक-आधारित विकास, किसानों का सशक्तिकरण और सरसों के इकोसिस्टम को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया।

राजिसाकॉन-2026-

- संस्करण- 27वां, **आयोजन तिथि-** 1 अगस्त, 2026
- आयोजन स्थल- जॉलिवुड रिसोर्ट, पुष्कर (अजमेर)
- आयोजक- इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स राजस्थान स्टेट ब्रांच एवं एनेस्थीसियोलॉजी विभाग, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अजमेर
- मुख्य अतिथि- वासुदेव देवनानी

'ऑक्टेव 2026' के अंतर्गत सात दिवसीय नॉर्थ-ईस्ट पेंटर्स कैंप-

- आयोजन तिथि- 28 सितंबर से प्रारंभ (सात दिवसीय)
- आयोजन स्थल- आरआईसी (राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर)
- आयोजक- पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर और केन्द्रीय ललित कला अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से
- यह शिविर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित होने जा रहे 'ऑक्टेव 2026' के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

'पब्लिक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट–इंडियन स्टेट्स' पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम-

- आयोजन तिथि- 21-25 सितंबर, 2026, **आयोजन स्थल-** जयपुर (राजस्थान)
- आयोजक- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता केंद्र (SARTTAC - South Asia Regional Training and Technical Assistance Center)
- समारोह का उद्घाटन- मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास द्वारा किया गया।
- उद्देश्य-
  - सार्वजनिक निवेश का बेहतर प्रबंधन करना।
  - परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
  - सार्वजनिक निवेश से अधिकतम परिणाम प्राप्त कर आमजन और अर्थव्यवस्था को लाभ पहुँचाना।

'सही खान-पान, स्वस्थ राजस्थान' अभियान-

- आयोजन तिथि- 3 से 16 अक्टूबर, 2026
- आयोजन- संपूर्ण प्रदेश (स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, अस्पताल, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि) में
- आयोजनकर्ता- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार
- अभियान का संदेश- 'सुरक्षित खाएं-स्वस्थ रहें-स्थानीय खाएं-मिलावट को हराएं'
- अभियान का निर्देशन- श्रीमती गायत्री राठौड़ (प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य)
- उद्देश्य- आमजन को सुरक्षित, पौष्टिक एवं स्वस्थ खान-पान के प्रति जागरूक करना तथा मिलावट को रोकना।

ऑक्टेव 2026-

- आयोजन तिथि- 1 से 4 अक्टूबर तक
- आयोजन स्थल- जयपुर (राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से)
- राजस्थान में तीसरी बार आयोजन-
  - वर्ष 2012 में जोधपुर
  - वर्ष 2016 में अजमेर
- आयोजक- पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर (भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत)
- अध्यक्षता- गजेंद्र सिंह शेखावत (केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री)
- मुख्य अतिथि- हरिभाऊ किसनराव बागडे
- उद्देश्य- पूर्वोत्तर भारत की कला और सांस्कृतिक विरासत को देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाना।

45 वां इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ)-2026-

- संस्करण/बैठक/सत्र- 45 वां संस्करण
- आयोजन तिथि- 14 से 27 नवंबर, 2026
- आयोजन स्थल- भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली
- आयोजक- उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान सरकार
- उद्देश्य- राज्य की समृद्ध औद्योगिक, व्यापारिक एवं सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ निवेश की संभावनाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना
- **राजस्थान के सन्दर्भ में प्रमुख तथ्य-**
  - मेले में राजस्थान पार्टनर स्टेट के रूप में प्रभावी सहभागिता करेगा।
  - लगभग 1000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में राजस्थान पवेलियन स्थापित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के शिल्पकारों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प एवं कला के उत्कृष्ट नमूनों का प्रदर्शन होगा।
  - पवेलियन में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, रीको, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट BIP सहित विभिन्न विभागों की नवीन नीतियों और योजनाओं की जानकारी के लिए बिजनेस इंफॉर्मेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा।

आदि बाजार- प्रदर्शनी-सह-बिक्री-

- आयोजन तिथि- 13 से 20 अक्टूबर, 2026
- आयोजन स्थल- के. के. स्क्वायर मॉल, सी-स्कीम, जयपुर
- आयोजक- ट्राइफेड क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान (जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत)
- उद्देश्य- जनजातीय कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना एवं उनके उत्पादों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पारंपरिक हस्तशिल्प, हथकरघा एवं अन्य जनजातीय उत्पादों को प्रदर्शित कर उनकी बिक्री को बढ़ावा देना।

ग्लोबल हैप्पीनेस फोर्म एण्ड फैस्टिवल जयपुर 2026-

- आयोजन तिथि- 10 अक्टूबर 2026
- आयोजन स्थल- बिड़ला सभागार, जयपुर
- आयोजक- वर्ल्ड हैप्पीनेस फाउंडेशन, इण्डिया चैप्टर, जयपुर

"वेटनरी मेडिसन इन दी डिजिटल ऐरा" विषयक राष्ट्रीय सिम्पोजियम-

- आयोजन तिथि- 26 अक्टूबर, 2026
- आयोजन स्थल- राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, जोबनेर, राजस्थान
- आयोजक- राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, जोबनेर
- उद्देश्य- कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल तकनीक के युग में पशुओं के स्वास्थ्य, रोग निदान, पशुधन संरक्षण और पशु चिकित्सा के सतत विकास को बढ़ावा देना।
- प्रमुख तथ्य-
  - राजस्थान दुग्ध उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है।
  - राजस्थान में देश का सर्वाधिक देशी पशुधन है।

इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी वार्षिक सम्मेलन-2026

- सम्मेलन- 33वाँ
- आयोजन तिथि- 29 अक्टूबर 2026
- आयोजन स्थल- जयपुर, राजस्थान
- आयोजक- इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी
- शुभारंभ- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा
- उद्देश्य- तंत्रिका संबंधी रोगों के समय पर निदान एवं विशेषज्ञ उपचार को प्रोत्साहित करना।

खेल और क्रीड़ा से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाएँ एवं उपलब्धियाँ

राष्ट्रीय शूटिंगबॉल प्रतियोगिता-

- आयोजन तिथि-24 से 26 अप्रेल, 2026, **आयोजन स्थल**- अलवर में
- आयोजक- शूटिंगबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, राजस्थान शूटिंगबॉल एसोसिएशन और अलवर जिला शूटिंगबॉल संघ
- इस प्रतियोगिता में देश भर की 12 पुरुष टीमें व 8 महिला टीमों ने भाग लिया।

सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप-

- संस्करण- 51वीं सब-जूनियर एवं जूनियर
- आयोजन तिथि- 3 से 6 अक्टूबर, 2026
- आयोजन स्थल- अलंकार महिला पीजी महाविद्यालय, जयपुर
- आयोजक- जयपुर योग लीग (योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के सहयोग से एवं योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में)
- चैम्पियनशिप के विजेता (शीर्ष तीन राज्य)-
  - प्रथम स्थान- पश्चिम बंगाल
  - द्वितीय स्थान- हरियाणा
  - तृतीय स्थान- महाराष्ट्र
- प्रमुख तथ्य-
  - प्रतियोगिता में 29 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के करीब 925 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।
  - प्रतियोगिता में छह श्रेणियों (राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स, आर्टिस्टिक सोलो, आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक योग, फ्री फ्लो योग, प्रोफेशनल वूमेन योग) में मुकाबले हुए।

हॉकी राजस्थान के आम चुनाव-

- अध्यक्ष- महिपाल सिंह
- उपाध्यक्ष-
  - डॉ. आरती सिंह
  - मलकीत सिंह मान
  - मदन सिंह राठौड़

हीरानंद कटारिया-

- इनको भारतीय वुशू संघ की साधारण वार्षिक बैठक में हुए चुनाव में भारतीय वुशू संघ का निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया है। यह जयपुर निवासी और राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष है।

अरुंधती चौधरी-

- यह कोटा जिले की निवासी है। इनके द्वारा मंगोलिया में आयोजित एशियन बॉक्सिग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता गया है।

ख्वाहिश शर्मा-

- यह जयपुर की निवासी है। इनका चयन काहिरा (इजिप्ट) में 19 से 27 अप्रैल तक होने वाले आइएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) के लिए भारतीय टीम में हुआ है।

मनुश्री सक्सेना-

- यह राजस्थान की 8 वर्षीय कराटे खिलाड़ी है। मनुश्री ने 8 वर्ष की उम्र में ब्लैक बेल्ट (सेकंड डिग्री) हासिल कर कीर्तिमान दर्ज किया है। इससे पहले मनुश्री ने मात्र 4 वर्ष की उम्र में कराटे ब्लैक बेल्ट (फर्स्ट डिग्री) हासिल कर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाया था।

खुशी राणा-

- यह जोधपुर निवासी है जिन्होंने अंडर-15 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई है।
- अंडर-15 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 1-16 मई, 2026 के मध्य होगी।

नरेंद्र सिंह शक्तावत-

- यह भींडर, उदयपुर जिले निवासी है। इनकों अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल संघ से अंतरराष्ट्रीय जज के रूप में नियुक्ति और लाइसेंस प्राप्त हुआ है।

ओजस्विनी सारस्वत-

- यह जयपुर निवासी युवा गोल्फ खिलाड़ी है। इन्होंने हाल ही में सिपुत्रा जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप (इंडोनेशिया में आयोजित) में 'बेस्ट प्रॉमिसिंग प्लेयर' श्रेणी में रनर-अप स्थान हासिल किया है।

संयोगिता शेखावत-

- यह जयपुर की युवा शूटर है। इनका इटली के लोनाटो में होने वाले इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन जूनियर विश्वकप-2026 की स्कीट शूटिंग स्पर्धा के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है।

हर्षिता जाखड़-

- यह राजस्थान की 19 वर्षीय साइकिलिस्ट है। यह 'टूर डी फ्रांस फेम्स' का हिस्सा बनने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं।

रुद्रांश खंडेलवाल-

- यह राजस्थान के पैरा निशानेबाज है जो भरतपुर जिले के निवासी है।
- इनको युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2025 के तहत अर्जुन अवॉर्ड देने की घोषणा हुई है।

प्रमुख पुरस्कार, प्रकाशन और प्रतिष्ठित लेखक

मछली एवं वन्य प्राणी मित्र पुरस्कार-2026-

- अवार्ड संस्करण- छठा संस्करण
- अवार्ड प्रदात्ता- प्रभा खेतान फाउंडेशन (पीकेएफ) एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया
- **मछली पुरस्कार के विजेता-**
  - उदयपुर वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम
  - फॉरेस्ट गार्ड सरोज कंवर (रामगढ़ विषधारी, बूंदी)
  - फॉरेस्ट गार्ड अनीता कुमारी (शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य)
- **वन्य प्राणी मित्र पुरस्कार-**
  - यह पुरस्कार मानव-वन्यजीव संघर्ष के बेहतरीन प्रबंधन को मान्यता देता है।
  - इस बार यह पुरस्कार उदयपुर के लेक्चरर और कंजर्वेशनिस्ट दर्शन कुमार मेनारिया को प्रदान किया गया है।

मिस ग्रैंड राजस्थान 2026-

- हाल ही में जयपुर की मिस राजस्थान-2025 रनरअप मॉडल मीनाक्षी छापोला ने मिस ग्रैंड राजस्थान-2026 का खिताब अपने नाम किया है।

पीएम सूर्यघर योजना में राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर मिले 6 पुरस्कार

- **प्रमुख पुरस्कार एवं श्रेणियां-**
  - राज्य श्रेणी- '90 लाख से 1.50 करोड़ विद्त उपभोक्ता' वाले राज्यों के अंतर्गत, मई माह के दौरान रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों के सर्वाधिक आवेदन, इंस्टॉलेशन, निरीक्षण तथा वेंडर्स के रजिस्ट्रेशन की कैटेगरी में राजस्थान को द्वितीय पुरस्कार मिला।
  - जिला श्रेणी- सर्वाधिक इंस्टॉलेशन वाले देश के 10 सर्वश्रेष्ठ जिलों की कैटेगरी में जयपुर को 7वें स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया।
  - वेंडर श्रेणी- मई माह के दौरान उत्तर क्षेत्र के राज्यों में सर्वाधिक रूफ टॉप सोलर इंस्टॉलेशन की कैटेगरी में 'मिलन सौर ऊर्जा केंद्र' को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

30वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह-2026

- 29 जून, 2026 को जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में 30वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।
- **पुरस्कार-**

सम्मान/श्रेणी	संख्या	विवरण/विशेष नोट
शिक्षा विभूषण	49 भामाशाह	उत्कृष्ट एवं वृहद वित्तीय सहयोग हेतु
शिक्षा भूषण	105 भामाशाह	उल्लेखनीय भौतिक व आर्थिक सहयोग हेतु
प्रेरक सम्मान	99 प्रेरक	दानदाताओं को प्रेरित करने वाले व्यक्तित्व
एनआरआई (NRI) दानदाता	23 दानदाता	कुल सम्मानित सूची में शामिल प्रवासी भारतीय

ओकुहेपा के लिए डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी सम्मानित -

- हाल ही में मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के अंतर्गत संचालित साहित्य अकादमी ने वर्ष 2024 के अखिल भारतीय एवं प्रादेशिक कृति पुरस्कारों की घोषणा की है।
- अखिल भारतीय प्रोफेसर विष्णुकांत शास्त्री पुरस्कार आईएएस अधिकारी एवं साहित्यकार डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को उनके हिन्दी यात्रा-वृत्तांत 'ओकुहेपा' के लिए प्रदान किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-

- वर्ष 2026 के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए राजस्थान से दो शिक्षकों का चयन किया गया है।
- चयनित शिक्षक-
- **डॉ. दिव्येंदु सेन**
  - विद्यालय- महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पचपहाड़, झालावाड़
  - विशेष योगदान- विद्यालय को डिजिटल लैब में बदलना, पेड़ों पर QR कोड लगवाना (हाड़ौती-मालवी में जानकारी), और छात्रों के साथ नासा (NASA) अभियान में एस्टेरॉयड की खोज।
- **डॉ. वर्तिका गुलाटी**
  - विद्यालय- राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, चाकसू, जयपुर
  - विशेष योगदान- स्मार्ट क्लास, ई-कंटेंट, दीक्षा पोर्टल और गतिविधि आधारित नवाचारी शिक्षण।।

अंगदान जागरूकता के क्षेत्र में राजस्थान को मिले राष्ट्रीय पुरस्कार-

- 3 अगस्त, 2026 को नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राजस्थान को अंगदान संकल्प अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया।
- **प्रमुख उपलब्धि एवं राष्ट्रीय सम्मान-**
  - राजस्थान को "स्टेट अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन ऑर्गन डोनेशन अवेयरनेस" से सम्मानित किया गया।
  - 'अंगदान संकल्प अभियान' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान देश भर में प्रथम स्थान पर रहा।

राजस्थान फिल्म फेस्टिवल-

- संस्करण-14वें संस्करण
- आयोजन तिथि- 26 सितंबर, 2026
- आयोजन स्थल- दीप स्मृति आडिटोरियम, मानसरोवर (जयपुर)
- मंच संचालन- शर्मन जोशी और ईशा कोप्पिकर
- लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड- ममता कुलकर्णी
- राजस्थान फिल्म कैटेगरी के अवॉर्ड-

कैटेगरी	विजेता
बेस्ट डायरेक्टर	डक्सिन छाहरा
बेस्ट राइटर	सोनू रनदीप चौधरी
बेस्ट सिनेमैटोग्राफर	वीरधावल पुरानिक
बेस्ट एक्टर मेल	आशीष शर्मा
बेस्ट एक्टर फीमेल	निशा शर्मा
बेस्ट नेगेटिव कैरेक्टर	नगेन्द्र सिंह
बेस्ट सपोर्टिंग कैरेक्टर	निर्मल चिरानिया
म्यूजिक डायरेक्टर	गाजी खान
सिंगर मेल	मोती खान
सिंगर फीमेल	मोनिका भारद्वाज
लिरिक्स राइटर	जीत
बेस्ट मूवी	ओमलो

राजस्थान की दो नवाचारी शैक्षिक पहलों को स्कॉच पुरस्कार-

- खुशीशाला खुद की खोज- यह विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण।
- एआई आधारित दक्षता आकलन- केंद्रित क्षेत्र- तकनीक आधारित आधुनिक शिक्षण एवं मूल्यांकन।

33वें मथुरादास माथुर अवॉर्ड-

- पुरस्कार संस्करण- 33वां
- **वर्ष 2025-26 के पुरस्कार विजेता-**
  - सीनियर वर्ग - अशोक शर्मा (जयपुर) - गेंदबाज
  - जूनियर वर्ग - कुशाग्र ओझा (भीलवाड़ा) - बाएं हाथ के ऑलराउंडर
  - सब-जूनियर वर्ग- शिफान खान (जयपुर) - दाएं हाथ के बल्लेबाज
- विशेष सम्मान- भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम में टेस्ट डेब्यू करने के उपलक्ष्य में राजस्थान के खिलाड़ी मानव सुथार को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

आचार्य श्री तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार-2026-

- 23 सितम्बर, 2026 को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को जैन विश्व भारती में आयोजित आचार्य तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार समारोह में वर्ष 2026 का आचार्य श्री तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार उन्हें नारी जागरण, महिला सशक्तीकरण, सामाजिक उत्थान एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं बहुआयामी योगदान के लिए आचार्य श्री महाश्रमण के सान्निध्य में प्रदान किया गया।

राजस्थान में जैविक किसान पुरस्कार 2025-26 के लिए तीन किसानों का चयन-

- चयनित किसान-

क्र.सं.	किसान का नाम	जिला
1.	गिरधारी लाल गेदर	श्रीगंगानगर
2.	रावलचंद	फलोदी
3.	देवी लाल	झालावाड़

अंतर्राष्ट्रीय - राष्ट्रीय परिदृश्य

अंतराष्ट्रीय

बुल्गारिया यूरो ज़ोन का 21वाँ सदस्य बना-

- बुल्गारिया ने 1 जनवरी 2026 से आधिकारिक रूप से यूरो को अपनी राष्ट्रीय मुद्रा अपना लिया। इसके साथ बुल्गारिया यूरो ज़ोन का 21वाँ सदस्य बन गया।
- यूरोज़ोन- यह यूरो का इस्तेमाल करने वाले यूरोपियन यूनियन देशों का एक मौद्रिक संघ है।

भारत 'पैक्स सिलिका' में शामिल

- हाल ही में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच 'पैक्स सिलिका' (Pax Silica) घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर हुए।
- इससे भारत आधिकारिक रूप से इस पहल में शामिल हो गया।
- पैक्स सिलिका अमेरिका के नेतृत्व वाली एक रणनीतिक पहल है।
- उद्देश्य- सेमीकंडक्टर, एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला विकसित करना।

करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2025

- यह इंडेक्स ट्रांसपेरेंसी इन्टरनेशनल (TI) द्वारा जारी किया गया।
- इस सूचकांक में 182 देशों में डेनमार्क (स्कोर 89 अंक) पहले स्थान पर रहा।
- इस इंडेक्स का स्कोर 0 (अत्यधिक भ्रष्ट) से 100 (बहुत स्वच्छ) के बीच होता है।
- वर्ष 2025 में वैश्विक औसत स्कोर 42 रहा। (एक दशक से अधिक समय में सबसे कम)

भारत की स्थिति

- भारत इस इंडेक्स में 91वें स्थान पर रहा। (पिछले वर्ष 96वाँ स्थान)
- भारत का स्कोर 39 रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1 अंक अधिक है।

शीर्ष 5 सबसे कम भ्रष्ट देश	शीर्ष 5 सबसे अधिक भ्रष्ट देश
1.डेनमार्क (89)	1.साउथ सूडान (9)
2.फ़िनलैंड (88)	2.सोमालिया (9)
3.सिंगापुर (84)	3.वेनेजुएला (10)
4.न्यूज़ीलैंड (81)	4.यमन (13)
5. नॉर्वे (81)	5.लीबिया (13)

WTO मंत्रिस्तरीय सम्मेलन-

- विश्व व्यापार संगठन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन कैमरून के याउंडे में 26–29 मार्च 2026 तक आयोजित हुआ।
- इस सम्मेलन की अध्यक्षता कैमरून के व्यापार मंत्री ने की।

अर्जेंटीना WHO से अलग हुआ

- अर्जेंटीना ने मार्च, 2026 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से औपचारिक रूप से अलग होने की प्रक्रिया पूरी कर ली। संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी जनवरी 2026 में डब्ल्यूएचओ छोड़ा था।

चिली कुष्ठ रोग को खत्म करने वाला अमेरिका का पहला देश बना

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार चिली ने कुष्ठ रोग को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त कर दिया।
- यह उपलब्धि हासिल करने वाला अमेरिका महाद्वीप का पहला देश बना। विश्व स्तर पर यह जॉर्डन के बाद दूसरा देश है। यह पहल 2030 तक रोग उन्मूलन के वैश्विक लक्ष्य का हिस्सा है।

रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट समझौता-

- भारत और रूस ने रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट (RELOS) समझौते को लागू कर दिया है।
- मुख्य प्रावधान-
  - सैनिकों की तैनाती- दोनों देश एक-दूसरे के क्षेत्र में 3,000 सैनिक तैनात कर सकते हैं।
  - सैन्य संपत्ति- समझौते के तहत 5 युद्धपोत और 10 सैन्य विमानों को एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों पर रखने की अनुमति है।
  - लॉजिस्टिक्स सपोर्ट- इसमें ईंधन भरना, मरम्मत, कलपुर्जे, भोजन और चिकित्सा सहायता जैसे तकनीकी सहयोग शामिल हैं।

टाइम मैगजीन ने जारी की दुनिया के 100 प्रभावशाली लोगों की सूची-

- हाल ही में टाइम मैगजीन ने दुनिया के 100 प्रभावशाली लोगों की सूची जारी की। इस सूची में शामिल लोग राजनीति, बिजनेस टेक्नोलॉजी, विज्ञान, मनोरंजन और समाज के क्षेत्रों में बदलाव ला रहे हैं।
- भारतीय मूल के सुंदर पिचाई (तकनीक), रणबीर कपूर (मनोरंजन/सिनेमा), और विकास खन्ना (पाक कला/सामाजिक कार्य) को भी इस सूची में जगह मिली है।

Rising Repression Meets Global Resistance: Internet Shutdowns in 2025 Report

- जारीकर्ता- एक्सेस नॉउ और कीपइटऑन एलायंस
- इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में 52 देशों में कुल 313 इंटरनेट शटडाउन दर्ज हुए।
- इंटरनेट शटडाउन- भारत (सर्वाधिक 65 बार), म्यांमार (37), पाकिस्तान (24), ईरान (20)
- प्लेटफॉर्म शटडाउन- फेसबुक (31), वाट्सएप (27), टेलीग्राम (23), इंस्टाग्राम (20)।
- इन शटडाउन के पीछे मुख्य कारण संघर्ष, विरोध-प्रदर्शन, चुनाव, राजनीतिक अस्थिरता, साम्प्रदायिक हिंसा नियंत्रण और सूचना पर नियंत्रण रहे है।

सिंगापुर का चांगी दुनिया का बेस्ट एयरपोर्ट-

- सिंगापुर का चांगी एयरपोर्ट 14वीं बार दुनिया का सबसे बेहतरीन एयरपोर्ट घोषित हुआ है। उसे यह खिताब स्काईट्रैक्स वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स 2026 में मिला है।
- भारत के पाँच एयरपोर्ट टॉप-100 में शामिल हुए हैं जो निम्न है-
  - दिल्ली एयरपोर्ट- 28वां
  - बेंगलूरु एयरपोर्ट- 41वां
  - हैदराबाद एयरपोर्ट- 43वां
  - गोवा एयरपोर्ट- 64वां
  - मुंबई एयरपोर्ट- 66वां

'टाइम्स हायर एजुकेशन' एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026-

- जारीकर्ता- टाइम्स हायर एजुकेशन (THE)
- इसमें 36 देशों और क्षेत्रों के 929 विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया गया है।
- एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में चीन शीर्ष पर रहा है। टॉप-10 संस्थानों में से 5 चीन के हैं।
- एशिया के शीर्ष संस्थान-

रैंक	संस्था	देश/क्षेत्र	अंक
1	सिंघुआ विश्वविद्यालय	चीन	93.6
2	पेकिंग विश्वविद्यालय	चीन	93.1
3	सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एनयूएस)	सिंगापुर	91.1

- भारत इस रैंकिंग में सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है, जिसके 128 संस्थान रैंकिंग में शामिल हैं।

- भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु ने द एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 43वां स्थान हासिल किया है, जो पिछले साल के 38वें स्थान से पांच पायदान नीचे खिसक गया है।
- आईआईएससी शीर्ष 50 में शामिल एकमात्र भारतीय संस्थान बना हुआ है।
- **भारत के शीर्ष संस्थान-**

एशिया रैंक	संस्था का नाम	समग्र प्राप्तांक
43	भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc बेंगलुरु)	65.1
128	सेवेथा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज	52.0
141	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर	50.6
158	शूलिनी जैव प्रौद्योगिकी और प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय	49.4
160	जामिया मिलिया इस्लामिया	49.3
169	केआईआईटी विश्वविद्यालय	48.0
186	अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय	46.7
186	राउरकेला राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान	46.7
197	लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी	46.0
197	मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन	46.0
197	थापर इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान	46.0

ओपेक और ओपेक+ संगठन से संयुक्त अरब अमीरात बाहर

- हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और व्यापक ओपेक+ गठबंधन से बाहर निकलने की घोषणा की थी जो 1 मई, 2026 से प्रभावी हो गयी।
- यूएई ने यह ओपेक से बहार निकलने का फैसला राष्ट्रीय उत्पादन नीति, क्षमता और दीर्घकालिक आर्थिक प्राथमिकताओं की व्यापक समीक्षा के बाद लिया था।

विश्व प्रवासन रिपोर्ट-2026-

- हाल ही में इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (IOM) द्वारा विश्व प्रवासन रिपोर्ट-2026 जारी की है।
- **रिपोर्ट के निष्कर्ष-**
  - वर्ष 2024 के मध्य तक दुनिया में लगभग 30.4 करोड़ अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी थे। यह संख्या दुनिया की कुल आबादी का लगभग 3.7% है।
  - रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 के अंत तक दुनिया भर में 8.34 करोड़ लोग अपने ही देशों के भीतर विस्थापित थे, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।
- **भारत-**
  - भारत दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों का सबसे बड़ा मूल देश है।
  - भारत के सबसे अधिक प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं।
  - प्रवासियों द्वारा अपने गृह देश में धन भेजने के मामले में भारत वैश्विक स्तर पर शीर्ष स्थान पर है।

TIME-100 Philanthropy-2026

- हाल ही में टाइम पत्रिका ने TIME-100 Philanthropy-2026 सूची जारी की है।
- इस सूची में विओश्व के शीर्ष 100 परोपकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संस्थापकों के समाज कल्याण के लिए किये गये प्रयासों को चिह्नित किया जाता है।
- भारतीय व्यक्तित्व-
  - शिव नाडर
  - सुधीर और समीर मेहता

- भारतीय मूल के अमेरिकी-
  - राजीव जे. शाह
  - दीपक भार्गव
  - एन्ना वर्गीज

जी-7 शिखर सम्मेलन-2026-

- संस्करण- 52वां संस्करण
- विषय- नई साझेदारियों का निर्माण और अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को पुनर्जीवित करना।
- आयोजन तिथि- 15-17 जून, 2026
- आयोजन स्थल- एवियन, फ्रांस
- मेजबान देश- फ्रांस
- विशेष अतिथि देश- भारत, ब्राजील, मिस्र, केन्या, दक्षिण कोरिया, कतर, यूक्रेन और संयुक्त अरब अमीरात
- जी7 शिखर सम्मेलन कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका सहित जी7 सदस्य देशों के नेताओं के लिए प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला एक अंतरराष्ट्रीय मंच है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लिए अस्थायी सदस्यों का चुनाव-

- 3 जून 2026 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्यों चुनाव में पुर्तगाल, ऑस्ट्रिया, किर्गिस्तान, जिम्बाब्वे और त्रिनिदाद-टोबैगो नए अस्थायी सदस्य चुने गए हैं।
- इनका कार्यकाल वर्ष 2027-2028 के लिए होगा। इस परिषद में किर्गिस्तान पहली बार पहुंचा है।

ग्लोबल पीस इंडेक्स 2026

- संस्करण- 20वां
- जारीकर्ता- इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (आईईपी)
- संकेतक- 23 संकेतक
- शीर्ष स्थान- आइसलैंड
- अंतिम स्थान- रूस/163वां स्थान
- दुनिया के टॉप 10 सबसे शांत देश-

रैंकिंग	देश	रैंकिंग	देश
1.	आइसलैंड	6.	ऑस्ट्रिया
2.	न्यूजीलैंड	7.	पुर्तगाल
3.	स्विट्जरलैंड	8.	सिंगापुर
4.	स्लोवेनिया	9.	फिनलैंड
5.	आयरलैंड	10.	जापान

- **दक्षिण एशिया के देशों की रैंकिंग-**

रैंकिंग	देश
16	भूटान
67	श्रीलंका
111	नेपाल
117	बांग्लादेश
127	भारत
152	पाकिस्तान
157	अफगानिस्तान

- **भारत-**
  - इस सूचकांक में भारत को 127वां स्थान (स्कोर-2.409) प्राप्त हुआ।
  - जबकि भारत गत वर्ष 115वें स्थान पर था।
  - भारत की रैंकिंग में गिरावट का मुख्य कारण पाकिस्तान और म्यांमार के साथ बढ़ते तनाव के साथ-साथ मणिपुर में जारी जातीय हिंसा बताया गया है।

संयुक्त राष्ट्र सतत विकास रिपोर्ट 2026-

- जारीकर्ता- संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क
- वैश्विक परिदृश्य-
  - शीर्ष स्थान प्राप्त देश- फ़िनलैंड (1st), स्वीडन (2nd), डेनमार्क (3rd)
  - निम्न स्थान प्राप्त देश(क्रमश:)- चाड, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, दक्षिण सूडान
- भारत के सन्दर्भ में परिदृश्य-
  - भारत की वैश्विक रैंक- 94वीं
  - स्कोर- 68.3 समग्र स्कोर

यूएस फेडरल रिजर्व की 'स्पेशल टास्क फोर्स' में भारतीय मूल के तीन अर्थशास्त्रियों की नियुक्ति-

- अमेरिका के केंद्रीय बैंक यूएस फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति की समीक्षा व उसमें बदलाव के लिए गठित पाँच सदस्यी स्पेशल टास्क फोर्स में भारतीय मूल के तीन अर्थशास्त्रियों को नियुक्ति किया गया है।
- नियुक्ति भारतीय मूल के अर्थशास्त्री- राज चेट्टी, रघुराम राजन, आशा शर्मा

मक्का संयुक्त रक्षा समझौता-

- सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच 7 अगस्त, 2026 को सऊदी अरब के मक्का स्थित अल-सफा पैलेस में त्रिपक्षीय रक्षा समझौता हस्ताक्षरित हुआ है।
- **विशेषताएँ एवं प्रावधान-**
  - सामूहिक रक्षा का सिद्धांत- इसके तहत, हस्ताक्षरकर्ता तीन देशों में से किसी एक देश पर भी सशस्त्र हमला होने की स्थिति में उसे तीनों देशों पर हमला माना जाएगा।
  - संयुक्त राष्ट्र चार्टर से संबद्धता- इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 (व्यक्तिगत एवं सामूहिक आत्मरक्षा का अंतर्निहित अधिकार) के तहत स्थापित किया गया है।
  - सैन्य एवं तकनीकी समन्वय- तीनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच नियमित संयुक्त अभ्यास, खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान, लॉजिस्टिक्स सहयोग और सैन्य प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण का प्रावधान किया गया है।
  - विस्तार का विकल्प- समझौते में अन्य इच्छुक देशों के जुड़ने के लिए भी द्वार खुले रखे गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD) का सम्मेलन-

- कॉप सम्मेलन- 17वां,
- आयोजन तिथि- 17 अगस्त से 28 अगस्त, 2026
- आयोजन स्थल- उलानबटार, मंगोलिया
- विषय- Restoring Land. Restoring Hope
- सम्मेलन का उद्देश्य और प्राथमिकताएं
  - भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण से मुकाबला
  - चारागाह और पशुपालक वर्ष 2026- वर्ष 2026 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय चारागाह और पशुपालक वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है।
  - खाद्य, जल और राष्ट्रीय सुरक्षा|
- संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD)- स्थापना- 1994/ सदस्य- 197 देश

शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन-

- संस्करण- 26वां, **आयोजन तिथि-** 31 अगस्त से 1 सितंबर, 2026
- **आयोजन स्थल**- बिश्केक, किर्गिस्तान
- विषय- SCO के 25 वर्ष: सतत शांति, विकास और समृद्धि की ओर साथ-साथ
- इसमें भारत का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

डीवाई चंद्रचूड़ बने आर्बिट्रेटर-

- भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ को रूस ने यूक्रेन के सरकारी बैंक ओश्चादबैंक के साथ चल रहे एक बहु-मिलियन डॉलर के अंतरराष्ट्रीय निवेश संधि विवाद में अपना मध्यस्थ नियुक्त किया है।
- इस विवाद के समाधान के लिए तीन सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय ट्रिब्यूनल का गठन किया गया है-
  1. डायला जिमेनेज
  2. डी.वाई. चंद्रचूड़
  3. स्टावरोस ब्रेकूलाकिस

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2026

- **संस्करण-** 18वें, **आयोजन तिथि-** 12-13 सितंबर, 2026
- **आयोजन स्थल-** भारत मंडपम, नई दिल्ली, **अध्यक्षता और मेजबानी**- भारत
- विषय- "सुदृढ़शीलता, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण"।
- सदस्य देश- 11 देश (ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात)
- वर्ष 2026 में यह ब्रिक्स की अध्यक्षता करने का भारत का चौथा अवसर होगा। इससे पहले भारत 2012, 2016 और 2021 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर चुका है।
- **ब्रिक्स का वैश्विक योगदान-**
  - आबादी- विश्व की 49.5 प्रतिशत आबादी
  - जीडीप- वैश्विक जीडीपी का 40 प्रतिशत
  - विश्व व्यापार- विश्व व्यापार का 26 प्रतिशत
- वर्ष 2027 में 19वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का मेज़बान चीन होगा।

ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2026-

- **संस्करण**- 20वां, **जारीकर्ता**-विश्व आर्थिक मंच
- वैश्विक समानता स्कोर- 69.2 प्रतिशत
- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला देश- आइसलैंड (93 प्रतिशत)
- शीर्ष क्षेत्रीय स्थान- यूरोप (75.7 प्रतिशत)
- समानता प्राप्त करने का वैश्विक अनुमान- 120 वर्ष
- सर्वश्रेष्ठ सुधरने वाला आयाम- राजनीतिक सशक्तिकरण (+8प्रतिशत/20-वर्षीय अवधि में)
- सूचकांक के आयाम (चार)-

आयाम	समानता का वर्तमान स्तर (%)	पूर्ण समानता प्राप्त करने में अनुमानित वर्ष
स्वास्थ्य एवं जीवन रक्षा	96.2 प्रतिशत	-
शैक्षणिक उपलब्धि	96.9 प्रतिशत	8 वर्ष
आर्थिक भागीदारी एवं अवसर	61.7 प्रतिशत	129 वर्ष
राजनीतिक सशक्तिकरण	22.1 प्रतिशत	194 वर्ष

- शीर्ष स्थान- आइसलैंड (93 प्रतिशत)
- निम्न स्थान- 143वां स्थान- पाकिस्तान (59.5 प्रतिशत)

- भारत का प्रदर्शन- 131वाँ स्थान (64.5 प्रतिशत)

टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027-

- हाल ही में प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 जारी की गयी है।
- इस साल की रैंकिंग में 118 देशों के 2,297 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।
- टॉप 10 वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2027-

संस्थान	देश/क्षेत्र	रैंक 2027
यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड	ब्रिटेन	1
मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी	अमेरिका	2
प्रिंसटन यूनिवर्सिटी	अमेरिका	3
स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी	अमेरिका	3
यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज	ब्रिटेन	5

- भारत- भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु- 254वां स्थान (भारत में शीर्ष स्थान पर)

संयुक्त राष्ट्र महासभा का 81वां सत्र एवं आम सभा-

- संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र की आम सभा 22 से 28 सितंबर, 2026 को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित की गई। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. खलीलुर रहमान (बांग्लादेश) ने की।
- विषय- "विश्वास बहाल करना, परिवर्तन का प्रबंधन: एक ऐसा संयुक्त राष्ट्र जो सभी के लिए परिणाम दे"

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026-

- हाल ही में हेनले पासपोर्ट सूचकांक का अक्टूबर, 2026 संस्करण जारी किया गया।
- स्थान-
  - प्रथम स्थान- सिंगापुर (दुनिया का सबसे ताकतवर पासपोर्ट)
  - द्वितीय स्थान- जापान, दक्षिण कोरिया और यूएई (संयुक्त रूप से)
  - भारत- 84वां स्थान (साल 2025 में 85वां स्थान)
    - भारतीय पासपोर्ट से 55 देशों में फ्री-वीजा या वीजा-ऑन-अराइवल की सुविधा मिलती है।

वैश्विक नवाचार सूचकांक 2026-

- **संस्करण-** 19वाँ संस्करण, **जारीकर्ता-** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन
- **प्रथम प्रकाशन-** वर्ष 2007 में
- उद्देश्य- नवाचार प्रदर्शन को मापना।
- स्थान/रैंक- शीर्ष देश-

रैंक	देश	अंक
1	स्विट्जरलैंड	66.7
2	स्वीडन	63.2
3	अमेरिका	62.3
4	दक्षिण कोरिया	61.4
5	सिंगापुर	61.0
6	यूनाइटेड किंगडम	59.6
7	नीदरलैंड	58.4

- **भारत की स्थिति-**

क्र.	श्रेणी	भारत की रैंक
1	समग्र रैंकिंग	38वाँ
2	नवाचार आउटपुट	25वाँ
3	नवाचार इनपुट	49वाँ

बद्र समझौता-

- हाल ही में कतर की राजधानी दोहा में तुर्किए, कतर, इंडोनेशिया और पाकिस्तान ने बद्र समझौता पर हस्ताक्षर किए है।
- हस्ताक्षरकर्ता देश- तुर्किए, कतर, इंडोनेशिया और पाकिस्तान।
- उद्देश्य- सैन्य उत्पादन में आपसी सहयोग बढ़ाना और रक्षा तकनीक को साझा करना और विकसित करना।

राष्ट्रीय

भारत का पहला राज्य नवाचार मिशन-

- अगरतला (त्रिपुरा) में 26 फरवरी 2026 को भारत के पहले राज्य नवाचार मिशन (SIM) का शुभारंभ किया गया।
- उद्देश्य- नवाचार को जिलों और गांवों तक पहुँचाना, स्थानीय समस्याओं के समाधान विकसित करना और महिला व जनजातीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करना।

सेवा तीर्थ भवन परिसर का उद्घाटन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने13 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में 'सेवा तीर्थ' भवन परिसर का उद्घाटन किया।
- यह परिसर सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना का एक प्रमुख हिस्सा है।
- सेवा तीर्थ भवन- 'सेवा तीर्थ' प्रधानमंत्री कार्यालय और उससे संबंधित परिसरों का नया नाम है।

अहमदाबाद: भारत का पहला राष्ट्रीय बायोबैंक

- भारत सरकार ने फरवरी 2026 में अहमदाबाद (गुजरात) में लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर (LSDs) के लिए देश का पहला सरकारी समर्थित राष्ट्रीय बायोबैंक शुरू किया।
- यह फाउंडेशन फॉर रिसर्च इन जेनेटिक्स एंड एंडोक्रिनोलॉजी (FRIGE) के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ ह्मन जेनेटिक्स में स्थापित किया गया है।
- बायोबैंक एक केंद्रीय भंडार है जहाँ डीएनए, रक्त, प्लाज़्मा और मूत्र जैसे जैविक नमूने तथा संबंधित डेटा संग्रहित किए जाते हैं।

देश का पहला वृद्धजन बजट पेश करने वाला राज्य

- केरल ने वित्त वर्ष 2026–27 के बजट में देश का पहला अलग वृद्धजन बजट पेश किया। यह बजट वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े सभी सरकारी खर्चों को एक समेकित रूप में प्रस्तुत करता है।
- उद्देश्य- पारदर्शिता बढ़ाना और बढ़ती बुजुर्ग आबादी के कारण सार्वजनिक वित्त पर पड़ने वाले प्रभाव को स्पष्ट करना।

केरल: भारत की पहली व्यापक ग्राफीन नीति को मंजूरी

- केरल सरकार ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में भारत की पहली व्यापक ग्राफीन नीति को मंजूरी दी।
- इसका उद्देश्य केरल को ग्राफीन के अनुसंधान, विकास और उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाना है।

हैदराबाद: रेयर अर्थ मैग्नेट के लिए देश का पहला पायलट प्लांट

- भारत सरकार ने मार्च 2026 में तेलंगाना के हैदराबाद में देश का पहला रेयर अर्थ मैग्नेट का पायलट प्लांट स्थापित किया।
- यह प्लांट ARCI (Advanced Research Centre) में स्थापित किया गया है।
- इसमें Nd-Fe-B (नियोडिमियम-आयरन-बोरॉन) मैग्नेट का निर्माण किया जाएगा।
- यह 7,280 करोड़ रुपये की सरकारी योजना (PLI) का हिस्सा है।
- इसका लक्ष्य 6,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (MTPA) की एकीकृत क्षमता स्थापित करना है।

गुरुग्राम: भारत का पहला LPG ATM

- हरियाणा के गुरुग्राम में सेक्टर 33,सोहना में सेंट्रल पार्क फ्लावर वैली में भारत की पहली तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (LPG) ऑटोमेटेड टेलर मशीन (ATM) लॉन्च किया।
- महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी किया गया।
- यह 'BharatGas Insta LPG' पायलट प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वचालित गैस वितरण को बढ़ावा देना है।

कालिंजर किला पहाड़ी राष्ट्रीय भू-धरोहर स्थल

- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में स्थित कालिंजर किला पहाड़ी को राष्ट्रीय भू-धरोहर स्थल घोषित किया है।
- यह स्थल अपनी विशेष भूवैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्ता के लिए जाना जाता है।
- यहाँ 'एपार्कियन अनकॉनफॉर्मिटी' नामक दुर्लभ भूवैज्ञानिक संरचना है, जो लगभग 1.3 अरब वर्षों का अंतर दर्शाती है।

लक्षद्वीप: भारत का पहला ओशन थर्मल एनर्जी कन्वर्जन (OTEC) प्लांट

- भारत का पहला ओशन थर्मल एनर्जी कन्वर्जन (OTEC) प्लांट लक्षद्वीप के कावरत्ती में विकसित किया जा रहा है।
- OTECतकनीक समुद्र के गर्म और ठंडे पानी के तापमान अंतर से बिजली उत्पन्न करती है।
- यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा और पेयजल (डिसेलिनेशन) दोनों उपलब्ध कराएगी। यह द्वीप क्षेत्रों के लिए टिकाऊ ऊर्जा समाधान प्रदान करेगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर हवाई अड्डे) के प्रथम चरण का उद्घाटन-

- **उद्घाटन-** 28 मार्च, 2026 को, **अवस्थित-** जेवर, गौतम बुद्ध नगर
- निर्माता- ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की सहायक कंपनी 'यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड' के द्वारा।
- क्षमता- प्रथम चरण के पूरा होने पर यह प्रति वर्ष 1.2 करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा।
- प्रथम चरण में एक रनवे और एक टर्मिनल बिल्डिंग तैयार की गई है।
- यह भारत का पहला हवाई अड्डा है जिसे शुद्ध शून्य उत्सर्जन हवाई अड्डे के रूप में डिजाइन किया गया है।
- इसके सभी चरणों का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह एशिया का सबसे बड़ा और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा हवाई अड्डा बन जाएगा।

एनएचएआई आरोग्य वन परियोजना -

- यह सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परियोजना है।
- इसके तहत एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे खाली पड़ी जमीनों पर औषधीय वृक्षारोपण करेगा। इस परियोजना के तहत पहले चरण में कुल 62.8 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले 17 भूखंडों को चिह्नित किया गया है।
- इससे राजमार्गों के आसपास पारिस्थितिक संतुलन, परागणकों, पक्षियों और सूक्ष्मजीवों को सहारा तथा औषधीय पौधों की समृद्ध विरासत को संरक्षित किया जा सकेगा।

From Borrowers to Builders: Women and India's Evolving Credit Market रिपोर्ट

- जारीकर्ता- नीति आयोग
- संस्करण- दूसरा
- जारी तिथि- 7 अप्रैल, 2026 को
- यह रिपोर्ट महिला उद्यमिता मंच (WEP), ट्रांसयूनियन सिबिल (TransUnion CIBIL) और माइक्रोसेव कंसल्टिंग (MSC) के सहयोग से तैयार की गई है।
- रिपोर्ट के मुख्य बिंदु –
  - महिलाओं के बीच क्रेडिट की पहुंच 19% से बढ़कर 36% हो गई है।
  - भारत में महिला उधारकर्ताओं के पास अब ₹76 लाख करोड़ का क्रेडिट पोर्टफोलियो है, जो कुल सिस्टम क्रेडिट का 26% है।
  - वर्ष 2017 के बाद से महिलाओं के क्रेडिट एक्सपोजर में 4.8 गुना की वृद्धि हुई है। यह ₹16 लाख करोड़ (2017) से बढ़कर ₹76 लाख करोड़ (2025) हो गया है।

कंकरिया बना भारत का पहला वॉटर न्यूट्रल कोचिंग डिपो–

- अहमदाबाद स्थित कंकरिया कोचिंग डिपो (पश्चिम रेलवे) भारत का पहला पूर्णत: 'वॉटर न्यूट्रल' रेलवे डिपो बना है।
- यह डिपो प्रतिदिन लगभग 1.60 लाख लीटर पानी की बचत करता है, जिससे ताजे पानी पर निर्भरता कम हुई है।

इन्फो वैली में भारत की पहली उन्नत 3डी सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई का उद्घाटन-

- हाल ही में इन्फो वैली, भुवनेश्वर (ओडिशा) में 19 अप्रैल, 2026 को देश की पहली उन्नत 3D सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई का शिलान्यास किया गया है। इस इकाई में प्रति वर्ष 70,000 ग्लास पैनल, 50 मिलियन असेंबल किए गए यूनिट और लगभग 13,000 उन्नत 3डीएचआई मॉड्यूल का उत्पादन होने की सम्भावना है।

विश्व सूत्र-

- वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय और राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान ने 19 अप्रैल, 2026 भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित 61वीं फेमिना मिस इंडिया में "विश्व सूत्र- दुनिया के लिए भारत की बुनाई" नामक कलेक्शन का अनावरण किया है।
- विश्व सूत्र पहल का उद्देश्य भारतीय पारंपरिक हथकरघा को वैश्विक फैशन और आधुनिक डिजाइन के साथ जोड़ना है। यह पहल भारत सरकार की "लोकल से ग्लोबल तक वोकल" और प्रधानमंत्री के 5F (फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फॉरेन) विजन को साकार करती है।

भारत की पहली पॉड टैक्सी परियोजना का उदघाटन-

- हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने 07 अप्रैल, 2026 को मुंबई में भारत की पहली चालक रहित 'पॉड टैक्सी' परियोजना का शिलान्यास किया।
- यह टैक्सी प्रणाली ड्राइवर रहित और एआई द्वारा संचालित हैं तथा इसमें अधिकतम छह यात्री बैठ सकते हैं। इसकी अधिकतम गति 40 किमी/घंटा होगी
- यह परियोजना कुर्ला और बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बीच 8.85 किलोमीटर में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

'पद्म डोरी' का वैश्विक लॉन्च-

- हाल ही में पूर्वोत्तर हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम ने 1 मई, 2026 को औपचारिक रूप से 'पद्म डोरी' का अनावरण किया है।
- पद्म डोरी एक विशिष्ट अंतर-सांस्कृतिक वस्त्र पहल है, जो पूर्वोत्तर भारत की एरी (अहिंसा) रेशम परंपराओं को मध्य प्रदेश की चंदेरी बुनाई की समृद्ध धरोहर के साथ जोड़ती है।
- इस पहल में दो विशिष्ट वस्त्र शैलियों का मिश्रण है, जो निम्न है-

1. एरी रेशम- यह पूर्वोत्तर भारत का प्रसिद्ध रेशम है। इसे 'अहिंसा रेशम' भी कहा जाता है क्योंकि इसमें रेशम के कीड़ों को मारे बिना धागा निकाला जाता है।
2. चंदेरी बुनाई- यह मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक और उत्कृष्ट बुनाई कला है, जो अपने सूक्ष्म अलंकरणों और हल्के वजन वाले वस्त्रों के लिए जानी जाती है।

गुजरात में भारत का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर-रहित टोलिंग सिस्टम लॉन्च-

- हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने गुजरात में भारत की पहली मल्टी-लेन फ्री फ्लो (MLFF) बाधा रहित (बैरियर-लेस) टोलिंग प्रणाली के शुभारंभ की घोषणा की है।
- यह प्रणाली राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के सूरत-भरूच खंड पर स्थित चोरायासी टोल प्लाजा पर शुरू हुई है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि को मंजूरी-

- यह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में 4 की वृद्धि अर्थात 33 से बढ़ाकर 37 (भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) करने का प्रावधान करता है।

भारत की पहली सीसीयूएस फील्ड प्रयोगशाला का उद्घाटन

- हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने 10 मई, 2026 को आईआईटी-बॉम्बे में भारत इनोवेट्स 2026 के अंतर्गत भारत की पहली एकीकृत कार्बन कैप्चर, यूटिलाइज़ेशन और स्टोरेज (सीसीयूएस) फील्ड प्रयोगशाला सुविधा का उद्घाटन किया।
- इस सीसीयूएस फील्ड प्रयोगशाला का विकास आईआईटी-बॉम्बे के पृथ्वी विज्ञान विभाग के प्रोफेसर और डीएसटी-राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के संयोजक प्रोफेसर विक्रम विशाल के नेतृत्व में किया गया है।
- यह भारत की पहला पूर्ण विकसित फील्ड प्रयोगशाला है जो बेसाल्ट संरचनाओं में कार्बन कैप्चर और यूटिलाइज़ेशन (सीसीयू) को भूवैज्ञानिक कार्बन डाइऑक्साइड पृथक्करण (जीसीएस) के साथ एकीकृत रती है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने "कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की प्रोत्साहन योजना" को मंजूरी प्रदान की-

- हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पृथ्वी की सतह के निकट पाये जाने वाले कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है।
- उद्देश्य- भारत में कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण कार्यक्रमों में तेजी लाना, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना और महत्वपूर्ण रसायनों के आयात पर निर्भरता को कम करना।
- **योजना की प्रमुख विशेषताएं-**
  - इसके लिए 37,500 करोड़ रुपये का वित्तीय परिव्यय किया जायेगा।
  - इसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन कोयला गैसीकरण प्राप्त किया जायेगा।
  - इसके लिए संयंत्र और मशीनरी की लागत के अधिकतम 20 प्रतिशत तक वित्तीय प्रोत्साहन दिया जायेगा।

सिक्किम बना देश की पहली पेपरलेस राज्य न्यायपालिका-

- हाल ही में देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने 1 मई, 2026 को गंगटोक में सिक्किम को देश की पहली 'पेपरलेस राज्य न्यायपालिका' घोषित किया। सिक्किम के न्यायालयों में अब कानूनी प्रक्रियाएं इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से होंगी जिससे कागजी कार्रवाई खत्म होगी।

'दरबार मूव' परंपरा-

- हाल ही में जम्मू और कश्मीर सरकार ने 150 साल पुरानी 'दरबार मूव' परंपरा बहाल कर दिया है। इस परम्परा के अनुसार सचिवालय और सरकारी कार्यालय जम्मू से श्रीनगर शिफ्ट होकर 6 महीने वहीं से काम करेंगे।
- इस परम्परा के अनुसार गर्मी में श्रीनगर और ठंड में जम्मू से सरकार चलती है।
- वर्ष 1872 में शुरू हुई यह परंपरा 2021 में बंद हुई थी।
- इस परंपरा का उद्देश्य दोनों क्षेत्रों में प्रशासन की पहुंच बनाए रखना है।

अमरावती बनी तेलंगाना की आधिकारिक और स्थायी राजधानी-

- लोकसभा ने आंध्रा पुनर्गठन अधिनियम, 2014 में संशोधन कर अमरावती को राज्य की एकमात्र राजधानी घोषित किया। पहले राज्य में तीन राजधानियों विशाखापट्टनम (कार्यकारी), अमरावती (विधायी) औरकुर्नूल (न्यायिक)का मॉडल प्रस्तावित था। यह फैसला 2 जून 2024 से प्रभावी माना जाएगा।

कमला जलविद्युत परियोजना-

- केन्द्रीय आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने अरुणाचल प्रदेश के कामले, क्रा दादी और कुरुंग कुमे जिलों में कमला नदी (सुबनसिरी की सहायक नदी) पर स्थित कमला जलविद्युत परियोजना के निर्माण के लिए 26,069.50 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है।

वर्कला शहर-

- केरला के वर्कला शहर को 20 सिटीज़ टुवर्ड्स ज़ीरो वेस्ट पहल के प्रथम संस्करण में शामिल किया गया है। यह शहर इस वैश्विक पहल के पहले संस्करण में शामिल होने वाला भारत का एकमात्र शहर बना है।
- 20 सिटीज टुवर्ड्स जीरो वेस्ट पहल- यह संयुक्त राष्ट्र की कचरा प्रबंधन और सतत विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है।

महा जल मिशन का शुभारम्भ-

- शुभारंभ- 1 जून, 2026 को
- यह मिशन अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन और जल शक्ति मंत्रालय की संयुक्त पहल है जिसपर ₹200 करोड़ का वित्तीय परिव्यय किया जायेगा।
- इस मिशन का उद्देश्य जल संबंधी गंभीर चुनौतियों के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी विकास, क्षेत्र सत्यापन और कार्यान्वयन में सहयोग करना है।
- यह महा जल मिशन 5 रणनीतिक क्षेत्रों पर केंद्रित है|

अरावली की परिभाषा की जांच के लिए हाई-पावर कमेटी गठित-

- अध्यक्ष- कंचन देवी- पदेन अध्यक्ष (महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद सदस्य)
- सदस्य-
  - डॉ. सुभाष आशुतोष
  - डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा
  - बृज मोहन सिंह राठौर
  - प्रो. अशोक के. भटनागर
  - सदस्य सचिव- भारत सरकार के वन मंत्रालय के निदेशक स्तर का अधिकारी
- आमंत्रित सदस्य-
  - प्रो. जगदीश कृष्णास्वामी
  - प्रो. (डॉ.) लक्ष्मीकांत शर्मा

सुमन रोडमैप 2030-

- लॉन्च- 29 जून, 2026 को
- उद्देश्य-
  - देशभर में मातृ और नवजात शिशु स्वास्थ्य देखभाल में आमूल बदलाव लाना।
  - 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में भारत की प्रगति में तेजी लाना।
  - मातृ मृत्यु दर को 2030 तक प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर 70 से कम करना।
  - नवजात मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को और नीचे लाना।

प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे लगातार कार्यकाल वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बने-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 जून, 2026 को भारत के सबसे लंबे लगातार कार्यकाल वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए।
- पीएम मोदी ने निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर 4,399 दिनों तक पद पर रहने का पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

E85 फ्यूल-

- केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 5 जून, 2026 को दिल्ली में देश का पहला 85 प्रतिशत एथेनॉल मिक्स E85 फ्यूल लॉन्च किया है।
- यह फ्यूल दिल्ली के इंडियन ऑयल के पूसा रोड आउटलेट पर लाँच किया गया किया।

खेत बचाओ अभियान-

- शुभारंभ- 1 जून, 2026 को रमासिया ग्राम, रायसेन जिले (मध्यप्रदेश) से
- यह अभियान 1 जून से 30 जून, 2026 तक चला।
- उद्देश्य-
  - मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करना।
  - रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग घटाना।
  - किसानों को प्राकृतिक तथा वैज्ञानिक खेती के लिए जागरूक करनना।

भारत की पहली 'ईज़ी कनेक्ट' उड़ान का शुभारंभ

- शुभारंभ- 25 जून, 2026 को वाराणसी से हब-एंड-स्पोक मॉडल के तहत
- यह भारत को एक वैश्विक विमानन केंद्र में बदलने और टीयर-2 और टीयर-3 शहरों से यात्रियों को निर्बाध अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी प्रदान करने में सहायक होगी।

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जुलाई, 2026 को हरियाणा के जींद से सोनीपत के बीच देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- विशेषताएं-
  - कोच/डिब्बे- 10 कोच
  - 1200 KW हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणोदन प्रणाली से संचालित।
  - गति-
    - डिजाइन गति -110 किलोमीटर प्रति घंटे
    - संचालित गति- 75 किलोमीटर प्रति घंटे अधिकतम
  - यात्री क्षमता- लगभग 2,600
  - चरण - प्रोटोटाइप निर्माण के माध्यम से डिजाइन चरण से विकसित।
  - हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना को अनुसंधान, डिजाइन और मानक संगठन के डिजाइन अनुमोदन और तकनीकी विशिष्टताओं के अनुसार विकसित किया गया है।

सारनाथ, यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल-

- 25 जुलाई, 2026 को दक्षिण कोरिया के बुसान में आयोजित विश्व धरोहर समिति के 48वें सत्र में भारत द्वारा वर्ष 2025-26 चक्र के लिए नामित "प्राचीन बौद्ध स्थल सारनाथ" को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कर लिया गया है।
- यह यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में मान्यता प्राप्त करने वाला भारत का 45वां स्थल है।
- यूनेस्को सूची में सम्मिलित क्षेत्र में सारनाथ के निम्नलिखित प्रमुख स्थल शामिल हैं-

- चौखंडी स्तूप- वह स्थान जहाँ बुद्ध अपने प्रथम पाँच शिष्यों से मिले थे।
- धमेख स्तूप- विशाल बेलनाकार स्तूप जो प्रथम उपदेश के सटीक स्थल को चिह्नित करता है।
- धर्मराजिका स्तूप- सम्राट अशोक द्वारा बुद्ध के अवशेषों को रखने के लिए निर्मित।
- मूलगंधकुटी विहार- सारनाथ में बुद्ध का प्रथम 'वर्षावास' (निवास स्थल)।
- अशोक स्तंभ- 3वीं शताब्दी ईसा पूर्व का स्तंभ, जिसका सिंह शीर्ष भारत का राष्ट्रीय प्रतीक।

परीक्षा सुधार पर हाई-पावर्ड टास्क फोर्स गठित-

- टास्क फोर्स में सम्मिलित सदस्य-
- अध्यक्षता- नंदन नीलेकणि-
- सदस्य-
  - प्रो. वी. कामकोटी- निदेशक, आईआईटी मद्रास
  - डॉ. एस. सोमनाथ- इसरो के पूर्व अध्यक्ष
  - अनीता करवाल- पूर्व अध्यक्ष, सीबीएसई
  - तपन डेका- पूरब आईबी निदेशक
  - अमृत लाल मीणा- वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञ

'विकसित उड़ान' का शुभारंभ-

- केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी- 25 मार्च, 2026
- शुभारम्भ- 4 जुलाई, 2026
- परिव्यय- लगभग 29,000
- अवधि- 10 वर्ष
- उद्देश्य- द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों तथा दूरस्थ क्षेत्रों में हवाई यात्रा को बढ़ावा देना।
- इसके तहत-
  - 12,159 करोड़ रुपये के निवेश के साथ मौजूदा अनर्वोद्ध हवाई जहाजों से 100 एयरोड्रोम के विकास के माध्यम से क्षेत्रीय विमानन बुनियादी ढांचे के विस्तार।
  - क्षेत्रीय हवाई अड्डों के लिए संचालन और रखरखाव सहायता, 3,661 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 200 आधुनिक हेलीपैड के विकास और क्षेत्रीय एयरलाइन संचालन को बनाए रखने के लिए 10,043 करोड़ रुपये की निरंतर व्यवहार्यता अंतर निधि प्रदान।

भारत की प्रथम "प्वाइंट-इन-स्पेस" इंस्ट्रूमेंट अप्रोच प्रक्रिया को मंजूरी-

- हाल ही में भारत की प्रथम प्राइवेट प्वाइंट-इन-स्पेस इंस्ट्रूमेंट अप्रोच प्रक्रिया को उंडावल्ली हेलीपोर्ट (आंध्र प्रदेश) पर हेलीकॉप्टर परिचालन के लिए मंजूरी प्रदान की गई।
- प्वाइंट-इन-स्पेस को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा विकसित किया गया है तथा नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) द्वारा मंजूरी दी गई है।
- **प्वाइंट-इन-स्पेस तकनीक-**
  - यह उन्नत, उपग्रह-आधारित हेलीकॉप्टर नेविगेशन प्रणाली है, जिससे बिना पारंपरिक लैंडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के भी हेलीकॉप्टर सुरक्षित लैंड कर सकते हैं।
  - यह प्रतिकूल मौसम और उन क्षेत्रों में अत्यंत लाभकारी है जहाँ भूमि-आधारित नेविगेशन सहायता उपलब्ध नहीं होती। इसके माध्यम से इंस्ट्रूमेंट फ्लाइट रूल्स के तहत सुरक्षित और सटीक उड़ान संभव होगी।

दानवीर पहल का शुभारंभ-

- 29 जुलाई, 2026 को पंचायती राज मंत्रालय ने नई दिल्ली में देशभर की ग्राम पंचायतों के डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नागरिक सहभागिता पहल 'दानवीर' का शुभारंभ किया।
- पंचायती राज मंत्रालय की इस पहल का विकास राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और डिजीहाट के सहयोग से विकसित किया गया है।

- दानवीर-
  - यह पारदर्शी, पूर्णतः डिजिटल और सत्यापन योग्य मंच है।
  - इसके माध्यम से नागरिक और संस्थाएं स्वैच्छिक रूप से ग्राम पंचायतों को कंप्यूटर एवं डिजिटल उपकरण दान कर सकते हैं।

राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना- 'समुद्र मंथन'-

- मंजूरी- 31 जुलाई, 2026
- यह एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है।
- मंत्रालय- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय
- वित्तीय व्यय- 84,084 करोड़ रुपये
- कार्यान्वयन अवधि- वित्त वर्ष 2030-31 तक
- उद्देश्य- भारत की अपतटीय ऊर्जा क्षमता का बेहतर उपयोग करना।

प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना (पीएम-एसएसवाई)-

- मंजूरी- 31 जुलाई, 2026
- योजना के तहत वित्तीयन राशि का प्रावधान- 5,070 करोड़ रुपये
- लक्ष्य क्षमता-
  - 5,000 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर पीवी प्रोजेक्ट।
  - 10,000 मेगावाट घंटे की ऊर्जा भंडारण प्रणाली (कम से कम 2 घंटे का बैटरी स्टोरेज)
- समयसीमा-
  - परियोजना अवधि- वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक
  - परियोजनागत वित्तीय सहायता अवधि- वित्त वर्ष 2032-33 तक

मिजोरम के "प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय" को 'निर्दिष्ट भंडार' का दर्जा-

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल स्थित प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय को 21वें निर्दिष्ट भंडार के रूप में अधिसूचित किया है।
- केन्द्रीय मंत्रालय ने यह अधिसूचना जैविक विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 39 के तहत की है।

उत्तराखंड देश का छठा पूर्ण साक्षर राज्य बना-

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 व उल्लास कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड देश का छठा पूर्ण साक्षर राज्य बन गया।
- उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने केंद्रीय मानक पूरे होने पर राज्य को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया।
- इससे पहले मिजोरम, गोवा, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश व सिक्किम को यह दर्जा प्राप्त हो चुका है।

गोबरधन योजना-

- अनुमोदन वर्ष- अगस्त, 2026
- वित्तीय परिव्यय- ₹23,731 करोड़
- कार्यान्वयन अवधि- वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2035-36 (10 वर्ष)
- मंत्रालय- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार
- उद्देश्य-
  - घरेलू संपीड़ित बायोगैस (CBG) उत्पादन को लगभग 10 गुना बढ़ाना।
  - बड़े पैमाने पर निजी निवेश आकर्षित करना।
  - देश में एक जीवंत चक्रीय जैव-अर्थव्यवस्था का निर्माण करना।

ई-समुद्र-

- 8 अगस्त, 2026 को केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने समुद्री सेवाओं के डिजिटलीकरण और नाविकों के कल्याण के लिए 'ई-समुद्र' डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया है।
- 'ई-समुद्र' प्लेटफॉर्म नाविकों, शिपिंग कंपनियों और बंदरगाहों के लिए सेवाओं को एक ही मंच पर एकीकृत करने वाला डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिससे समुद्री गवर्नेंस पारदर्शी और सुगम बनेगी।

मिशन समृद्ध गाँव योजना का शुभारंभ-

- शुभारंभ- 25 अगस्त, 2026 को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन से
- उद्देश्य- गरीबी-मुक्त, रोजगारयुक्त और बुनियादी सुविधाओं से संपन्न आत्मनिर्भर गाँवों का निर्माण करना।
- यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के बुदनी और देवास जिले के खातेगांव ब्लॉक में लागू की जायेगी।

एशिया की सबसे लंबी जिपलाइन-

- हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के पास नड्डी में एशिया की सबसे लंबी 4.3 किलोमीटर लंबी जिपलाइन बनाई जा रही है।
- उद्देश्य- कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करना और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना।
- विशेषता-
  - लंबाई- 4.3 किलोमीटर
  - लागत- 7.41 करोड़ रुपये
  - प्रमुख स्टेशन- गल्लू (शुरुआती बिंदु), बल गांव, नड्डी और मैगी पॉइंट खड्ड (समापन बिंदु)

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026-

- राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत 'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026' के परिणाम जारी किए गए हैं।
- इस सर्वेक्षण में वायु प्रदूषण नियंत्रण, वायु गुणवत्ता में सुधार और स्वच्छ वायु कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन के आधार पर देश के शहरों का मूल्यांकन किया गया है।
- श्रेणीवार रैंकिंग-
  - **श्रेणी-I (10 लाख से अधिक आबादी वाले शहर)**
    - 1th- लखनऊ (198 अंक)
    - 2th - इंदौर (197 अंक)
    - 3th - जबलपुर (195 अंक)
  - **श्रेणी-II (3 से 10 लाख की आबादी वाले शहर)**
    - 1th - राउरकेला (198.5 अंक)
    - 2th - फिरोजाबाद (195 अंक)
  - **श्रेणी-III (3 लाख से कम आबादी वाले शहर)**
    - 1th - कलिंगा नगर (198.5 अंक)
    - 2th - अंगुल (196.5)

भारत की पहली एलएनजी-डीजल डीएमयू ट्रेन का शुभारंभ-

- 27 सितंबर, 2026 को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती रेलवे स्टेशन से देश की पहली द्रवीकृत प्राकृतिक गैस आधारित ट्रेन का शुभारंभ किया है।
- मार्ग- साबरमती से महेसाणा जंक्शन के मध्य
- संरचना- यह 8 डिब्बों वाली नॉन-एसी चेयर कार ट्रेन

- टैंक क्षमता- प्रत्येक डीपीसी में लगभग 2,200 लीटर क्षमता का एलएनजी टैंक
- यह ट्रेन केवल एलएनजी पर आधारित न होकर एलएनजी-डीजल ड्यूल-फ्यूल तकनीक का उपयोग करती है। यह प्रणाली एलएनजी का उपयोग करके पारंपरिक डीजल की खपत में लगभग 40 प्रतिशत तक की कमी ला सकती है।
- राष्ट्रीय परिवहन कंपनी द्वारा साबरमती इंटीग्रेटेड कोचिंग डिपो में दो 1,400 एचपी की ड्राइविंग पावर कारों (DPC) को इस तकनीक के अनुकूल परिवर्तित किया गया है।

रक्षा-

- रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 3 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में रक्षा कूटनीति पर 'रक्षा' नामक दस्तावेज का विमोचन किया। रक्षा कूटनीति भारत की विदेश नीति का एक मुख्य स्तंभ है।
- यह व्यापक दस्तावेज आगामी 10 वर्षों में वैश्विक रक्षा साझेदारियों पर देश के रणनीतिक रोडमैप और दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

मांदर वाद्ययंत्र-

- सुर्ख़ियों में- झारखंड के पारंपरिक जनजातीय वाद्ययंत्र 'मांदर' को जीआई टैग प्रदान किया गया है ।
- मांदर वाद्ययंत्र-
  - यह ढोलक जैसा अवनद्ध वाद्ययंत्र होता है।
  - इसका एक सिरा पूरी तरह से स्थानीय लाल मिट्टी से बनता है।
  - यह झारखंड की जनजातीय संस्कृति, लोक कला प्रस्तुतियों, सामुदायिक सम्मेलनों तथा विभिन्न उत्सवों का एक मुख्य सांस्कृतिक अंग माना जाता है।

गोल्लाला गुड़ी मंदिर-

- भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ने तेलंगाना के गोल्लाला गुड़ी मंदिर को 'राष्ट्रीय महत्त्व का स्मारक' घोषित किया है।
- मंदिर-
  - अवस्थित- पालमपेट गाँव, मुलुगु जिला, तेलंगाना
  - निर्माण काल- 12वीं–13वीं शताब्दी ईस्वी/काकतीय वंश के शासनकाल के दौरान
  - यह मंदिर 'त्रिकूटालय' वास्तु शैली में निर्मित है। इसमें तीन स्वतंत्र गर्भगृह हैं।
  - इसके केंद्रीय गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित है।

दक्षिण भारत में पाई गईं रतनजोत (जेट्रोफा) की 3 नई प्रजातियां-

- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोधकर्ताओं ने प्रायद्वीपीय भारत में रतनजोत (जेट्रोफा) की तीन नई प्रजातियों की पहचान की है।
- प्रजातियाँ-
  1. जेट्रोफा लिविंगस्टोनै
  2. जेट्रोफा नरसिम्हानी
  3. जेट्रोफा उमाशंकरी

बाल विवाह उन्मूलन के लिए 2030 का लक्ष्य एवं 'अंतर्राष्ट्रीय दिवस' घोषित-

- भारत ने देश में बाल विवाह की प्रथा को वर्ष 2030 तक पूरी तरह समाप्त करने का राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित किया है।
- संयुक्त राष्ट्र संघ का ऐतिहासिक प्रस्ताव-
  - संयुक्त राष्ट्र महासभा में यह प्रस्ताव पश्चिमी अफ्रीकी देश सिएरा लियोन की ओर से लाया गया था।
  - भारत का समर्थन व योगदान- भारत समेत 50 से अधिक देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

देश का पहला बंदरगाह-आधारित ई-मेथनॉल संयंत्र-



गोंधल-

- फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मराठी फिल्म 'गोंधल' को वर्ष 2027 के ऑस्कर के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री चुना गया है।
- यह फिल्म संतोष दावखर द्वारा लिखित और निर्देशित है।

'ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-III' योजना को मंजूरी-



'ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-III' योजना को मंजूरी-

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-III' योजना को मंजूरी प्रदान की है।

यह ऐतिहासिक पहल भारत के इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम को मजबूत करेगी, जिससे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा का प्रवाह सुगम हो सकेगा।

योजना की मुख्य विशेषताएं-

संचरण क्षमता-
135 गीगावाट

बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली-
50 गीगावाट-ऑवर
के बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम

यह प्रणाली रुक-रुक कर होने वाली बिजली आपूर्ति, ग्रिड कंजेशन, पीक-आवर में कटौती जैसी समस्याओं से निपटने और सौर ऊर्जा उपलब्ध न होने के समय मांग को पूरा करने में सहायता करेगी।

कार्यान्वयन एजेंसी-
राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटीज समग्र कार्यान्वयन एजेंसी

कुल परियोजना लागत-
₹1,86,405 करोड़
- इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम अवसंरचना विकास- **₹1,36,378 करोड़**
- 50 गीगावाट-ऑवर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम स्थापना- **₹50,000 करोड़**

केंद्रीय वित्तीय सहायता-
कुल **₹54,082 करोड़**

स्थापित करने का लक्ष्य वर्ष-
वित्तीय वर्ष 2032-33

महत्व-

- यह योजना वर्ष 2035 तक **900 गीगावाट** स्थापित गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगी।
- कार्बन फुटप्रिंट को कम करके पर्यावरण के अनुकूल विकास को बढ़ावा मिलेगा और देश की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी।
- ऊर्जा क्षेत्र, विनिर्माण और निर्माण उद्योगों में बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन के लिए उत्कृष्टता केंद्रों को मंजूरी-

- मंजूरी- 3 अक्टूबर, 2026
- उत्कृष्टता केंद्र-

क्र.	शास्त्रीय भाषा	उत्कृष्टता केंद्र
1	शास्त्रीय असमिया	तेजपुर विश्वविद्यालय, असम
2	शास्त्रीय बांग्ला	विश्वभारती विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल
3	शास्त्रीय मराठी	डेक्कन कॉलेज स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान संस्थान, पुणे, महाराष्ट्र
4	शास्त्रीय पाली	केंद्रीय ओडिशा विश्वविद्यालय, ओडिशा
5	शास्त्रीय प्राकृत	केंद्रीय गुजरात विश्वविद्यालय, गुजरात

भारत चावल का शुभारंभ-

- भारतीय सेना ने 12 अक्टूबर, 2026 को नई दिल्ली में 'भारत चावल' का शुभारंभ किया।
- उद्देश्य- भारतीय सेना के जवानों को बेहतर गुणवत्ता वाला राशन प्रदान करना और उनकी रसद आपूर्ति प्रणाली को अधिक मजबूत बनाना।
- **भारत चावल पहल की प्रमुख विशेषताएं-**
  - सीधी आपूर्ति श्रृंखला- यह उच्च गुणवत्ता वाला चावल सीधे सेना के आपूर्ति डिपो तक पहुंचाया जाएगा। इसे सेना के डिपो द्वारा स्थानीय एफसीआई गोदामों से लेने की आवश्यकता नहीं होगी।
  - गुणवत्ता एवं मानक- धान की पेराई रक्षा मानकों के अनुसार की जाएगी। यह चावल विदेशी पदार्थों, मिलावटों, टूटे या बदरंग दानों से मुक्त होगा।
  - सप्लाई एजेंसी- वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान नेफेड के माध्यम से इसकी आपूर्ति की जाएगी।
  - पैकेजिंग- इसे 10 किलो और 30 किलो के थैलों में पैक किया जाएगा।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम-

- हाल ही में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) को जारी रखने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।
- कुल परिव्यय- 53,428 करोड़ रुपये
- अवधि- 2026-27 से 2030-31 तक
- केंद्रीय मंत्रिमंडल अनुमोदित नए प्रस्ताव में निम्न लिखित घटक को मंजूरी प्रदान की गयी है-
- **योजना और उप योजनाओं का नाम बदलना-**

योजना और उप योजनाओं का मौजूदा नाम	अनुमोदित नाम
राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी)	प्रधानमंत्री सामाजिक सहायता योजना
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (आईजीएनओएपीएस)	प्रधानमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस)	प्रधानमंत्री विधवा पेंशन योजना
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना (आईजीएनडीपीएस)	प्रधानमंत्री दिव्यांगजन पेंशन योजना
राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना	प्रधानमंत्री परिवार लाभ योजना

- **दिव्यांगता पेंशन में परिवर्त-**
  - दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत सहायता राशि अब 0-79 वर्ष आयु वर्ग के लिए 375 रुपये और 80 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के लिए 625 रुपये होगी।
  - बेंचमार्क दिव्यांगता का मानदंड वर्तमान में 80 प्रतिशत के मुकाबले 40 प्रतिशत होगा।
  - दिव्यांगता पेंशन के लिए न्यूनतम आयु मानदंड अब जन्म से होगा।

जवाहर द्वीप मरीन ऑयल टर्मिनल प्लास्टिक-मुक्त घोषित-

- 2 अक्टूबर, 2026 को मुंबई पोर्ट अथॉरिटी के प्रमुख ऑयल टर्मिनलों में से एक जवाहर द्वीप मरीन ऑयल टर्मिनल को पूरी तरह 'प्लास्टिक-मुक्त' घोषित किया गया है। यह कदम बंदरगाह के कामकाज में सिंगल-यूज़ प्लास्टिक को कम करने और पोर्ट के टिकाऊ विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सुखना आर्द्रभूमि और सौज झील को रामसर स्थल का दर्जा-

- 15 अक्टूबर, 2026 को सुखना आर्द्रभूमि (चंडीगढ़) और सौज झील (उत्तर प्रदेश) को नवीनतम रामसर स्थलों के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- इसके साथ ही भारत के रामसर स्थलों की कुल संख्या 103 हो गई है।
- सुखना आर्द्रभूमि-
  - अवस्थिति- चंडीगढ़ में
  - प्रमुख प्रजातियाँ- कॉमन पोचार्ड, पालास फिश ईगल, और ब्लैक पॉन्ड टर्टल
  - यह शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में वर्ष 1958 में बनाया गया एक मानव-निर्मित जलाशय है।
- सौज झील-
  - अवस्थिति- मैनपुरी जिला, उत्तरप्रदेश
  - प्रमुख प्रजातियाँ- सारस, ग्रेटर स्पॉटेड ईगल, कमल, जंगली गन्ना

प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना, 2026-

- 28 अक्टूबर, 2026 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने "प्रधानमंत्री विकसित ग्राम स्वराज योजना" को केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में मंजूरी प्रदान की।
- योजना की अवधि- वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक
  - इसकी अवधि 16वें वित्त आयोग की अवधि के साथ समाप्त होगी।
- कुल वित्तीय परिव्यय- ₹7,395.55 करोड़
  - केंद्र का हिस्सा- ₹4,869.48 करोड़
  - राज्यों का हिस्सा- ₹2,526.07 करोड़
- लाभार्थियों की संख्या-
  - इस योजना से 2.55 लाख से अधिक पंचायतों और पारंपरिक स्थानीय निकायों के लगभग 32 लाख निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ-साथ पंचायत पदाधिकारियों और अन्य हितधारकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

खेलो इंडिया खेल उपकरण विनिर्माण योजना, 2026-

- 28 अक्टूबर, 2026 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने "खेलो इंडिया खेल उपकरण विनिर्माण योजना" को मंजूरी दी है।
- योजना की अवधि- वर्ष 2026 से 2033-34 तक
- कुल परिव्यय- 1,856.67 करोड़ रुपये
- उद्देश्य-

- भारत में खेल उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना।
- खेल उपकरण क्षेत्र में निवेश, अनुसंधान, नवाचार एवं निर्यात को प्रोत्साहित करना।
- आयात पर निर्भरता कम करके घरेलू मूल्य संवर्धन को बढ़ाना।
- रोजगार के अवसरों का सृजन तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भागीदारी बढ़ाना।

राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड-

- हाल ही में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने 30 अक्टूबर, 2026 को असंगठित कामगारों और गिग एवं प्लेटफॉर्म कामगारों के लिए राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के आधिकारिक गठन को अधिसूचित किया है।
- उद्देश्य- असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण योजनाओं को संस्थागत आधार प्रदान करना।
- बोर्ड की संरचना-
  - अध्यक्ष- केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री।
  - प्रतिनिधित्व- केंद्र एवं राज्य सरकारों, एग्रीगेटर कंपनियों, नियोक्ताओं, नागरिक समाज संगठनों, कामगार संघों तथा गिग एवं प्लेटफॉर्म कामगार संगठनों के प्रतिनिधि।
- बैठकें- वर्ष में कम-से-कम तीन बार।

गुजरात में यूसीसी विधेयक को राष्ट्रपति मुर्मु की मंजूरी-

- गुजरात समान नागरिक संहिता बिल-2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 17 सितंबर,2026 को मंजूरी प्रदान की है। गुजरात सरकार ने 1 अक्टूबर, 2026 के गजट में इसकी जानकारी प्रदान की है।

स्नो लेपर्ड सफारी-

- हाल ही में लद्दाख के लेह स्थित चोगलमसर में भारत की पहली हाई-अल्टीट्यूड स्नो लेपर्ड सफारी शुरू की गई है। पूरे भारत में मौजूद कुल 718 स्नो लेपर्ड में से अकेले लद्दाख में 477 स्नोलेपर्ड पाए जाते हैं।

मोहनथाल-

- यह गुजरात के प्रसिद्ध अंबाजी मंदिर का पारंपरिक प्रसाद है जिसे हाल ही में जीआई टैग मिला है। मोहनथाल एक पारंपरिक भारतीय मिठाई है जो मुख्य रूप से बेसन, घी और चीनी से तैयार की जाती है।
- वर्तमान में भारत के तीन मंदिरों के प्रसाद को जीआई टैग मिल चुका है। इनमें तिरुपति लड् और पलानी पंचामृतम शामिल हैं।

आर्थिक

रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स

- जारीकर्ता- वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल फाउंडेशन
- इसमें नागरिकों, पर्यावरण और वैश्विक समुदाय के प्रति देशों के व्यवहार का मूल्यांकन किया जाता है।
- यह इंडेक्स 154 देशों की तुलना नैतिक शासन, सतत विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के आधार पर करता है।

शीर्ष 5 देश	अंतिम5 देश
1. सिंगापुर (स्कोर: 0.61945)	154. मध्य अफ्रीकी गणराज्य (स्कोर: 0.35715)
2. स्विट्ज़रलैंड (स्कोर: 0.58692)	153. सीरिया (स्कोर: 0.37254)
3. डेनमार्क (स्कोर: 0.58372)	152. दक्षिण सूडान (स्कोर: 0.37389)
4. साइप्रस (स्कोर: 0.57737)	151. यमन (स्कोर: 0.38265)
5. स्वीडन (स्कोर: 0.57397)	150. सोमालिया (स्कोर: 0.39995)

- रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स (RNI) में भारत को 154 देशों में 16वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
- इस रैंकिंग में भारत का स्कोर 0.551513 रहा।

16वें वित्त आयोग की प्रमुख सिफारिशें

- इस रिपोर्ट को निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2026 को संसद में प्रस्तुत किया।
- 16वां वित्त आयोग की सिफारिशें 2026–27 से 2030–31 की अवधि के लिए लागू होंगी।
- आयोग ने केंद्रीय करों के विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी 41% पर बरकरार रखी है।
- 16वें वित्त आयोग द्वारा प्रत्येक राज्य के हिस्से को निर्धारित करने के लिए अपनाए गए मानदंड और भारांश निम्नलिखित हैं:-

मानदंड	15वाँ वित्त आयोग (2021–26)	16वाँ वित्त आयोग (2026–31)
आय अंतर	45%	42.5%
जनसंख्या (2011)	15%	17.5%
जनसांख्यिकीय प्रदर्शन	12.5%	10%
क्षेत्रफल	15%	10%
वन क्षेत्र	10%	10%
कर और राजकोषीय प्रयास	2.5%	–
सकल घरेलू उत्पाद में योगदान	–	10%
कुल	100%	100%

भव्य (BHAVYA) योजना

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 18 मार्च 2026 को ₹33,660 करोड़ की भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) को मंजूरी दी।
- इस योजना के तहत देशभर में 100 'प्लग-एंड-प्ले' औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे।
- इसका उद्देश्य विश्वस्तरीय औद्योगिक अवसंरचना विकसित करना और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देना है।

- **प्रमुख विशेषताएँ-**
  - इस योजना का कार्यान्वयन राज्यों और निजी क्षेत्र के सहयोग से किया जाएगा।
  - परियोजनाओं का चयन प्रतिस्पर्धात्मक (चैलेंज मोड) प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।
  - औद्योगिक पार्क 100 से 1000 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जाएंगे।
  - सरकार प्रति एकड़ ₹1 करोड़ तक की सहायता प्रदान करेगी।
  - इसमें कोर, वैल्यू-एडेड और सामाजिक अवसंरचना का विकास शामिल होगा।
  - कुल परियोजना लागत का अधिकतम 25% बाहरी अवसंरचना (कनेक्टिविटी आदि) पर खर्च किया जाएगा।

रिलीफ (RELIEF) योजना-

- रिलीफ योजना (RELIEF-रेसिलिएंस एंड लॉजिस्टिक्स इंटरवेंशन फॉर एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन)
- मंत्रालय और मिशन- इसे भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा 'निर्यात संवर्धन मिशन' के तहत शुरू किया गया है।
- लागू करने वाली एजेंसी- इस योजना का क्रियान्वयन निर्यात ऋण गारंटी निगम के माध्यम से किया जाता है।
- बजट- ₹497 करोड़
- उद्देश्य- पश्चिम एशिया और खाड़ी समुद्री मार्गों में चल रहे व्यवधानों के कारण बढ़ी हुई माल ढुलाई लागत, महंगे बीमा प्रीमियम और लॉजिस्टिक्स बाधाओं से भारतीय निर्यातकों (विशेषकर MSMEs) को राहत देना।

धोलेरा में भारत के पहले चिप फैब्रिकेशन प्लांट के लिए 'विशेष आर्थिक क्षेत्र' अधिसूचित-

- केंद्र सरकार ने 16 अप्रैल, 2026 को गुजरात के धोलेरा में भारत के पहले चिप फैब्रिकेशन प्लांट के लिए 'विशेष आर्थिक क्षेत्र' को अधिसूचित किया है। यह 'विशेष आर्थिक क्षेत्र' लगभग 66.16 हेक्टेयर भूमि पर फैला होगा, जिसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है।
- यहाँ प्लांट या संयंत्र टाटा सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है।

कोल टू अमोनियम नाइट्रेट परियोजना-

- हाल ही में भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) और महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के बीच ओडिशा के लखनपुर में प्रस्तावित कोल टू अमोनियम नाइट्रेट परियोजना के लिए भूमि पट्टा समझौते पर हस्ताक्षर हुए है।
- यह भारत की पहली कोयला गैसीकरण परियोजना है जो एमसीएल के अधीन है।
- तकनीक- भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड द्वारा विकसित
- क्षमता- 2,000 टन प्रति दिन

भारत का समुद्री खाद्य पदार्थ निर्यात रिकॉर्ड 72,000 करोड़ रुपये पार-

- हाल ही में समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का समुद्री खाद्य पदार्थ निर्यात रिकॉर्ड 72,325.82 करोड़ रुपये पहुंच गया। भारत से निर्यात किये गए समुद्री खाद्य पदार्थ की कुल मात्रा 19.32 लाख मीट्रिक टन रही है।
- इस निर्यात में फ्रोजन झींगा का निर्यात हिस्सा 47,973.13 करोड़ रुपये रहा है जो कुल निर्यात आय के दो-तिहाई से अधिक है।

भारत में दो और सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंज़ूरी-

- हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट ने 5 मई, 2026 को भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत दो और नई सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी है। इन दोनों परियोजनाओं में लगभग 3,936 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा तथा यह दोनों इकाइयां गुजरात में स्थापित की जाएंगी।

- अनुमोदित इकाइयाँ-
  1. क्रिस्टल मैट्रिक्स लिमिटेड- धोलेरा, गुजरात
  2. सूचि सेमिकॉन प्राइवेट लिमिटेड- सूरत, गुजरात

कपास उत्पादकता मिशन-

- स्वीकृति- 5 मई, 2026 को
- परिव्यय- 5659.22 करोड़ रुपये
- अवधि- वर्ष 2026-27 से 2030-31
- यह मिशन भारत सरकार के 5-एफ (फार्म टू फाइबर टू फैक्टरी टू फेशन टू फॉरेन) विजन के अनुरूप है।
- इस मिशन का कार्यान्वयन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

भारत और ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (CEPA) प्रभावी-

- हाल ही में भारत और ओमान की तरफ से दोनों पक्षों द्वारा आंतरिक प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद भारत और ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) 1 जून, 2026 से प्रभावी हो गया है।
- इस समझौते पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम सईद की उपस्थिति में 18 दिसंबर, 2025 को मस्कट में हस्ताक्षर किए गए थे।

मूगा रेशम के लिए 'सेनेहजोरी मिशन' का शुभारंभ-

- शुभारंभ- 2 जून, 2026 को असम में
- यह एक व्यापक क्लस्टर-आधारित पहल है।
- उद्देश्य- असम के अद्वितीय मूगा रेशम क्षेत्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी, उच्च मूल्य वाले लक्जरी वस्त्र इकोसिस्टम में परिवर्तित करना।
- इस मिशन में तीन वर्षों की अवधि में लगभग 396 से 411 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिसमें से 136 से 151 करोड़ रुपये पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय देगा।

सात्विक इंडेक्स

- यह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) द्वारा जारी किया गया इंडेक्स है, जो नैतिक (एथिकल) निवेश पर केंद्रित है।
- यह इंडेक्स बीएसई 500 इंडेक्स से तैयार किया गया है और निवेशकों को अपने निवेश को मूल्य-आधारित सिद्धांतों के अनुरूप रखने का अवसर प्रदान करता है।

कॉपर-क्लोरीन थर्मोकेमिकल चक्र पर आधारित विश्व की पहली हाइड्रोजन उत्पादन सुविधा का उद्घाटन

- भारत के आणविक ऊर्जा विभाग ने इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र, कल्पक्कम में स्थित फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर से प्राप्त परमाणु ऊष्मा का उपयोग करके कॉपर-क्लोरीन (Cu-Cl) थर्मोकेमिकल चक्र पर आधारित विश्व की पहली हाइड्रोजन उत्पादन सुविधा का उद्घाटन किया है।
- इस Cu-Cl ऊष्मा रासायनिक प्रक्रिया को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई द्वारा पूरी तरह से स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

निवेश अनुकूलता सूचकांक-

- जारीकर्ता- नीति आयोग
- उद्देश्य- राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा निवेश हेतु सक्षम, अनुकूल और टिकाऊ वातावरण बनाने की क्षमता का साक्ष्य-आधारित एवं तुलनात्मक आकलन करना।
- मूल्यांकन में शामिल- 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश।

- कुल संकेतक- 84 संकेतक
- स्तंभ स्तंभ- मूल्यांकन के 8 स्तंभ है-
- स्कोर-आधारितप्रदर्शन श्रेणियां-

श्रेणी	अंक	प्रमुख राज्य / निष्कर्ष
शीर्ष प्रदर्शनकर्ता	50 से अधिक अंक	गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गोवा और ओडिशा
अग्रणी राज्य	45 - 50 अंक	कुल 15 राज्य शामिल
उभरते प्रदर्शनकर्ता	40 - 45 अंक	कुल 8 राज्य / केंद्र शासित प्रदेश
आकांक्षी राज्य	40 से कम अंक	कुल 8 राज्य / केंद्र शासित प्रदेश

- समकक्ष समूह के आधार पर रैंकिंग-
- बड़े राज्य-
  1. प्रथम- गुजरात
  2. द्वितीय- महाराष्ट्र
  3. तृतीय- तमिलनाडु
- पर्वतीय एवं पूर्वोत्तर राज्य-
  1. प्रथम- उत्तराखंड
  2. द्वितीय- असम
  3. तृतीय- हिमाचल प्रदेश
- नगर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश-
  1. प्रथम- गोवा
  2. द्वितीय- दिल्ली
  3. तृतीय- चंडीगढ़

सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी-

- मंजूरी- 15 जुलाई, 2026
- बजट आवंटित- कुल 1,27,500 करोड़ रुपये
- सेमीकॉन 2.0 के मुख्य स्तंभ- इसके 6 स्तम्भ है- डिजाइन, मशीनें और सामग्रियां, अधिक फैब, ATMP/OSAT उद्योग, अनुसंधान एवं विकास,प्रतिभा विकास|

परिवर्तन योजना-

- मंत्रालय- केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने
- कुल स्वीकृत बजट- ₹9,585 करोड़ (केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत)
- केंद्रीय बजटीय सहायता: ₹5,041 करोड़ (केंद्र सरकार द्वारा प्रदान)
- कार्यान्वयन एजेंसी- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निष्पादित।
- वित्तीय नोडल एजेंसी- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड
- शामिल राज्य/क्षेत्र- दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश
- उद्देश्य- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पुराने और अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले ट्रकों एवं बसों को BS-VI मानकों वाले अथवा इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने की प्रक्रिया को गति देना|
- PARIVARTAN- Programme for Accelerated Renewal and Incentivization of Vehicle Assets for Reducing Transport Air Pollution and Network Emissions

गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 300 गीगावाट का आंकड़ा पार-

- भारत ने 31 जुलाई, 2026 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता के 300 गीगावाट का आंकड़ा पार कर लिया है।
- गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता का विवरण-
  - सौर ऊर्जा- 164.59 गीगावाट
  - पवन ऊर्जा- 58.14 गीगावाट
  - जल विद्त- 57.24 गीगावाट
  - जैव-ऊर्जा- 11.75 गीगावाट
  - परमाणु ऊर्जा- 8.78 गीगावाट
- देश की कुल विद्त उत्पादन क्षमता जो वर्तमान में लगभग 552 गीगावाट है, में गैर-जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न विद्त क्षमता का हिस्सा 54 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

विपणन सीजन 2027-28 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी-

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने विपणन सीजन 2027-28 के लिए सभी अधिदेशित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दे दी है।
- एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि कुसुम के लिए घोषित की गई है, जो 675 रुपये प्रति क्विंटल है।
- विपणन सीजन 2027-28 के लिए सभी रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (रुपये प्रति क्विंटल)-

क्र.सं.	फसलें	एमएसपी-2027-28	एमएसपी-2026-27	एमएसपी में वृद्धि (पूर्ण)
1	गेहूं	2610	2585	25
2	जौ	2286	2150	136
3	चना	5958	5875	83
4	मसूर	7390	7000	390
5	रेपसीड और सरसों	6613	6200	413
6	कुसुम	7215	6540	675

विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर उच्च स्तरीय समिति-

- हाल ही में भारत सरकार ने 30 अक्टूबर, 2026 को 'विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर एक उच्च स्तरीय समिति' का गठन किया है।
- समिति की संरचना-
  - अध्यक्ष- श्री सुरेश एन. पटेल, पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त।
  - सदस्य-
    1. श्री शिरीष चंद्र मुर्मू, भारतीय रिज़र्व बैंक के उप-गवर्नर।
    2. श्रीमती पद्मजा चुंदरू, इंडियन बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी।
    3. श्री एन. एस. विश्वनाथन, भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व उप-गवर्नर।
       - सचिव- वित्तीय सेवा विभाग के संयुक्त सचिव (बैंकिंग)।
       - कार्यकाल- छह महीने।
- उद्देश्य- भारतीय बैंकिंग व्यवस्था को अधिक सक्षम, आधुनिक, सुरक्षित और भविष्य की आर्थिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना।

भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए लागू-

- भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 20 अक्टूबर, 2026 से लागू हुआ है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य अगले पाँच वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके पाँच अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

ट्रेड वॉच क्वार्टरली रिपोर्ट-



ट्रेड वॉच क्वार्टरली रिपोर्ट



तिथि-
16 सितंबर 2026,
नई दिल्ली

जारीकर्ता-
नीति आयोग

संदर्भित अवधि-
वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही
(अप्रैल - जून 2026)

प्रमुख निष्कर्ष

1 वैश्विक एवं भारतीय व्यापार परिदृश्य (वैश्विक व घरेलू रुझन)

वैश्विक वस्तु व्यापार

- वर्ष 2026 की पहली छमाही में वैश्विक वस्तु व्यापार **13.7 ट्रिलियन डॉलर** तक पहुँच गया, जिसमें साल-दर-साल **12.5 प्रतिशत** की वृद्धि दर्ज की गई।

वैश्विक सेवा व्यापार

- सेवाओं के वैश्विक व्यापार में **10.5 प्रतिशत** की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

भारत का कुल व्यापार

- भारत में वस्तु एवं सेवा का कुल व्यापार वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में **506.9 बिलियन डॉलर** तक पहुँच गया, जिसमें वार्षिक आधार पर **15.5 प्रतिशत** की वृद्धि दर्ज हुई।

2 भारत का वस्तु व्यापार और प्रमुख रुझान

प्रमुख निर्यात क्षेत्र

- मिनरल फ्यूल (खनिज ईंधन), इलेक्ट्रिकल मशीनरी, न्यूक्लियर रिएक्टर, लोहा एवं इस्पात तथा गाड़ियों का विशेष योगदान रहा।

आयात रुझान

- औद्योगिक और ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक घटकों तथा तांबे के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

व्यापारिक गंतव्य

- तंजानिया और दक्षिण अफ्रीका भारत के शीर्ष दस बाजारों के रूप में उभरे हैं।

आयात स्रोत

- कच्चे तेल की खरीद में विविधता के लिए लैटिन अमेरिका और पश्चिम अफ्रीका से आयात बढ़ा। उत्तर-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया-जीतोसी और आसियान क्षेत्र भारत के कुल आयात का लगभग आधा हिस्सा रहे।

एफटीए साझेदारों के साथ प्रदर्शन

- एफटीए साझेदार देशों को होने वाले निर्यात में **36.3 प्रतिशत** और आयात में **10.0 प्रतिशत** की वृद्धि दर्ज की गई।

3 डिजिटल रूप से प्रदान की जाने वाली सेवाएं

- भारत से डिजिटली डिलीवर्ड सर्विसेज का निर्यात वर्ष 2024 के **277 बिलियन डॉलर** से बढ़कर वर्ष 2025 में **317 बिलियन डॉलर** हो गया।

वैश्विक रैंकिंग

- वैश्विक स्तर पर भारत अब **चौथे स्थान** (अमेरिका, ब्रिटेन एवं आयरलैंड) पर आ गया है।

4 धातु एवं अयस्क व्यापार

निर्यात स्थिति

- वर्ष 2025 में धातुओं का कुल निर्यात **34.8 बिलियन डॉलर** रहा। इसमें लोहा और इस्पात, लोहा-इस्पात की वस्तुएं और एल्यूमिनियम की हिस्सेदारी लगभग **78 प्रतिशत** रही।

आयात स्थिति

- धातुओं एवं अयस्कों का आयात वर्ष 2015 के **32.2 बिलियन डॉलर** से बढ़कर वर्ष 2025 में **60.5 बिलियन डॉलर** हो गया।

वैश्विक व्यापार | समृद्ध भारत

गोबरधन योजना का शुभारंभ-

- केंद्रीय मंत्रिमंडल मंजूरी- 6 अगस्त, 2026
- अनुमोदन वर्ष- अगस्त, 2026
- वित्तीय परिव्यय- ₹23,731 करोड़
- कार्यान्वयन अवधि- वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2035-36 (10 वर्ष)
- मंत्रालय- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार
- उद्देश्य-
  - घरेलू संपीड़ित बायोगैस उत्पादन को लगभग 10 गुना बढ़ाना।
  - बड़े पैमाने पर निजी निवेश आकर्षित करना।
  - देश में एक जीवंत चक्रीय जैव-अर्थव्यवस्था का निर्माण करना।

पीएम-धारा योजना-

- पूरा नाम- पीएम-डेवलपिंग हार्मोनाइज्ड एंड एक्सेलरेटेड रिन्यूएबल-एनर्जी एक्सेस
- नवीकरणीय ऊर्जा पारेषण क्षमता- 135 गीगावाट
- बैटरी ऊर्जा भंडारण- 50 गीगावाट घंटे
- कार्यान्वयन अवधि- वित्त वर्ष 2032-33 तक।
- कुल वित्तीय परिव्यय- ₹1,86,405 करोड़
  - अंतरराज्यीय पारेषण प्रणालियों के विकास के लिए ₹1,36,378 करोड़
  - बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए ₹50,000 करोड़
- केंद्र सरकार की कुल वित्तीय सहायता- ₹54,082 करोड़
- मुख्य उद्देश्य- अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली को मजबूत करके नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी और राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों तक उसके पारेषण को सुगम बनाना।
- उद्देश्य- भारत की अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ करना तथा नवीकरणीय ऊर्जा के पारेषण और भंडारण की क्षमता में वृद्धि करना।

भारत का पहला डब्ल्यूएएसएच-आधारित सोशल बॉन्ड-

- जारीकर्ता संस्था- नाबकिसान फाइनेंस लिमिटेड (नाबार्ड की सहायक कंपनी)
- सूचीबद्धकरण तिथि- 1 अक्टूबर 2026
- सूचीबद्धकरण स्थल- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, मुंबई
- उद्देश्य- ग्रामीण और वंचित समुदायों में सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को बढ़ाना।

एसएमई ग्रोथ फंड की स्थापना हेतु दस हजार करोड़ रुपए की मंजूरी-

- 6 अक्टूबर, 2026 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ₹10,000 करोड़ के कुल निवेश के साथ एसएमई विकास कोष की स्थापना को मंजूरी दी है।
- यह पहल केंद्रीय बजट 2026-27 में एमएसएमई पारिस्थिकी तंत्र के लिए इक्विटी, नकद उपलब्धता और पेशेवर सहायता प्रदान करने के लिए की गई घोषणाओं के अनुरूप है।
- इसके तहत सरकार औद्योगिक विकास कोष ढांचे के अंतर्गत स्थापित वैकल्पिक निवेश कोष में ₹10,000 करोड़ का निवेश करेगी।

एकीकृत परिवहन और लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी-

- 6 अक्टूबर, 2026 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एकीकृत परिवहन और लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी दी है।
- उद्देश्य- परिवहन से संबंधित विभिन्न मंत्रालयों और एजेंसियों में बिखरी हुई योजनाओं और कार्यान्वयन से उत्पन्न दीर्घकालिक चुनौतियों का प्रभावी समाधान करना।

'वीबी-जी राम जी' के तहत स्वीकार्य कार्यों की अधिसूचना जारी-

- हाल ही में केंद्र सरकार ने वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025' के अंतर्गत 375 स्वीकार्य कार्य को अधिसूचित कर किया है।
- स्वीकार्य कार्यों- 375 स्वीकार्य कार्य

	स्तंभ	कार्य संख्या
1.	जल सुरक्षा	128 कार्य (सर्वाधिक हिस्सा)
2.	मुख्य ग्रामीण बुनियादी ढांचा	111 कार्य
3.	आजीविका से संबंधित बुनियादी ढांचा	98 कार्य
4.	आपदा तैयारी और जलवायु अनुकूलन	38 कार्य (नई समर्पित श्रेणी)

जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक-

- आयोजन तिथि- 8 अक्टूबर, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली में
- जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में की गई प्रमुख सिफारिशें निम्नलिखित हैं-
  - 1 नवंबर, 2026 से इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के अंतर्गत इनपुट सेवाएँ रिफंड के लिये पात्र होंगी।
  - परिषद ने जीएसटी के अंतर्गत गिरफ्तारी के प्रावधान को हटाने और अभियोजन की सीमा को 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये करने की सिफारिश की।
  - जीएसटी दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया। जीएसटी दरों से संबंधित निर्णय अब वर्ष में एक बार लिये जाएंगे और उन्हें अगले वित्तीय वर्ष की शुरुआत से लागू किया जाएगा।
  - रिफंड आवेदनों को 15 दिनों के बजाय 10 दिनों के भीतर स्वीकार करने का प्रस्ताव है।

कंटेनर विनिर्माण संवर्धन योजना, 2026-

- मंजूरी- 28 अक्टूबर, 2026
- योजना की अवधि- वित्त वर्ष 2039-40 तक
  - ➢ इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई थी।
- कुल परिव्यय- 10,000 करोड़ रुपये का कुल बजटीय परिव्यय निर्धारित किया गया है।
- उद्देश्य- भारत में विश्वस्तरीय एवं प्रतिस्पर्धी कंटेनर विनिर्माण परितंत्र विकसित करना।
- योजना के प्रमुख घटक-
  - ब्याज सब्सिडी सहायता
  - परिचालन व्यय सहायता
  - परीक्षण एवं प्रमाणन सहायता

सम्मेलन/बैठक /मेला/महोत्सव/प्रदर्शनी

रायसीना डायलॉग-2026

- संस्करण- 11वां संस्करण
- आयोजन तिथि- 5–7 मार्च, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली में
- यह सम्मेलन ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया।
- विषय- "Sa□sk□ra – Assertion, Accommodation, Advancement" था।

त्रि-सेवा संगोष्ठी 'रण संवाद'-

- आयोजन तिथि- 9-10 अप्रैल, 2026
- आयोजन स्थल- वायु सेना प्रशिक्षण कमान, बेंगलुरु
- विषय- पारदर्शी एवं विस्तृत युद्धक्षेत्र में उच्च-तीव्रता वाले अभियान: बल प्रयोग और बल संरक्षण की चुनौतियां।

भारत अंतर्राष्ट्रीय जल सप्ताह (आईआईडब्ल्यूडब्ल्यू)-2026

- संस्करण- 9वां संस्करण
- विषय- जलवायु अनुकूल जल प्रबंधन।
- आयोजन तिथि- 22-26 सितंबर, 2026 को
- आयोजन स्थल- भारत मंडपम, नई दिल्ली
- उद्देश्य- वैश्विक जल चुनौतियों का समाधान करना, सतत विकास को बढ़ावा देना और नवोन्मेषी समाधानों को प्रदर्शित करना।

इंडिया फार्मा 2026-

- संस्करण- 9वां संस्करण
- आयोजन तिथि- 13-14 अप्रैल, 2026
- आयोजन स्थल- फेडरेशन हाउस (फिक्की), नई दिल्ली
- आयोजक- औषध विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार (फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस (आईपीए) के सहयोग से)
- विषय- "भारत में खोजें: जीवन विज्ञान नवाचार में अभूतपूर्व प्रगति"।

61वीं अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी (ला बिएननेल डि वेनेज़िया)-2026

- आयोजन तिथि- 9 मई - 22 नवंबर 2026 तक आयोजित होगी।
- आयोजन- वेनिस, इटली
- इस प्रदर्शनी में पैविलियन ऑफ इंडिया द्वारा 'जियोग्राफ़ीज़ ऑफ डिस्टेंस: रिमेम्बरिंग होम' नामक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया है।

किम्बर्ले प्रोसेस अंतरसत्रीय बैठक-2026

- आयोजन तिथि- 11 से 14 मई, 2026
- आयोजन स्थल- मुंबई, भारत

- संबंधित मंत्रालय- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार
- भारत ने 1 जनवरी 2026 को किम्बर्ले प्रोसेस की अध्यक्षता ग्रहण की।
- उद्देश्य- वैश्विक स्तर पर प्राकृतिक हीरों के व्यापार से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श करना और संघर्ष वाले क्षेत्रों से अवैध तरीके से प्राप्त हीरों का वैध हीरा व्यापार में प्रवेश रोकना।

अखिल भारतीय राजभाषा समारोह-2026

- आयोजन तिथि- 18 मई, 2026
- आयोजन स्थल- पूसा, नई दिल्ली
- आयोजक- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ)
- उद्देश्य- केंद्र सरकार के कार्यालयों, मंत्रालयों और उपक्रमों में राजभाषा हिंदी के दैनिक उपयोग को बढ़ावा देना।

नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक-

- बैठक- 11वीं बैठक
- आयोजन तिथि- 11 जून, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- आयोजक- नीति आयोग
- बैठक का विषय- विकसित भारत@2047 के लिए समावेशी मानव विकास

अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026-

- संस्करण- 26वां संस्करण
- आयोजन तिथि- 19-20 जून, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- उद्घाटन- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वार
- उद्देश्य- आपराधिक न्याय प्रणाली में अत्याधुनिक तकनीक और फिंगरप्रिंट डेटाबेस का अधिकतम उपयोग करके दोषसिद्धि दर को बढ़ाना और नागरिकों को त्वरित न्याय सुनिश्चित करना।

विश्व औषध संहिता की अंतर्राष्ट्रीय बैठक (आईएमडब्ल्यूपी)-2026

- संस्करण/बैठक क्रम- 16वीं
- आयोजन तिथि- 15 से 17 जून, 2026
- आयोजन स्थल- ब्रासीलिया, ब्राजील
- उद्देश्य- सार्वजनिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए समन्वित प्रयासों हेतु सहयोगात्मक रूप से कार्य करने के तरीके खोजना।

वर्ल्ड समिट ऑन द इन्फॉर्मेशन सोसाइटी (डब्ल्यूएसआईएस) फोरम-2026-

- आयोजन तिथि- 6 से 10 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- जिनेवा स्विट्जरलैंड
- आयोजक- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ
- यह फोरम डिजिटल विकास और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए विश्व का अग्रणी बहु-हितधारक मंच है।

डब्ल्यूटीओ की व्यापार नीति समीक्षा-

- संस्करण- 8वीं
- आयोजन तिथि- 21-23 जुलाई, 2026

- आयोजन स्थल- जिनेवा, स्विट्जरलैंड
- आयोजक- विश्व व्यापार संगठन
- भारत का नेतृत्व- राजेश अग्रवाल (वाणिज्य सचिव)
- विश्व व्यापार संगठन की व्यापार नीति समीक्षा सदस्य देशों की व्यापार और आर्थिक नीतियों की पारदर्शी जांच करने वाला एक मुख्य तंत्र है।

एआई फॉर गुड ग्लोबल समिट-2026-

- आयोजन तिथि- 7-10 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- जिनेवा, स्विट्जरलैंड
- आयोजक- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा
- उद्देश्य- सतत विकास लक्ष्यों को गति देना और मानवता के लाभ के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की पहचान करना।

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर राष्ट्रीय सम्मेलन-

- आयोजन तिथि- 2 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली में
- अध्यक्षता- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव
- आयोजक- एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) द्वारा
- विषय- इलेक्ट्रिक मोबिलिटी:- विकसित भारत के लिए भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी हब बनाना
- उद्देश्य- भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विकास को गति देने और वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण केंद्र के रूप में देश की स्थिति को मजबूत करना।

भारत टेक्स 2026-

- आयोजन तिथि- 14 से 17 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- भारत मंडपम, नई दिल्ली में
- आयोजक- भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन द्वारा
- यह फेडरेशन विभिन्न टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल्स तथा उद्योग संगठनों का एक संयुक्त मंच है।
- उद्देश्य- भारत को टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करना।

सौश्रुतम् 2026-

- आयोजन तिथि- 15 से 17 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- उद्घाटन- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
- आयोजक- अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली

नशा मुक्त युवा- विकसित भारत संकल्प अभियान-

- प्रारम्भ तिथि- 2 अगस्त, 2026
- लाँच- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से
- उद्देश्य- युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने समुदायों में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के दूत बनने के लिए प्रोत्साहित करना।

जीआई एंड बियॉन्ड 2.0 शिखर सम्मेलन-

- आयोजन तिथि- 5 अगस्त 2026

- आयोजन स्थल- डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली
- आयोजक- वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त कार्यालय और हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद
- उद्देश्य- भारत के जीआई-टैग प्राप्त हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देना और जीआई इकोसिस्टम में हितधारकों के बीच सहयोग को सुगम बनाना।

IIHT SUTRA 2026-

- संस्करण- प्रथम
- आयोजन तिथि- 12 अगस्त, 2026
- आयोजन स्थल- डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में
- आयोजक- विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय, कपड़ा मंत्रालय
- विषय-"IIHTs: भारतीय हथकरघा क्षेत्र के भविष्य को बुनना- शिक्षित करना, नवाचार करना, बदलना"

दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की बैठक-

- बैठक/संस्करण-31वीं
- आयोजन तिथि- 20 अगस्त, 2026
- आयोजन स्थल- महाबलीपुरम, तमिलनाडु
- अध्यक्षता- अमित शाह (केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री)

9वां राष्ट्रीय पोषण माह 2026-

- लाँच तिथि- 9 सितंबर, 2026
- समापन तिथि- 8 अक्टूबर, 2026
- लाँच स्थल- रुद्राक्ष अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एवं सम्मेलन केंद्र, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)
- आयोजक- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
- मुख्य अतिथि- श्रीमती अन्नपूर्णा देवी (केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री) एवं योगी आदित्यनाथ (मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश)
- अभियान का विषय- "हमारी आंगनवाड़ी हमारी जिम्मेदारी"
- पोषण माह 2026 के सहायक विषय- पोषण माह 2026 के 5 परस्पर सहायक विषय है-
  1. आहार विविधता और पर्याप्त प्रोटीन।
  2. आंगनवाड़ी केंद्रों पर ताजा गर्म पका हुआ भोजन।
  3. सामुदायिक स्वामित्व और जवाबदेही।
  4. पोषण, प्रारंभिक प्रोत्साहन और बाल विकास के लिए शिक्षा।
  5. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 10 वर्ष।

एयरो इंडिया-

- संस्करण- 16वां
- आयोजन तिथि- 8 से 12 फरवरी, 2027
- आयोजन स्थल- येलाहांका वायु सेना स्टेशन, बेंगलुरु
- आयोजक- रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय
- उद्देश्य-

- देश की एयरोस्पेस, रक्षा विनिर्माण, उभरती प्रौद्योगिकियों और नवाचार में बढ़ती क्षमता को प्रदर्शित करना।
- व्यापारिक संबंधों, प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और रणनीतिक संवाद के अवसर प्रदान करना।

ग्लोबल ड्राईलैंड कांग्रेस 2026-

- आयोजन तिथि- 10 से 12 सितंबर, 2026
- आयोजन स्थल- राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, नई दिल्ली
- विषय- 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग से ड्राईलैंड खेती में बदलाव लाना'
- आयोजक-
  - भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)
  - अंतर्राष्ट्रीय अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआईसैट)
- उद्देश्य- दक्षिण-दक्षिण सहयोग से ड्राईलैंड (शुष्क भूमि) खेती में बदलाव लाना।

वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम (डब्ल्यूसीईएफ) 2026-

- आयोजन तिथि- 15 से 18 सितंबर, 2026
- आयोजन स्थल- गांधीनगर (गुजरात)
- अध्यक्षता- भूपेंद्र यादव (केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री) और भूपेंद्रभाई पटेल (गुजरात के मुख्यमंत्री)
- विषय- 'सर्कुलर इकोनॉमी: लोगों और समृद्धि के लिए बदलाव'
- उद्देश्य- सर्कुलैरिटी को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बेहतर बनाने के लिए भारत की पहलों को दिखाना।

सेमीकॉन इंडिया 2026-

- संस्करण- 5वां संस्करण
- आयोजन तिथि- 17 से 19 सितंबर 2026
- आयोजन स्थल- यशोभूमि, नई दिल्ली
- विषय- 'सिलिकॉन से सिस्टम तक: परितंत्र का निर्माण'
- उद्घाटनकर्ता- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
- इसमें 6 देशों (जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, नीदरलैंड, सिंगापुर और स्वीडन) के मंडप, 12 भारतीय राज्यों के मंडप, एक स्टार्टअप पवेलियन और एक कार्यबल विकास क्षेत्र शामिल रहा।

ग्लोबल फिनटेक फेस्ट-2026-

- संस्करण- 7वें
- आयोजन तिथि- 8 से 11 सितंबर, 2026
- आयोजन स्थल- जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, मुंबई
- उद्घाटनकर्ता- नरेंद्र मोदी (प्रधानमंत्री)
- विषय- "प्रभाव की क्षमता: एजेंटिक AI।टोकनीकरण।क्वांटम- समावेशी वित्त के लिये विश्वसनीय, परस्पर संबद्ध और वैश्विक प्रणालियाँ"।
- आयोजक- पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया, नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल
- यह वित्तीय प्रौद्योगिकी और डिजिटल वित्त क्षेत्र का दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक सम्मेलन है।

नैनोमेडिसिन पर विश्व कांग्रेस 2026-

- आयोजन तिथि- 27 से 29 सितम्बर, 2026
- आयोजन स्थल- विज्ञान भवन, नई दिल्ली
- उद्घाटन- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह

- आयोजक- इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो मेडिकल साइंसेज (आईएनएमएस), चिकित्सा विज्ञान संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय
- अध्यक्षता- प्रो. रोजर डी. कॉर्नबर्ग (अध्यक्ष)
- उद्देश्य- नैनोमेडिसिन के क्षेत्र में उभरती प्रगति और इसके अनुप्रयोगों पर चर्चा करना, ज्ञान का आदान-प्रदान करना, सहयोग विकसित करना और भविष्य की स्वास्थ्य सेवा हेतु नैनोमेडिसिन के अवसरों को तलाशना।

सतत विकास लक्ष्यों के बजट पर राष्ट्रीय कार्यशाला-

- आयोजन तिथि- 29 सितंबर 2026
- आयोजन स्थल- कोलकाता, पश्चिम बंगाल
- आयोजक- नीति आयोग, पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से तथा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के तकनीकी सहयोग से।
- प्रतिभागी- 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि और अन्य संस्थान।
- उद्देश्य- सतत विकास लक्ष्यों के साथ योजना और बजट प्रक्रियाओं के संरेखण को सुदृढ़ करना, जिसमें एसडीजी बजट टैगिंग को संस्थागत रूप देने और वित्तीय प्रतिबद्धताओं को उप-राष्ट्रीय स्तर पर मापने योग्य विकास परिणामों में परिवर्तित करना शामिल है।

विंडरजी इंडिया-2026-

- संस्करण- 8वां संस्करण
- आयोजन तिथि- 7 से 9 अक्टूबर, 2026
- आयोजन स्थल- चेन्नई ट्रेड सेंटर, चेन्नई
- आयोजक-
  - इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन
  - पीडीए वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
    - नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और विद्त मंत्रालय के सहयोग से।
- उद्घाटन- श्री प्रल्हाद जोशी (केंद्रीय मंत्री) द्वारा 8 अक्टूबर, 2026 को
- उद्देश्य- पवन ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं को बढ़ाना।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026-

- संस्करण- 10वां संस्करण
- आयोजन तिथि- 7 से 10 अक्टूबर, 2026
- नोट- उद्घाटन- 8 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा
- आयोजन स्थल- यशोभूमि, नई दिल्ली
- विषय- "सीमाओं से परे विस्तार"
- आयोजक- दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित
- उद्देश्य-
  - डिजिटल नवाचार, अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी और प्रौद्योगिकी-आधारित विकास को बढ़ावा देना।
  - डिजिटल इकोसिस्टम में उभरते अवसरों का पता लगाना।

अंतरराष्ट्रीय भारत 6जी संगोष्ठी 2026-

- संगोष्ठी- तीसरी संगोष्ठी
- आयोजन तिथि- 7 से 9 अक्टूबर, 2026
- आयोजन स्थल- यशोभूमि, द्वारका, नई दिल्ली

- आयोजक- भारत 6जी एलायंस (बी6जीए)
- उद्घाटन- श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया (केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री)
- उद्देश्य- अगली पीढ़ी की संचार प्रौद्योगिकियों और भारत की 6जी महत्वाकांक्षाओं के विकास की दिशा में सहयोग को आगे बढ़ाना।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों का सम्मेलन-

- संस्करण- चौथा
- आयोजन तिथि- 9-10 अक्टूबर, 2026
- आयोजन स्थल- पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- आयोजक- पीयू–आईआईटी रोपड़ रीजनल एक्सेलरेटर फॉर होलिस्टिक इनोवेशंस फाउंडेशन
- अध्यक्षता- प्रो. अजय कुमार सूद (भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार)
- उद्देश्य-
  - इसे सम्मेलन को "राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी त्वरक" के रूप में विकसित करना।
  - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों के बीच परस्पर सहयोग को सुदृढ़ करना।
  - हितधारकों की भागीदारी बढ़ाना, क्षेत्रीय, औद्योगिक और सामाजिक चुनौतियों का समाधान करना।

राष्ट्रीय सरस मेला 2026-

- आयोजन तिथि- 13 से 31 अक्टूबर, 2026
- आयोजन स्थल- पुन्नमी घाट, विजयवाड़ा
- आयोजक- ग्रामीण विकास मंत्रालय, आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से
- मंत्रालय- ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार
- उद्घाटन 15 अक्टूबर, 2026 को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा
- उद्देश्य-
  - ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन, बिक्री और विपणन के अवसर उपलब्ध कराना।
  - महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की आय बढ़ाना

आयुटेक नवोन्मेष-2026-

- आयोजन तिथि- 15-16 अक्टूबर, 2026।
- आयोजन स्थल- आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए), जामनगर।
- आयोजक- आयुष मंत्रालय के अंतर्गत आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए), जामनगर।
- अध्यक्षता- डॉ. तनुजा नेसारी
- विषय – 'आयुर्वेद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग'
- उद्देश्य- आयुर्वेद के विद्वानों, शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और तकनीकी विशेषज्ञों को साझा मंच उपलब्ध कराना।

ई-गवर्नेंस सुधारों पर राष्ट्रीय सम्मेलन-

- आयोजन तिथि- 16-17 अक्टूबर 2026
- आयोजन स्थल- धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश
- आयोजन- प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (केंद्र सरकार) द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के सहयोग से।
- उद्देश्य- सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार तथा प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करना।

एग्रीवोल्टाइक वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस-

- संस्करण- 7वाँ
- आयोजन तिथि- 21 से 23 अक्टूबर, 2026
- आयोजन स्थल- भारत मंडपम, नई दिल्ली
- अध्यक्षता- शिवराज सिंह चौहान (केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री)
- उद्देश्य- एक ही कृषि भूमि पर सौर ऊर्जा उत्पादन और फसल उत्पादन को बढ़ावा देना।

काशी तमिल संगमम-

- सुर्ख़ियों में- हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने पांचवें काशी तमिल संगमम के लिए पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ किया।
- संस्करण- पांचवां
- आयोजन तिथि- 28 नवंबर से 12 दिसंबर, 2026
- आयोजन स्थल- काशी (वाराणसी), उत्तर प्रदेश तथा तमिलनाडु
- उद्देश्य- तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों का उत्सव मनाना, उन्हें पुनः स्थापित करना और मजबूत करना।

मत्स्य निवेशक एवं निर्यातक कॉन्क्लेव 2026-

- आयोजन तिथि- 23 अक्टूबर 2026
- आयोजन स्थल- भोपाल, मध्य प्रदेश
- आयोजक- मध्य प्रदेश सरकार का मत्स्य विभाग एवं मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय का मत्स्य पालन विभाग
- उद्देश्य- अंतर्देशीय मत्स्य उत्पादन को निवेश, प्रसंस्करण, शीत श्रृंखला अवसंरचना, मूल्यवर्धन तथा निर्यात बाजारों से जोड़ना।

अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2026-

- संस्करण- 19वाँ संस्करण।
- आयोजन तिथि- 23-24 अक्टूबर 2026
- आयोजन स्थल- भुवनेश्वर, ओडिशा
- आयोजक- आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन ट्रांसपोर्ट (इंडिया) के माध्यम से, ओडिशा सरकार के सहयोग से।
- विषय – 'डिजिटल युग में शहरी सुगमता और रहने योग्यता'
- उद्देश्य- डिजिटल तकनीकों के माध्यम से शहरी सुगमता, एकीकृत परिवहन अवसंरचना और शहरी जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना।

हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद 2026-

- यह नौसेना का वार्षिक उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक संवाद है।
- आयोजन तिथि- 3 से 5 नवंबर, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- आयोजक- भारतीय नौसेना; नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन के सहयोग से
- विषय- 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शैक्षणिक सहयोग'
- उद्देश्य- हिंद-प्रशांत महासागर पहल के व्यापक सहयोगात्मक ढांचे को ठोस और व्यावहारिक पहलों में बदलना।

बिम्सटेक गृह मंत्रियों की बैठक-

- बैठक- पहली
- आयोजन तिथि- 13 अक्टूबर, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- आयोजक- भारत सरकार
- अध्यक्षता- केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह
- उद्देश्य- आतंकवाद और सीमा-पार संगठित अपराधों से निपटना।
  मादक पदार्थों और मानव तस्करी पर रोक।

अंतर-संसदीय संघ की सभा-

- संस्करण/सभा- 153वीं सभा
- आयोजन तिथि- 5-9 अक्टूबर, 2026
- आयोजन स्थल- तंजानिया
- आयोजक- अंतर-संसदीय संघ द्वारा
- विषय- समावेशिता, विश्वास और सभी के लिए अवसरों के माध्यम से सुशासन को बढ़ावा देना और समुदायों को सशक्त बनाना।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

रक्षा प्रौद्योगिकी

भारत की पहली एकीकृत निजी उपग्रह निर्माण सुविधा

- गुजरात के सानंद जिले के खोराज में भारत की पहली एकीकृत निजी उपग्रह निर्माण सुविधा की आधारशिला रखी गई।
- यह परियोजना अज़ीस्ता स्पेस द्वारा विकसित की जा रही है। इस सुविधा में एक इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल पेलोड फैक्ट्री शामिल होगी।
- इस संयंत्र का नाम "पालमनारो" रखा गया है और यह स्वदेशी उपग्रह निर्माण पर केंद्रित होगा।

स्ट्रेला-10 मिसाइल का सफल परीक्षण

- भारतीय सेना की कोणार्क कोर के अंतर्गत "ब्लेज़िंग स्काईज़ ब्रिगेड" ने राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में स्ट्रेला-10 मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- इस मिसाइल ने सिमुलेटेड दुश्मन हवाई लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट किया।
- मारक क्षमता- लगभग 6–10 किमी
- यह कम ऊँचाई पर उड़ने वाले विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन जैसे लक्ष्यों को निशाना बना सकती है।

'AVATAAR':भारत का पहला उभयचर निगरानी ड्रोन

- डीप-टेक स्टार्टअप, AquaAirX ऑटोनॉमस सिस्टम्स नेभारत का पहला उभयचर (Amphibious) निगरानी ड्रोन 'AVATAAR' लॉन्च किया।
- AVATAAR- Amphibious Vehicle for Autonomous Tactical Aerial & Aquatic Reconnaissance
- यह समुद्री निगरानी, खुफिया जानकारी और टोही मिशनों में उपयोगी है।

मालवन युद्धपोत-

- भारतीय नौसेना को सुपुर्द- 31 मार्च, 2026
- निर्मित- कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, कोच्चि द्वारा
- यह युद्धपोत 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री से तैयार किया गया है।
- यह युद्धपोत लगभग 80 मीटर लंबा और 1,100 टन भार वाला है।
- यह टॉरपीडो, बहु-कार्यकारी पनडुब्बी-रोधी रॉकेट तथा अत्याधुनिक सेंसरों से लैस है।

संघमित्रा, यार्ड 3039 का प्रक्षेपण-

- हाल ही में कोलकाता स्थित मेसर्स जीआरएसई में अत्याधुनिक अपतटीय गश्ती पोत (एनजीओपीवी) यार्ड 3039 (संघमित्रा) का 20 मई, 2026 को प्रक्षेपण किया गया है।
- यह स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित जहाज है।
- यह निगरानी एवं रक्षा, खोज एवं बचाव, अपतटीय संपत्तियों की सुरक्षा, मानवीय सहायता और आपदा प्रतिक्रिया जैसे बहु-क्षेत्रीय अभियानों के लिए मौजूदा क्षमता को बढ़ायेंगा।

वज्रनेत्र ड्रोन-

- हाल ही में आइआइटी-जम्मू ने मेक इन इंडिया पहल के तहत वज्रनेत्र नामक ड्रोन तैयार किया है।
- इस ड्रोन का वर्तमान में भारतीय सेना द्वारा परीक्षण किया जा रहा है।
- यह ड्रोन 100 फीट की ऊंचाई से 3KM तक की निगरानी करने में सक्षम है।
- इसमें दुश्मन के राडार और जेमर्स को चकमा देने की क्षमता भी है।

सरमत मिसाइल-

- यह रूस की इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है जिसका हाल ही में सफल परीक्षण किया।
- इसकी मारक क्षमता 35,000 किमी से अधिक है।
- यह मिसाइल आधुनिक रक्षा प्रणालियों को भेदने में सक्षम है।
- पश्चिमी देशों में इस मिसाइल को 'सैटर्न I' नाम से भी जाना जाता है।

नेत्र-विमानस्थ प्रारंभिक चेतावनी एवं नियंत्रण प्रणाली

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने स्वदेशी नेत्र-विमानस्थ प्रारंभिक चेतावनी एवं नियंत्रण प्रणाली का अंतिम परिचालन स्वीकृति (एफओसी) प्रमाणपत्र भारतीय वायुसेना को औपचारिक रूप से सौंप दिया है।
- यह प्रणाली डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना और भारतीय रक्षा उद्योग जगत के त्रिपक्षीय सहयोग से विकसित की गई है।
- इसका उद्देश्य हवाई निगरानी, स्थिति संबंधी जागरूकता और युद्ध प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करना है।
- नेत्र-
  - यह भारत का पहला स्वदेशी तौर पर विकसित विमानस्थ प्रारंभिक चेतावनी एवं नियंत्रण प्रणाली है।
  - इसे एम्ब्रेयर विमान के प्लेटफॉर्म पर एकीकृत किया गया है।
  - इसमें 240-डिग्री कवरेज वाला एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैंड एरे रडार लगा है।

दिव्यास्त्र MK-1 का सफल परीक्षण-

- हाल ही में भारतीय सेना ने जोधपुर में स्वदेशी टैक्टिकल लोइटरिंग म्यूनिशन 'दिव्यास्त्र MK-1' का सफल परीक्षण किया।
- प्रमुख विशेषता-
  - निर्माता- Hoverit (डिफेंस स्टार्टअप) द्वारा
  - उड़ान क्षमता- 5 घंटे
  - पेलोड क्षमता- 15 किलोग्राम
  - ऑपरेशनल रेंज- 500 किलोमीटर
  - गति- 300 से 400 किलोमीटर प्रति घंटे
  - कम लागत और AI आधारित स्वार्म अटैक क्षमता से युक्त।

रुद्र एम-II वायु-से-सतह मिसाइल

- हाल ही में डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना ने चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में स्वदेशी रुद्र एम-II मिसाइल का का सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से सफल उड़ान परीक्षण किया गया।
- RudraM-II मिसाइल-
  - यह स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइल है।
  - यह वायु-से-सतह पर मार करती है।
  - RudraM मिसाइल के तीन संस्करण है-
    1. RudraM-I
    2. RudraM-II
    3. RudraM-III
  - विकास- इमारत अनुसंधान केंद्र, हैदराबाद

X-59 विमान

- यह नासा और लॉकहीड मार्टिन द्वारा विकसित सुपरसोनिक विमान है। इस विमान की गति लगभग 1,489-1,510 किमी/घंटा है। यह विमान उड़ान के दौरान उत्पन्न होने वाले सोनिक बूम को सोनिक थंप में बदल देता है।

आईएनएस-महेंद्रगिरि-

- भारतीय नौसेना ने 11 जुलाई, 2026 को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में स्वदेशी रूप से निर्मित उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'आईएनएस महेन्द्रगिरि' को अपने पूर्वी बेड़े में शामिल किया।
- डिजाइन- वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा
- निर्माण- मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई द्वारा
- नामकरण- पूर्वी घाट की 'महेंद्रगिरि' पर्वत श्रृंखला के नाम पर।
- निर्माण सामग्री- 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग
- विस्थापन- लगभग 6,670 टन
- गति- 28 समुद्री मील प्रति घंटे

मिसाइल 'कुशा' का पहला सफल उड़ान परीक्षण-

- 23 जुलाई 2026 को डीआरडीओ ने ओडिशा तट के पास एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल 'कुशा' का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया।
- इसका विकास डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं और उद्योग साझेदारों द्वारा किया गया है।
- 'कुशा' मिसाइल प्रणाली लड़ाकू विमानों, मिसाइलों, मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) और बड़े दुश्मन विमानों सहित विभिन्न प्रकार के हवाई खतरों को व्यापक दूरी और ऊंचाई के दायरे में निष्क्रिय करने में सक्षम है।

सॉल्व-

- 3 जुलाई, 2026 को इसरो ने श्रीहरिकोटा से सॉल्व (सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल फॉर एक्सपेरिमेंट्स) के सॉलिड मोटर का पहला सफल जमीनी परीक्षण किया।
- यह मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित धरती पर वापस लाने में उपयोगी होगा।
- सॉल्व-
  - सॉल्व इसरो द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया नया टेस्ट रॉकेट है।
  - इसका काम गगनयान के 'क्रू मॉड्यूल' को हवा में ले जाकर उसके पैराशूट सिस्टम का परीक्षण करना है।
  - रॉकेट क्रू मॉड्यूल को 10 से 17 किलोमीटर की ऊँचाई तक ले जाएगा। वहाँ से मॉड्यूल अलग होगा और समुद्र में लैंड करने से पहले उसकी गति को धीमा करने के लिए कुल 10 पैराशूट तैनात किए जाएंगे।

यार्ड 3037 'श्रुति' जलावतरित-

- 11 अगस्त 2026 को भारतीय नौसेना के अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत यार्ड-3037 'श्रुति' को को गार्डेन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता में जलावतरित किया गया।
- निर्माण- गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL), गोवा तथा GRSE, कोलकाता
- नामकरण- 'श्रुति' नाम चारों वेदों का प्रतीक है।
- यह पोत समुद्री निगरानी, खोज व बचाव, अपतटीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत और एंटी-पायरेसी (समुद्री डकैती रोधी) अभियानों में नौसेना की क्षमता बढ़ाएगा।

एमक्यू-9बी सी गार्डियन ड्रोन-

